

# आदिवासी एक्सप्रेस

आमजन का एक मात्र हिंदी दैनिक अखबार

रांची, बुधवार
04 जून 2025
वर्ष: 38, अंक: 179
पृष्ठ: 12, मूल्य: 3रु
RNI NO.: 49065/1989
DAVP CODE: 130961



देश

राहुल गांधी का प्रधानमंत्री पर तंज, बोले- ट्रंप के फोन पर नरेंद्र हुए सरेंडर

झारखंड



अगला अध्यक्ष कौनः रघुवर दास- अर्जुन मुंडा या किसी और नाम पर बनेगी सहमति

हज़ारीबाग



उपायुक्त को जनता दरबार में लगभग एक दर्जन फरियादियों ने किया आवेदन


## छत्तीसगढ़ के कुछ लोग झारखंड में हॉस्पिटल खोल गरीबों का खून चूस रहेः इरफान

**राजनीतिक संवाददाता द्वारा**

**रांचीः** स्वास्थ मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के कुछ लोग झारखंड में हॉस्पिटल खोलकर गरीबों का खून चूस रहे हैं. इनका दो रूम का हॉस्पिटल ठीक वैसा ही होता है, जैसा जगह-जगह बैंक का एटीएम होता है. स्वास्थ मंत्री मंगलवार को रांची के होटल रेटिसन ब्लू में एसोसिएशन हेल्थकेयर प्रोवाइडर ऑफ इंडिया (AHPI) की कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे. कार्यशाला का आयोजन राज्य के सभी प्राइवेट हॉस्पिटलों की ओर से किया गया था. मंत्री ने कहा कि कुछ अच्छे हॉस्पिटल हैं, जो प्राइवेट क्षेत्र में बेहतर काम कर रहे हैं. सरकार वैसे हॉस्पिटलों को सम्मानित करेगी और उन्हें आगे बढ़ाएगी.




उन्होंने कहा कि झारखंड में अस्पताल में बेडो की संख्या कम है. सरकार बेड बढ़ाने की दिशा में सीरियसली काम कर रही है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में रिम्स 2 का निर्माण जल्द शुरू कराने का वादा किया है. स्वास्थ्य के मामले में बिहार से झारखंड की स्थिति ठीक है. प्राइवेट हॉस्पिटल को बढ़ाने के लिए सरकार ने कई काम किए हैं. विपक्ष पर निशाना साधते हुए मंत्री ने कहा कि कुछ लोग स्वास्थ क्षेत्र में भी राजनीति कर रहे हैं. उनकी राजनीति नहीं चलने दी जाएगी. राज्य साकार स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है.

जहाँ राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफ़ान अंसारी ने लंबे समय से इंतज़ार कर रहे डॉक्टरों को खुशखबरी दी है. इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी कारण से आयुष्मान भारत योजना का पेमेंट नहीं हो पा रहा था, लेकिन कल से स्मूथली सभी हॉस्पिटलो को पैमेंट मिलना शुरू हो जायेगा. वही इस बीच उन्होंने आगे कहा कि राज्य के 212 हॉस्पिटल में श्रष्ठ की जाँच चल रही है, और जाँच के बाद ही इन सभी अस्पतालों का भुगतान क्लियर होगा. वहीं उन्होंने ये भी बाते है कि यदि बिलह्न होने में देरी होती है तो मैं खुद दिल्ली जा कर श्रष्ठ से बात कर पेमेंट कराने की कोशिश करूँगा.

इधर इस बीच डॉक्टरों ने भी खुशी ज़ाहिर की है, और कहा है कि जिसका इंतज़ार था वो अब खत्म हो गया है. साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से यह भी अपील की है कि जो बचे 212 हॉस्पिटल है उनका भी बिल जल्द से जल्द पूरा कर दिया जाए.

बता दें की झारखंड में आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज तो रहा था लेकिन अस्पतालों को उस इलाज का भुगतान नहीं किया जा रहा था. इससे निजी अस्पताल के डॉक्टरस और संचालकों को आयुष्मान योजना के तहत मरीजों का इलाज करने में दिक्कत आ रही थी.

. जामताड़ा में जल्द ही मेडिकल कॉलेज बनेगा. उन्होंने प्राइवेट हॉस्पिटल एसोसिएशन से कहा कि जिलों में नर्सिंग कॉलेज खोलें, सरकार पूरा सहयोग करेगी और एक महीने के अंदर एनओसी देगी. इस दौरान उन्होंने बोकारो के दो हॉस्पिटल पर कार्रवाई करने की भी बात कही. समारोह में स्वास्थ सचिव अजय सिंह, हेल्थ मिशन के डायरेक्टर अबू इमरान, डॉ गिरधर ज्ञानी, सैयद अहमद अंसारी आदि मौजूद थे.

## सीएम हेमंत सोरेन से मिले नौ आईपीएस अफसर



**बिशेष प्रतिनिधि द्वारा**

**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में कई आईपीएस अधिकारियों ने मुलाकात किया. यह मुलाकात ऐसे समय में हो रही है, जब राज्य सरकार ने बीते दिनों (2 जून से पहले) कुल 45 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया था और तीन अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा था.

इन व्यापक फेरबदल के बाद अधिकारियों का मुख्यमंत्री से मिलना सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा माना जा रहा है, जिसमें नई जिम्मेदारियों और आगामी योजनाओं पर चर्चा संभावित है. इससे पहले दो जून को भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवासीय कार्यालय में कई आईपीएस अधिकारियों ने मुलाकात की थी.

## सरायकेला में बड़ी कार्रवाई, 10 हजार रिश्वत लेते बड़ा बाबू अरेस्ट



**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**सरायकेला-खरसावां-** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने सोमवार को करप्शन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में एसीबी की टीम ने ग्रामीण विकास विभाग प्रमंडल के बड़ा बाबू को 10 हजार रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार बड़ा बाबू का नाम खेत्र मोहन महतो है. गिरफ्तारी के बाद एसीबी के अफसर आरोपी से पूछताछ कर रहे हैं.

जमशेदपुर एसीबी की टीम ने आज सरायकेला खरसावां जिले में कार्रवाई की है. एसीबी के डीएसपी इंद्रदेव राम ने बताया कि बड़ा बाबू द्वारा उनके विभाग में अनुकंपा पर नौकरी कर रहे राहुल कुमार नामक कर्मी ने उनके पिता के ग्रुप बीमा का पैसा निकलवाने के एवज में रिश्वत की मांग की जा रही थी. राहुल कुमार रिश्वत नहीं देना चाहते.

## गोड्डा में अपराधियों ने कांग्रेस नेता की गोली मारकर हत्या की, पुलिस मामले की जांच में जुटी



**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**गोड्डाः** जिला के पोड़ैयाहाट प्रखंड में कांग्रेस के पंचायत अध्यक्ष की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या दी. अज्ञात अपराधियों ने सोमवार को महेंद्र टुडू जो पूर्व मुखिया और सीएसपी संचालक भी थे उनको गोली मारी थी. इसके बाद उन्हें गंभीर हालत में स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया. प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें देवघर और फिर हालत में सुधार न होने पर दुर्गापुर रेफर कर दिया गया, जहां उनकी मौत हो गयी.

**लूटपाट की मनसा से आए थे अपराधी :** मामला पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के पास का है, जहां महेंद्र टुडू अपने घर के पास थे. मरने से पहले उनके दिए बयान के अनुसार चार की संख्या में अपराधी आये थे संभवतः उनकी लूटपाट की मनसा थी.

**गोली मारकर अपराधी हुए फरार :** घटना उस वक्त घटी जब पोड़ैयाहाट प्रखंड क्षेत्र के ठाकुर नाहन पंचायत के पूर्व मुखिया महेंद्र टुडू अपने कार्य को लेकर तिलाटाड़ गए थे, तभी अज्ञात अपराधियों ने पूर्व मुखिया पर गोली चला दी. वहीं गोली लगने से पूर्व मुखिया गंभीर रूप से घायल हो गए.

## बोकारो स्टील प्लांट में बड़ा हादसा, गर्म लोहे की भाप में झुलसे पांच मजदूर

**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**बोकारोः** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (SAIL) के बोकारो स्टील प्लांट में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक भयानक हादसे ने सबका ध्यान खींच लिया। पांच मजदूरों को गर्म धातु के रिसाव से उपजी भाप ने झुलसा दिया। लेकिन, इस कहानी में डर के साथ-साथ राहत और हौसले की रोशनी भी है। आइए, इस घटना को और करीब से, रोचक अंदाज में जानते हैं। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (SAIL) के बोकारो स्टील प्लांट में मंगलवार को बड़ा हादसा हुआ है। प्लांट में गर्म धातु का रिसाव होने से पांच मजबूर बुरी तरह झुलस गए। हादसा प्लांट के स्टील मेल्टिंग शॉप-2 (SMS-2) पर हुआ, जहां लोहे को पिघलाकर स्टील बनाया जाता है। पिघली हुए लोहे को संभालने वाला लैडल अचानक फेल हो गया। इसकी वजह से गर्म लोहे का रिसाव होने लगा। गर्म पिघला लोहा किसी



ज्वालामुखी के लावे जैसा भयावह था।

कैसे हुआ हादसा?ः हादसे को काबू में करने की कोशिश में, कर्मचारियों ने तुरंत पानी का छिड़काव शुरू किया। यह एक सामान्य प्रक्रिया है, जिससे गर्म धातु को ठंडा किया जाता है। लेकिन इस बार, पानी और गर्म लोहे के मिलन ने एक विशाल भाप का बादल पैदा कर दिया। यह भाप इतनी घनी थी कि पांच मजदूर इसके चपेट में आ गए और झुलस गए।

**मजदूरों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया :** हादसे के बाद घायल मजदूरों को तुरंत बोकारो जनरल हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों की टीम ने बिना देर किए इलाज शुरू किया। फिलहाल सभी पांच मजदूरों की हालत स्थिर है। राहत की बात यह कि सभी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

क्या थी हादसे की वजह?ः SAIL के प्रवक्ता ने बताया कि इस हादसे की तह तक जाने के लिए एक आंतरिक जांच शुरू कर दी गई है। क्या लैडल की मशीनरी में कोई खराबी थी? या फिर कोई मानवीय चूक हुई? जांच कमेटी हर कोने को खंगाल रही है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके। हादसे के बावजूद बोकारो स्टील प्लांट का कामकाज रुका नहीं। प्रवक्ता ने साफ किया कि प्लांट की गाड़ी अपनी रफ्तार से चल रही है

इस मामले को लेकर बोकारो के सीटी डीएसपी आलोक रंजन ने कहा कि यह इंडस्ट्रियल मामला है. लॉ एंड ऑर्डर से जुड़ा हुआ मामला नहीं है. इसलिए इसमें औपचारिक रूप से हम कुछ नहीं कर सकते हैं. लेकिन घटना हुई है इन लोगों का इलाज बोकारो जनरल अस्पताल में चल रहा है. हम लोग नजर बनाए हुए हैं, अगर कोई कानून व्यवस्था का मामला होगा तो पुलिस जरूर इस पर निगरानी रखेगी.

## रांची में पुलिसकर्मियों पर हमला, थाना प्रभारी समेत पुलिस जवान घायल

**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**रांचीः** लापुंग थाना क्षेत्र में जमीन विवाद के मामले को लेकर चल रही ग्रामसभा में लापुंग थाना के पुलिसकर्मियों पर हमला किया गया है. इस हमले में लापुंग थाना प्रभारी समेत दो पुलिसवाले घायल हुए हैं. लापुंग थाना प्रभारी के सिर में चोट लगी है. उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची लाया गया है.

**जमीन विवाद को लेकर चल रही थी ग्राम सभाः** ांची के बेड़ो डीएसपी अशोक राम ने बताया कि लापुंग में जमीन के विवाद को लेकर चल रहे ग्रामसभा में कुछ असामाजिक तत्वों के मौजूद रहने की सूचना पर लापुंग थाना प्रभारी संतोष यादव ग्रामसभा में पहुचे थे.

इसी दौरान पुलिस की टीम पर हमला किया गया. इस हमले में लापुंग थाना प्रभारी को हेड इंजरी हुई है, जबकि एक अन्य जवान घायल हुआ है. घायल थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव का लापुंग में ही प्रारंभिक इलाज करवा कर उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची भेज दिया गया है.



**पुलिस बल तैनात :** लापुंग में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त बल की तैनाती की गई है. रूरल एसपी सहित कई थाना प्रभारी मौके पर कैंप कर रहे हैं. पुलिस को आशंका है कि ग्रामीणों को कुछ बाहर से आए लोग भड़का रहे हैं.

बेड़ो थाने पर भी हुआ था हमला ःइसी सप्ताह रांची के बेड़ो थाने पर भी हमला किया गया था. इस मामले की जांच में बाहरी लोगों का ही हाथ सामने आया था. मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ से लोग भी बेड़ो पहुंचे थे. उन्होंने ग्रामीणों को उकसा कर थाना में हमला कराने की घटना को अंजाम दिया था. आशंका जताई जा रही है कि बेड़ो की घटना में शामिल लोग ही लापुंग में भी.

## लातेहार में नक्सली की पत्नी की गोली मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**लातेहारः** एक महिला की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई. घटना सदर थाना क्षेत्र के परसही गांव की है. महिला जेजेएमपी के कमांडर सत्येंद्र उरांव की पत्नी बताई जा रही है. महिला की हत्या किसने और क्यों की? इसकी पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है. पुलिस मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पूरे मामले की छानबीन कर रही है.

**खेत में पड़ा मिला महिला का शव :** दरअसल सुलेखा देवी का विवाह सदर थाना क्षेत्र के गौरीखाड़ रिचुघुटा में सत्येंद्र उरांव से हुआ था. वह लगभग एक माह पहले परसही गांव स्थित अपने मायके वैवाहिक समारोह में आई थी. इसी दौरान मंगलवार सुबह घर से लगभग 200 मीटर की दूरी पर एक सुनसान खेत में सुलेखा देवी का शव बरामद हुआ. सुलेखा देवी के सीने में गोली मारी गई थी.

**हत्या से गांव में हड़कंप :** घटनास्थल से एक चटाई के साथ खाने पीने के कुछ वस्तुएं भी बरामद हुई हैं. मंगलवार को स्थानीय लोगों ने जब महिला के शव को खेत में पड़ा देखा तो हड़कंप मच गया. इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई. सूचना मिलने के बाद



डीएसपी अरविंद कुमार के निर्देश पर पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया.

**ससुराल आना नहीं चाह रही थी महिला :** घटना के संबंध में महिला के ससुर तेतरा उरांव ने बताया कि लगभग एक माह पहले सुलेखा देवी एक वैवाहिक कार्यक्रम में अपने मायके गई थी. उसके बच्चे साथ में नहीं गए थे. उन्होंने बताया कि बच्चों ने सोमवार की रात में अपनी मां से मोबाइल पर बातचीत भी की और घर आने के लिए बोला लेकिन वह घर आने को तैयार नहीं हुई और कहा कि जब तक बच्चों का नामांकन दूसरे स्कूल में नहीं हो जाता, तब तक वापस घर नहीं लौटेगी.

ससुर ने बताया कि मंगलवार की सुबह सुलेखा के भाई ने उन्हें फोन कर बताया कि सुलेखा की हत्या हो गई है. उन्होंने बताया कि किसी को भी यह जानकारी नहीं हो पा रही है कि आखिर वह घर से बाहर कब निकली और खेत में कैसे पहुंची? महिला के ससुर ने बताया कि उनसे ना तो सुलेखा बात करती थी और ना ही उनका बेटा सत्येंद्र ही उनसे बातचीत करता था.

पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है. महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है. मामले की हर पहलू को ध्यान में रखकर छानबीन की जा रही हैः अरविंद कुमार, डीएसपी

## 13 दिन बाद मिले तीनों मजदूरों के शव, 130 फीट अंदर दबा हुआ था डेडबॉडी

**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**हजारीबागः** जिले के केरेडारी प्रखंड स्थित कंडाबेर गांव में संचालित अवैध कोयला खदान में फंसे तीन मजदूरों का शव 13 दिनों के बाद माइंस से सोमवार देर रात निकाल लिया गया. यह रेस्क्यू ऑपरेशन प्रशासन की ओर से नहीं बल्कि स्थानीय ग्रामीणों की पहल और एकजुटता का परिणाम है. हादसे के बाद तीन से चार दिनों तक एनडीआरएफ की टीम द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया था, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी. इसके बाद ग्रामीणों ने मोर्चा संभालते हुए लगातार 13 दिनों तक खोजबीन जारी रखी.

**130 फीट गहरी खदान में फंसे थे मजदूर :** जानकारी के मुताबिक लगभग 130 फीट नीचे गहराई में फंसे मजदूरों के शव को ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद देर शाम बाद बाहर निकाला. तीनों मृतक मजदूर में प्रमोद साव, उमेश कुमार सिंह और नौशाद आलम शामिल है. घटना के बाद से ही गांव में शोक का माहौल था. केरेडारी थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए तीनों शव को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल भेज दिया है.

**स्थानीय लोगों ने दिया हिम्मत का परिचय :** इस मामले पर स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन ने शुरुआती दिनों तक रेस्क्यू किया और फिर इसे अधूरा छोड़कर भाग गए. ऐसे में ग्रामीणों ने अपने स्तर पर प्रयास कर तीनों शव बाहर निकालकर मानवता और हिम्मत की मिसाल पेश की है. मृतक के परिजनों ने नौकरी और मुआवजा की मांग की है.



**बारिश से बाधित हुआ रेस्क्यू का कामः** पीड़ित परिवार के लोगों ने बताया कि एनटीपीसी और निजी कंपनी की मदद से शव निकाला जा सका है. ग्रामीण पिछले 13 दिनों से माइंस के अंदर प्रवेश कर रहे थे. अंदर मलबा और पानी भरे होने के कारण शव निकाला नहीं जा सका. कंपनी की मदद से पानी निकालने का काम चल रहा था तभी दो दिन बारिश हो गई और फिर से माइंस में पानी भर गया. हालांकि इस बीच देर रात तीनों शवों को निकाल लिया गया.

खदान सूखते ही गांव के कुछ लोग खोजबीन के लिए खदान में घुसे. जहां तीनों के शव मिट्टी में दबे नजर आए और सोमवार देर रात तीनों के शव बाहर निकाले गए. बचाव अभियान के लिए एनडीआरएफ की टीम भी आई, लेकिन खदान में पानी भरा होने के कारण रेस्क्यू काम पूरा नहीं हो सका. ग्रामीणों और एनटीपीसी की मदद से शवों को बाहर निकाल लिया गया है.- रामरतन बरनवाल, केरेडारी अंचलाधिकारी

## और मां की मन्नतें रह गई अधूरी, शव निकलते ही फटा कलेजा; एक साथ उठी दोनों की अर्थी

**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**चासनाला (धनबाद)।** सुदामडीह थाना क्षेत्र के बिरसा पुल समीप मोहलबनी घाट पर रविवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ था। जिसमें पांच दोस्त पानी के तेज बहाव में बह गए थे।तीन युवकों को स्थानीय लोगों ने किसी तरह बचा लिया। लेकिन दो युवक पानी के बहाव में बहकर डूब गए। दो चचेरे भाइयों की डूबने से मौत हो गई। दोनों युवकों की पहचान कांड्रा



के चुकड़ीपाड़ा बस्ती निवासी सेल कर्मी दयानंद मल्लिक का इकलौता पुत्र 21 वर्षीय अविनाश मल्लिक उर्फ राहुल और रेल कर्मी दुर्गा मल्लिक का इकलौता पुत्र शिवम मल्लिक के रूप में हुआ था।दामोदर नदी में डूबे दूसरे युवक शिवम का शव सोमवार की सुबह सवा नौ बजे दामोदर नदी से निकाला गया। जिसके बाद स्वजन के रुदन क्रंदन से माहौल गमगीन हो गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। वहीं, स्वजन व ग्रामीणों के लिखित आग्रह पर पुलिस ने शव को स्वजन को सौंप दिया। रविवार को पांच दोस्त सुरुंगा निवासी दिवस कुंभकार, सुमित कुंभकार, कांड्रा निवासी प्रोमित सिंह, अविनाश मल्लिक उर्फ राहुल व शिवम मल्लिक दामोदर नदी में स्नान करने गए थे। इस दौरान नदी के तेज बहाव में अविनाश व शिवम बह गया। स्थानीय लोगों ने तीन युवकों को बचा लिया। जबकि अविनाश मल्लिक का शव तीन घंटे बाद सितानाला दामोदर नदी घाट से बरामद हुआ। शिवम मल्लिक की तलाश जारी रही। लेकिन रात तक उनका कोई पता नहीं चला। ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यशैली के खिलाफ विरोध जताया व सड़क जाम कर दिया।

पुलिस ने समझा-बुझाकर जाम हटाया। बोकारो के खेतको पेटरवार से गोताखोर की आई टीम ने नदी में लाइट लगाकर खोजबीन की। लेकिन रात के अंधेरे के कारण प्रयास असफल रहा।

सोमवार की सुबह पांच बजे से पेटरवार के गोताखोरों ने ऑक्सीजन की मदद से नदी में उतरे। घंटों खोजबीन की। किंतु शिवम का कोई आता पता नहीं चला। तभी एनडीआरएफ की टीम सितानाला घाट पहुंची।घटना की पूरी जानकारी लेने के बाद टीम नदी में खोजबीन के लिए तैयारी ही शुरू किया था कि सुबह करीब सवा नौ बजे बिरसा पुल पर खड़े लोगों ने नदी में शिवम मल्लिक का शव देखा और शोर मचाया।

लोगों ने मिलकर शव को नदी से बाहर निकाला। जिसे एनडीआरएफ की टीम ने बैग में सुरक्षित भरकर स्ट्रेचर से बाहर ले गए। पुलिस ने शव को जामाडोबा टाटा अस्पताल ले गए। जहां स्वजन व ग्रामीणों के आग्रह पर शव उन्हें सौंप दिया गया।

## एनडीएमसी ने जागरूकता के लिए रिसाइकिल मेला एक्शन किट, बुकलेट और पोस्टर लॉन्च किए

**नई दिल्ली।** विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की पूर्व संध्या पर नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) ने ब्लाई वेस्ट वेंडनसडे फाउंडेशन के साथ मिलकर रिसाइक्लिंग को आगे बढ़ाने जागरूकता से कार्रवाई तक थीम के तहत शुरूआत की। इस रिसाइकिल मेला श्रृंखला के तहत एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्रा ने एनडीएमसी के सचिव तारिक थॉमस और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में नई दिल्ली के कनॉट प्लेस में रिसाइकिल मेला कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए केशव चंद्रा ने कहा कि एनडीएमसी क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण में सबसे पहला चेहरा हमारे स्वच्छता सेवकों का है, जो इस क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने के लिए दिन-रात मेहनत से काम करते हैं। आजकल एनडीएमसी चार कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। जिसमें स्वच्छता, हरियाली, सड़कों और फुटपाथों का रखरखाव और अतिक्रमण मुक्त सार्वजनिक स्थान शामिल हैं। स्वास्थ्य, बागवानी, सिविल और प्रवर्तन विभाग की एक पूरी टीम बनाई गई है, जो रोजाना सुबह और शाम इन चारों कार्यों पर समन्वय से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि एनडीएमसी के इन विभागों की टीम पूरी लगन और उत्साह के साथ सक्रिय रूप से मैदान में उतरी हुई है जिसका रुझान और परिणाम नई दिल्ली क्षेत्र में देखे जा सकते है। एनएमडीसी की टीम का आह्वान करते हुए चंद्रा ने कहा कि हमें हर दिन पूरे जोश और समर्पण के साथ काम करना होगा, ताकि एनडीएमसी अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप एक राजधानी की तरह स्वच्छता और हरियाली का एक सुंदर शहर बन सके।

## सिरफिरे आशिक ने युवती की चाकू घोंपकर हत्या की, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण जिले के महरौली इलाके में एक सिरफिरे आशिक ने 18 वर्षीय युवती की चाकू से घोंपकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपित ने युवती के शव को जलाने की भी कोशिश की, लेकिन कामयाब नहीं हो सका। हत्या के करीब 22 घंटे बाद पुलिस ने युवती का शव महरौली स्थित संजय वन से बरामद किया है। शव मिलने के बाद दो जिलों की पुलिस सीमा विवाद में उलझ गई। करीब दो घंटे तक चले सीमा विवाद के बाद वरिष्ठ अधिकारियों ने दखल दिया और दक्षिण दिल्ली के महरौली थाने में हत्या और अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 18 वर्षीय महक जैन परिवार के साथ जहांगीरपुरी इलाके में रहती थी। परिवार में माता-पिता के अलावा एक बड़ी बहन है, जो निजी कंपनी में नौकरी करती है और नोएडा में रहती है। पिता राकेश चांदनी चौक स्थित एक कपड़े की दुकान पर नौकरी करते हैं। परिवार मूलतः उत्तर प्रदेश के मथुरा का रहने वाला है। महक जैन दिल्ली विश्वविद्यालय के ओपन से प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही थी। वह अपनी क्लास लेने के लिए विवेक विहार स्थित विवेकानंद कॉलेज जाती थी।

## चांदनी चौक इलाके में फायरिंग कर दिनदहाड़े ज्वेलरी दुकान से 35 लाख लूटे

**नई दिल्ली।** उत्तरी जिले के चांदनी चौक इलाके में एक ज्वेलरी दुकान पर दिनदहाड़े बदमाशों ने फायरिंग की और ज्वेलरी दुकान से 35 लाख रुपये लूट कर फरार हो गए। दुकान मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। पुलिस बदमाशों को तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार चांदनी चौक के कटरा नील के सामने ज्वेलरी की दुकान है। दोपहर के समय दुकान पर अचानक फायरिंग होने लगी। इसी बीच कुछ बदमाश ज्वेलरी दुकान में घुस गए और डरा धमका कर शोरूम के कैशियर विक्की जैन से 35 लाख रुपये लूटकर साथियों के साथ फरार हो गए। लूट की वारदात के बाद दुकान मालिक ने आनन-फानन में पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल व पूछताछ की। पुलिस ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब 14.30 बजे कटरा नील, चांदनी चौक में लूट के संबंध में एक पीसीआर कॉल थाना लाहौरी गेट में प्राप्त हुई। मौके पर मौजूद दुकान के कैशियर विक्की जैन (40) ने घटना की जानकारी दी। जांच के दौरान विक्की के ऑफिस का दरवाजा टूटा पाया गया। विक्की जैन ने बताया कि दो व्यक्ति उसके ऑफिस में आए और कांच के दरवाजे पर गोली चलाकर करीब 35 लाख रुपये लूट ले लिए। इस दौरान उनके साथ एक और शख्स था, जो सीढ़ियों से नीचे खड़ा था।

## युवक की गोली मारकर हत्या, पहचान छिपाने के लिए जलाने का किया प्रयास

**नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी जिले के अलीपुर थाना क्षेत्र में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई, फिर आरोपितों ने शव को जलाने की भी कोशिश की। सड़क के किनारे झाड़ियों में अर्द्धजली लाश देखकर लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सोमवार देर रात तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपितों का पता लगाने में जुट गई। इसके अलावा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से भी पुलिस आरोपितों का पता लगाने में जुटी हुई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मृतक युवक की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

# अमित शाह की अध्यक्षता में अन्न भंडारण योजना की समीक्षा बैठक आयोजित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में नई दिल्ली स्थित सहकारिता मंत्रालय में सहकारिता क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और मुरलीधर मोहोल के अलावा सहकारिता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, उपभोक्ता मंत्रालय, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई), नाबार्ड, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) सहित अन्य संगठनों के अधिकारी उपस्थित थे। अमित शाह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के विजन को साकार करने की दिशा में विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि देश में आर्थिक प्रगति को मापने के




दो प्रमुख मापदंड हैं, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और रोजगार सृजन। अन्न भंडारण योजना इन दोनों पहलुओं को सशक्त बनाने का माध्यम है, जिसका उद्देश्य प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) की आमदनी बढ़ाने के साथ-साथ ग्रामीण रोजगार के अवसरों को सृजित करना है। शाह ने कृषि अवसंरचना निधि (एआईएफ) के अंतर्गत ऋण अवधि के विस्तार से पीएसीएस की वित्तीय स्थिति में सुधार हेतु त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया। केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने अन्न भंडारण योजना में पीएसीएस की व्यापक भागीदारी पर बल देते हुए कहा कि यह जरूरी है कि पीएसीएस को इस योजना का अभिन्न हिस्सा बनाया जाए ताकि उनकी वित्तीय व्यवहार्यता और सामाजिक प्रभावशीलता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने एफसीआई, एनसीसीएफ, नेफेड और राज्य वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशनों को पीएसीएस को अधिक से अधिक गोदामों से जोड़ने के लिए ठोस दिशा-निर्देश दिए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि राज्यों को अपने स्तर पर अधिक से अधिक पीएसीएस को इस योजना में शामिल करना चाहिए और राज्य स्तरीय मार्केटिंग फेडरेशनों को भी इससे जोड़ा जाना चाहिए, ताकि एक संपूर्ण सहकारी आपूर्ति श्रृंखला विकसित की जा सके।

## नीट पीजी की 15 जून को होने वाली परीक्षा स्थगित, अब एक ही शिफ्ट में होगी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) ने नीट पीजी 2025 की परीक्षा स्थगित कर दी है। नीट पीजी की परीक्षा पहले 15 जून के लिए निर्धारित थी। यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद लिया गया है। पिछले सप्ताह एक याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने प्राधिकरण से एमबीबीएस और डेंटल कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए दो के बजाय एक ही पाली में परीक्षा आयोजित करने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए एनबीईएमएस ने घोषणा की कि अब नीट-पीजी 2025 एक ही शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। इस निर्णय के लिए लॉजिस्टिक समायोजन की आवश्यकता है, विशेष रूप से परीक्षा केंद्रों की संख्या बढ़ाने और सभी उम्मीदवारों को एक साथ समायोजित करने के लिए बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए आवश्यक है। एक आधिकारिक अधिसूचना में एनबीईई ने कहा, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने डब्ल्यू.पी. संख्या 456/2025 में



आदेश दिया है कि- हम, तदनुसार, प्रतिवादियों को एक शिफ्ट में नीट-पीजी 2025 परीक्षा आयोजित करने के लिए आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश देते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि पूरी पारदर्शिता बनी रहे और सुरक्षित केंद्रों की पहचान की जाए और उन्हें चालू किया जाए। इसके अनुसार एनबीईएमएस एक ही शिफ्ट में नीट-पीजी 2025 आयोजित करेगा।

# एमसीडी वार्ड कमेटी चुनाव में आम आदमी पार्टी का दबदबा, चार जोनों पर किया कब्जा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की वार्ड कमेटियों के चुनाव में आम आदमी पार्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच में से चार जोनों पर कब्जा बरकरार रखा है। पार्टी ने हुए चुनाव में सिटी एसपी, करोल बाग और वेस्ट जोन में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों पदों पर जीत हासिल की, जबकि रोहिणी जोन में अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की। 'आप' के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 15 पार्षदों के पार्टी छोड़ने और भाजपा के समर्थन से नया गुट बनाने के बावजूद आम आदमी पार्टी ने चार जोनों पर अपना दबदबा कायम रखा है। उन्होंने कहा, भाजपा का समर्थन मिलने के बाद भी नया गुट एक भी जोन में जीत नहीं सका। यह पार्टी की एकजुटता और जनता के विश्वास की जीत है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, सिटी एसपी जोन में आम आदमी पार्टी को भाजपा के दो पार्षदों का समर्थन भी मिला, जबकि खुद पार्टी




पार्षदों ने कोई क्रॉस वोटिंग नहीं की। सिटी एसपी जोन में स्थायी समिति सदस्य का चुनाव भी 'आप' ने जीत लिया। सिविक सेंटर में हुए इन चुनावों में आम आदमी पार्टी जिन जोनों में बहुमत था, वहां पूरी रणनीति और ताकत के साथ चुनाव लड़ा। परिणामस्वरूप, पार्टी को जीत भी हासिल हुई।आप उम्मीदवारों में सिटी एसपी जोन में अध्यक्ष पद पर विकास टांक, उपाध्यक्ष पर पूजा और स्थायी समिति सदस्य के रूप में राफिया माहिर विजयी रहे। करोल बाग जोन में अध्यक्ष पद पर पुनीत राय और उपाध्यक्ष पर कविता चौहान का कब्जा रहा। वेस्ट जोन में अध्यक्ष पद पर निर्मला कुमारी और उपाध्यक्ष पर साहिल गंगवाल विजयी हुए। रोहिणी जोन में अध्यक्ष पद पर अमृत जैन को जीत मिली। एमसीडी में आम आदमी पार्टी के नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने सभी विजयी उम्मीदवारों को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत पार्टी के सभी निगम पार्षदों की मेहनत और एकजुटता का परिणाम है। उन्होंने कहा, आम आदमी पार्टी दिल्ली विधानसभा की तरह एमसीडी में भी एक मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाएगी और जनता की आवाज को हर मंच पर उठाएगी।

# मेरी विधानसभा में डीडीए लोगों के आशियाना उजाड़ना चाहता है : अमानतुल्लाह खान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** दिल्ली के ओखला विधानसभा के अंतर्गत बाटला हाउस, जामिया में डीडीए की ओर से बुलडोजर कार्रवाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने डीडीए की कार्रवाई पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। कोर्ट की ओर से कहा गया है कि इस मामले में फिलहाल कोई आदेश जारी नहीं करेंगे। जुलाई माह में इस मामले को लेकर सुनवाई हो सकती है।

इस मामले में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान ने कहा कि आशियाना बनाने में जमाने लग जाते हैं और डीडीए उसे उजाड़ने के लिए सामने आ जाता है। आज हमें सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है कि जुलाई के पहले सप्ताह में जब भी कोर्ट खुलेगा, इस मामले की सुनवाई नियमित बेंच द्वारा की जाएगी, तब तक, जिन लोगों पर विध्वंस का खतरा मंडरा रहा है, उन्हें पीएम-उदय या किसी भी लागू योजना के तहत राहत लेने और तदनुसार अपने व्यक्तिगत आवेदन



प्रस्तुत करने की सलाह दी गई है। अधिवक्ता अदील अहमद ने बताया कि यहां मुख्य मुद्दा यह है कि खसरा नंबर 279 के तहत जिन लोगों को नोटिस मिले हैं, उन्हें जवाब देने के लिए 15 दिन का नोटिस दिया जाना चाहिए था, लेकिन इसके बजाय, नोटिस में सीधे उनसे जमीन खाली करने को कहा गया। हमने इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले की सुनवाई चल रही नियमित सुनवाई के हिस्से के रूप में की जाएगी।

बाटला हाउस में यूपी सिंचाई विभाग की जमीनों पर कई अवैध दुकानों को नोटिस भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार, डीडीए की ओर से 26 मई को नोटिस जारी हुआ था। नोटिस में लोगों को जगह खाली करने के लिए निर्देश दिए गए थे। लेकिन, नोटिस के जवाब में लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिया।

लोगों का कहना है कि एक झटके में निकालने की साजिश रची जा रही है। जबकि, नोटिस में कम से कम 15 दिन का समय देना चाहिए था।

# चार देशों के दौरे से लौटा सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का पहला ग्रुप, 'आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस' का दिया संदेश

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को वैश्विक मंच पर बेनकाब करने के लिए गठित सर्वदलीय संसदीय डेलीगेशन का पहला ग्रुप अपने चार देशों के सफल दौरे का समापन कर चुका है। डेलीगेशन ने बहरीन, कुवैत, सऊदी अरब और अल्जीरिया का सफल दौरा किया।

इस प्रतिनिधिमंडल ने भारत की विदेश नीति की नई दिशा को रेखांकित करते हुए आतंकवाद के प्रति भारत के 'जीरो टॉलरेंस' और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'न्यू नॉर्मल' का स्पष्ट और प्रभावी संदेश इन देशों तक पहुंचाया। इस प्रतिनिधिमंडल ने भिन्न-भिन्न राजनीतिक और धार्मिक पृष्ठभूमियों के बावजूद एक स्वर में भारत की प्राथमिकताओं को सामने रखा, जिससे भारत की 'इंडिया फर्स्ट' नीति की गूंज चारों देशों में सुनाई दी। इस प्रतिनिधिमंडल के ग्रुप का नेतृत्व वरिष्ठ सांसद बैजयंत जय



पांडा ने किया। डेलीगेशन में उनके साथ असदुद्दीन ओवैसी, गुलाम नबी आजाद, डॉ. निशिकांत दुबे, सतनाम सिंह संधू, एस फांगनॉन कोन्याक और रेखा शर्मा जैसे विभिन्न दलों और क्षेत्रों से आए सांसदों ने सक्रिय भूमिका निभाई। पूर्व विदेश सचिव और अमेरिका, बांग्लादेश और थाईलैंड में भारत के राजदूत रह चुके तथा जी20 अध्यक्षता के मुख्य समन्वयक हर्षवर्धन श्रृंगला ने इस सफल दौरे को लेकर जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'ऑल-पार्टी संसदीय प्रतिनिधिमंडल के ग्रुप-वन ने आज अपने चार देशों (बहरीन, कुवैत, सऊदी अरब और अल्जीरिया) के दौरे का समापन किया। इसने सफलतापूर्वक भारत का आतंकवाद के प्रति 'शून्य सहनशीलता' और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'नए सामान्य' का संदेश पहुंचाया। यह एक राजनीतिक, भाषाई और आध्यात्मिक रूप से विविध समूह था, जिसने 'इंडिया फर्स्ट' की भावना में एक स्वर में बात की। धन्यवाद सभी नेताओं को। भारत का यह कूटनीतिक अभियान 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले, भारत के निर्णायक 'ऑपरेशन सिंदूर' और इसके बाद के घटनाक्रमों की पृष्ठभूमि में चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य वैश्विक आतंकवाद के विरुद्ध एकजुटता बनाना है।

## भाजपा ने पूर्वोत्तर राज्यों में लगातार भारी बारिश से प्रभावित लोगों की मदद का किया आह्वान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में बीते कुछ दिनें से भारी बारिश का दौर जारी है। मूसलाधार बारिश से आई बाढ़ और भूस्खलन से 34 लोगों की जान जा चुकी है। इसको लेकर भारतीय जनता पार्टी ने चिंता जताई है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ट्वीट करके कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में लगातार भारी बारिश से प्रभावित लोगों के लिए गहरी चिंता है। उन्होंने भाजपा की राज्य इकाइयों और कार्यकर्ताओं को जारी दिशा-निर्देशों में हरसंभव सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है। इसके साथ उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में सभी से आवश्यक सावधानी बरतने, अनावश्यक यात्रा से बचने और स्थानीय अधिकारियों की सलाह का पालन करने का आग्रह किया है। उल्लेखनीय है कि भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में बीते कुछ दिनें से भारी बारिश का दौर जारी है। मूसलाधार बारिश से आई बाढ़ और भूस्खलन से 34 लोगों जान जा चुकी है।

वहीं, बड़ी संख्या में लोग जख्मी भी हुए है, जिनका इलाज चल रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, असम में 10, अरुणाचल प्रदेश में 9, मिजोरम में 5 और मेघालय में 6 लोगों की मौत हुई है। इसी बीच भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वोत्तर राज्यों के लिए पांच जून तक बारिश की चेतावनी जारी की है।

# देश में कोरोना के एक्टिव केस 4 हजार के करीब, 24 घंटे में 6 मौतें, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत में एक बार फिर कोरोना वायरस चिंता बढ़ा रहा है। बीते कुछ दिनों में संक्रमण के मामलों में तेज़ उछाल देखा गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में एक्टिव केसों की संख्या बढ़कर 3976 हो चुकी है। महज 10 दिनों में संक्रमितों की संख्या में 15 गुना इजाफा हुआ है, जो एक गंभीर संकेत है। केरल इस वक्त सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य बना हुआ है, जहां 1435 एक्टिव केस दर्ज किए गए हैं। महाराष्ट्र में भी हालात चिंताजनक हैं, जहां 506 मरीज अभी इलाजरत हैं। इसके अलावा कर्नाटक में भी मामले तेजी से सामने आ रहे हैं, यहां 238 एक्टिव केस हैं। पिछले 24 घंटों में 6 लोगों की मौत कोरोना से हो चुकी है, जिससे इस लहर में जान गंवाने वालों की कुल संख्या 34 हो गई है। अहमदाबाद में 18 साल की गर्भवती युवती और 47 वर्षीय महिला की मौत हो गई। रविवार को दिल्ली में 22 साल की युवती और तमिलनाडु में 25 साल का युवक इस वायरस का शिकार हो गया था।

कोरोना के दोबारा फैलाव को



देखते हुए राज्य सरकारें भी हरकत में आ गई हैं। कर्नाटक सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे भीड़-भाड़ वाले इलाकों में मास्क पहनें, सामाजिक दूरी बनाए रखें और स्वच्छता का पालन करें। बुखार, खांसी, सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराने की सलाह दी गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य और आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि केंद्र सरकार पूरी तरह सतर्क है और सभी राज्यों की स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है। उन्होंने बताया कि कोविड के पिछले दौर के दौरान तैयार किए गए ऑक्सीजन प्लांट, ढ्रष्ट बेड, और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं की पुनः समीक्षा की जा चुकी है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सरकार पूरी तरह तैयार है।

## असम की 'पुश बैक' नीति पर सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इनकार, गुवाहाटी हाईकोर्ट जाने का निर्देश

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने असम सरकार की 'पुश बैक' नीति के तहत 69 लोगों को बांग्लादेश वापस भेजे जाने की कार्रवाई के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को गुवाहाटी हाईकोर्ट में याचिका दायर करने का निर्देश दिया है। यह याचिका ऑल बीटीसी माइनॉरिटी स्टूडेंट्स यूनियन ने दायर की थी, जिसमें असम सरकार पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

याचिका में दावा किया गया है कि असम सरकार बिना उचित कानूनी प्रक्रिया के लोगों को विदेशी नागरिक मानकर हिरासत में ले रही है और उन्हें बांग्लादेश सीमा के पार भेज रही है।खासकर सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले गरीब और वंचित भारतीय नागरिकों को बिना किसी जांच या सुनवाई के जबरन हिरासत में लिया जा रहा है। याचिका में कहा गया है कि कई बार भारतीय नागरिकों को भी गलती से विदेशी समझकर सीमा पार भेजा जा रहा है, जो उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है।

याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की थी कि सरकार को निर्देश दिए जाएं कि किसी को विदेशी नागरिक घोषित करने से पहले फॉरेन ट्रिब्यूनल द्वारा उचित सुनवाई की जाए। साथ ही, अपील का मौका देने और विदेश मंत्रालय से नागरिकता की पुष्टि होने तक किसी को भी सीमा पार न भेजा जाए। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि असम सरकार की 'पुश बैक' नीति के तहत की जा रही कार्रवाई पारदर्शी नहीं हैं और इससे कई निर्दोष लोग प्रभावित हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को गुवाहाटी हाईकोर्ट में ले जाने का निर्देश देते हुए कहा कि याचिकाकर्ता वहां अपनी बात रख सकते हैं। कोर्ट ने इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने से मना कर दिया, जिससे याचिकाकर्ताओं को अब हाईकोर्ट में अपनी मांगें उठानी होंगी।

# दिल्ली में भक्त कवि जयदेव की विरासत और गीत गोविंद का जश्न

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में इंस्टीट्यूट फॉर प्रमोशन एंड रिसर्च ऑन ओडिशा कल्चर एंड हेरिटेज (आईपीआरओसीएच) द्वारा आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक समारोह में 12वीं शताब्दी के संत-कवि भक्त कवि जयदेव की विरासत और गीत गोविंद का जश्न मनाया गया। इस समारोह में नृत्य, संगीत, शास्त्रीय ओडिसी बैले, फिल्म और विद्वानों की बातचीत जैसे कार्यक्रमों का एक चयनात्मक मिश्रण था।

**गीत गोविंद पर आधारित ओडिसी नृत्य नाटिका**

समारोह का भावनात्मक केंद्र बिंदु ओडिसी नृत्य नाटिका मनीनी राधिका था, जिसे गुरु शेरोन लोवेन ने नृत्य निर्देशित और निर्देशित किया था। इस नृत्य नाटिका में विश्वनाथ मंगराज और निशा नंदा ने मुख्य भूमिकाएं निभाई। यह नृत्य नाटिका गीत गोविंद के मन भंजन अध्याय से अनुकूलित थी और इसमें राधा के कोमल क्रोध और कृष्ण के प्रार्थना को दर्शाया गया था।

**संगीत और नृत्य प्रदर्शन**

समारोह में दूरदर्शन के वाह उस्ताद शो के विजेता संदीप मोहंती द्वारा गायन और विश्वजीत मोहापात्रा द्वारा एकल बांसुरी प्रदर्शन भी शामिल था। पहले दिन की शुरुआत जयदेव पर लिखे गए शब्द कीर्तन के साथ हुई, जिसमें भक्त जयदेव के सिख गुरुओं पर प्रभाव और गुरु ग्रंथ साहिब में उनके उल्लेख पर चर्चा की गई। अष्टपदी गीतों को वोकलिस्ट सुरेश सेठी और नाजिया आलम ने प्रस्तुत किया। इसके बाद ओडिसी, कथक और विलासिनी नाट्यम में शास्त्रीय नृत्य प्रदर्शनों की एक शानदार श्रृंखला थी। प्रसिद्ध कलाकारों रीत राजगुरु, कविता द्विवेदी, पूर्वाधनश्री और विद्या लाल ने जयदेव की भक्ति कविता और सूफी रहस्यवाद के बीच साझा अनुनाद का अन्वेषण



किया।समारोह का समापन 1987 की क्लासिक ओडिया फिल्म जयदेव के प्रदर्शन के साथ हुआ, जिसमें कवि के जीवन और आध्यात्मिक यात्रा को सिनेमाई श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर प्रसिद्ध कलाकार चुगुली कुमार साहू द्वारा नबागुंजर की 7 फीट की फाइबरग्लास मूर्ति की स्थापना भी की गई, जो कृष्ण के विश्व रूप का प्रतीक है।

# एनसीईआरटी ने 5 लाख से अधिक नकली पाठ्य पुस्तकों सहित 20 करोड़ रुपए की मशीनरी जब्त की

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने नकली पाठ्य पुस्तकों के निर्माण, वितरण और बिक्री में शामिल अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। पिछले 14 महीनों में, एनसीईआरटी ने संबंधित पुलिस अधिकारियों के साथ मिलकर 5 लाख से अधिक नकली पाठ्य पुस्तकें, बड़ी मात्रा में मुद्रण कागज और 20 करोड़ रुपये से अधिक की मशीनरी जब्त की है, जबकि 29 एफआईआर दर्ज की गई हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ मिलकर मुजफ्फरनगर के एक गोदाम पर छापेमारी कर 1.5 लाख नकली पाठ्य पुस्तकें जब्त की गई, जिसकी कीमत 2 करोड़ रुपये से अधिक है। एक ट्रक और दो कारें भी जब्त की गईं, जिनमें नकली पाठ्य पुस्तकें भरी हुई थीं। आठ आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा हरियाणा के समालखा में एक मुद्रण प्रेस पर छापेमारी कर बड़ी संख्या में मुद्रण प्लेटें, नकली पाठ्य पुस्तकें और मशीनरी जब्त की गई।एनसीईआरटी ने अपनी पाठ्यपुस्तकों की गुणवत्ता में सुधार किया है। एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों का समय पर मुद्रण और बाजार में पर्याप्त संख्या में उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। नकली पाठ्य पुस्तकों के मुद्रकों, वितरकों और खुदरा विक्रेताओं के खिलाफ सक्रिय कार्रवाई की जा रही है। मंत्रालय के अनुसार, काशीपुर में एक कागज मिल के खिलाफ कार्रवाई की गई, जो अवैध एनसीईआरटी वॉटरमार्केड पेपर बना रही थी। एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तकें अब प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों पर एमआरपी पर बिना डिलीवरी शुल्क के उपलब्ध हैं। आईआईटी कानपुर द्वारा विकसित एक प्रौद्योगिकी-आधारित एंटी-पाइरेसी समाधान को एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तकों में पेश किया गया है।

मंत्रालय ने छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से अनुरोध किया है कि वे नकली पाठ्य पुस्तकों की बिक्री की किसी भी घटना की जानकारी एनसीईआरटी को pd.ncert@nic.in पर दें।

# उपायुक्त को जनता दरबार में लगभग एक दर्जन फरियादियों ने किया आवेदन

### समस्याओं को तवरित समाधान होतु अधिकारियों को दिए गए निर्देश

**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों की समस्याएं सुनीं तथा उनके शीघ्र समाधान हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



इस अवसर पर लगभग एक दर्जन फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर उपायुक्त के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए। प्रस्तुत समस्याओं में शिक्षकों की पुनः नियुक्ति, फर्जी प्रमाण-पत्रों की जांच, भूमि पर अवैध अतिक्रमण,विद्यालय में नामांकरण, भूमि पर्चा (एलपीसी) निर्गत करना, रंगदारी मांगने, भूमि हड़पने, भू-मुआवजा, नियुक्ति, रसीद निर्गत करना, बीपीएल सूची में नामांकन, मारपीट, चिकित्सा अनुदान तथा रोजगार दिलाने जैसी शिकायतें शामिल रहीं।

**प्रमुख आवेदनों में-**
कोर्रा लाखे से मोहम्मद फारूक ने बीपीएल के अंतर्गत अपनी बच्ची का नामांकन कस्तूरबा गांधी विद्यालय में करवाने हेतु आवेदन दिया, बहिमर कटकमसांडी से प्रियंका सिंह ने लेखपाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर नियुक्ति प्रक्रिया को पूर्ण करने के संबंध में आवेदन दिए, हुडहुरू बाबा पथ, ग्रामीणों के द्वारा सार्वजनिक रास्ता अवरुद्ध होने के संबंध में आवेदन समर्पित किए गया, ग्राम बलौदर बड़कागांव, से हुरू महतो ने स्थल जाँच करवाने के संबंध में आवेदन समर्पित किये, कोलघट्टी से रंजना देवी ने बटवारा की गई भूमि पर रिश्तेदारों के द्वारा गृह निर्माण नहीं होने देने के संबंध में उपायुक्त को आवेदन दिए, ग्राम भंडारा प्रखंड पदमा से, मोहम्मद इम्तियाज अंसारी ने अपनी बच्ची का नामांकन कस्तूरबा गांधी विद्यालय में करने के संबंध में आवेदन देकर उपायुक्त से अपील की, चरही थाना क्षेत्र से निराला प्रसाद सिंह ने जमीन के सामने आवे तरीके से हो रहे अतिरिक्त कमल को रोकने के संबंध में उपायुक्त से समक्ष आवेदन समर्पित किया, ग्राम बेतलु प्रखंड केरेडारी से, घर बनाने के क्रम में रिश्तेदारों के द्वारा गाली-गलौज करने एवं धमकी देने के संबंध में आवेदन दिए, ओकनी तेली टोला से, नमिता देवी ने अपनी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण अपनी बच्ची का नामांकन विद्यालय में करने के संबंध में उपायुक्त के समक्षआवेदन प्रस्तुत किया,
फूल कुमारी देवी ने गाँव के मुख्य मार्ग पर सड़क बनवाने हेतु आवेदन दिए, बनासो विष्णुगढ़ से निर्मल रजक ने विपक्षीगण द्वारा जमीन हड़पने एवं बाउंड्री वॉल तोड़कर रास्ता बनाने के सम्बंध में उपायुक्त के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर गुहार लगाई।
उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने प्रत्येक आवेदक से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक मामले की शीघ्र जांच कर त्वरित एवं न्यायसंगत कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## संक्षिप्त समाचार

## रोमी में आयोजित जलयात्रा में मुख्य रूप से भाजपा नेत्री सह ओम आरोहणम् संस्थान के संस्थापिका शेफाली गुप्ता हुई शामिल

● धार्मिक अनुष्ठान से सुख, समृद्धि एवं खुशहाली का संचार होता है




**आदिवासी एक्सप्रेस**
**कटकमसांडी (हजारीबाग)** कटकमसांडी प्रखण्ड के ग्राम रोमी में आयोजित मां सर्व सिद्धिदात्री देवी मंडप का जीर्णोद्धार सह शिव परिवार एवं हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के जलयात्रा में मुख्य रूप से भाजपा नेत्री सह ओम आरोहणम् संस्थान के संस्थापिका शेफाली गुप्ता शामिल हुई। यज्ञ समिति एवं कलश यात्रियों ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में सम्मिलित होकर आध्यात्मिकता का एहसास हुआ। कलश यात्रियों के कदम से कदम मिलाकर चलकर हौसला बढाया तथा ईश्वर से उनकी मनोकामना पूर्ण होने की कामना की। उन्होंने सभी की जीवन में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की मंगलकामना की। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान से सुख, समृद्धि एवं खुशहाली का संचार होता है। साथ ही भक्तिभाव का महौल पूरे क्षेत्र में बना रहता है। मौके पर अध्यक्ष अजय राणा, सचिव सुरज यादव, कोषाध्यक्ष जितेंद्र प्रजापति, बिरू राणा, सुबोध कुमार, सुरेश साव सहित बड़ी संख्या में जलयात्री एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पटेल इंटर महाविद्यालय, मासीपीढ़ी का इंटर परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन

● विज्ञान संकाय में 98% सफलता, प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए 70% विद्यार्थी




**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** झारखंड अधिविध परिषद, रांची द्वारा घोषित इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के परिणामों में पटेल इंटर महाविद्यालय, मासीपीढ़ी ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण प्रस्तुत किया है। विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 98% सफलता दर दर्ज की, जिनमें 70% छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। वहीं छात्रा आकांक्षा कुमारी ने 418 अंक प्राप्त कर महाविद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त सुभाष कुमार ने 408 अंक, अफसाना प्रवीण एवं रितेश कुमार ने 405 अंक, रिया कुमारी ने 392 अंक तथा मो0 कामरान ने 389 अंक प्राप्त कर संस्थान को गौरवान्वित किया। इस सफलता पर महाविद्यालय परिवार में हर्ष और गर्व का वातावरण है। निदेशक डॉ. सचिदानंद कुमार, सचिव चितरंजन कुमार तथा प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्रों की कठिन मेहनत, शिक्षकों की प्रतिबद्धता और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। हमारा संस्थान निरंतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए समर्पित है। महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मियों ने भी विद्यार्थियों को इस सराहनीय उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं और आने वाले वर्षों में इसी प्रकार के परिणामों की आशा व्यक्त की।

## बकरीद को लेकर डाड़ी कलां थाना में शांति समिति की बैठक



**आदिवासी एक्सप्रेस बड़कागांव**
**बड़कागांव।** बड़कागांव डाड़ी कलां थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। अध्यक्षता थाना प्रभारी पिंटू कुमार ने की। पिंटू कुमार ने कहा कि बकरीद त्याग और समर्पण का प्रतीक है। इसे सभी समुदायों को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाना चाहिए। सोशल मीडिया एवं अन्य किसी भी प्रकार की अफवाह से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोई भी समस्या होने पर तुरंत प्रशासन को सूचना दें। पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ आपके साथ खड़ा हैं। सांसद सह प्रतिनिधि कृष्णा राम ने कहा कि बकरीद का त्योहार अपने ईर्ष्या द्वेष को त्यागने का पर्व है। उपस्थित सभी गणमान्य लोगों ने त्यौहार को शांति पूर्ण ढ़ंग से संपन्न कराने में सहयोग का आश्वासन दिया। शांति समिति की इस बैठक में सभी समुदायों के लोगों ने एकजुटता का परिचय देते हुए प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। मौके पर थाना प्रभारी पिंटू कुमार, पु0अ0नि0 संजय कुमार सिंह, पु0अ0नि0 सतीश उरांव, कृष्णा राम, खलील मियां, मो0 मोख्तार, मो0 ताहिर, राजेश तुरी, महेश, सुजीत, अमेरिका तुरी, उस्मान अंसारी, अनुज कुमार यादव व अन्य उपस्थित थे।

## अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त का किया स्वागत व अभिनंदन

**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ हजारीबाग इकाई ने मंगलवार को जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल के साथ मिलकर उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह का स्वागत व अभिनंदन किया गया। उपायुक्त ने शिक्षा की स्थिति के बारे में संघ से जानकारी प्राप्त की एवं सलाह दी कि गुणवत पूर्ण शिक्षा के साथ हजारीबाग जिला शिक्षा के क्षेत्र में और कैसे बेहतर हो पर हम सभी को कार्य करना है। ग्रेड- 2 की प्रोन्नति पर उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इस पर कोई अड़चन नहीं होनी चाहिए एवं शिक्षकों को मिलनी चाहिए। उपायुक्त ने संघ को आस्वस्त किया कि आज की शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में ग्रेड -2 ,ग्रेड -3 ,एवं ग्रेड- 4 पर चर्चा की जाएगी वहीं ग्रेड- 7 के बारे में कहा कि मामला कोर्ट में होने के कारण इस पर कुछ कहा नहीं जा सकता है।



संघ के जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने उपायुक्त को शिक्षकों के कई अन्य समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराया ,जिस पर उपायुक्त ने आस्वस्त किया कि शिक्षकों के सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। ज्ञापन में जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक की अच्छी सामंजस्य के कारण जिला के छात्राओं का मैट्रिक एवं आठवीं बोर्ड का रिजल्ट अच्छा होना एवं मैट्रिक का स्टेट टॉपर तथा दो बिरहोर छात्राएं की प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होना, टॉप टेन में सात हजारीबाग से होना ,ज्ञापन में जिक्र किया गया है। शिष्टमंडल में राजेश्वर कुमार ,जावेद अहमद संजय चंद, विनोद रंजन, श्रीकांत सिंहा, विनय सिंह, राम किशुन महतो ,यमुना साव, रंजीत कुमार वर्मा, रवि किशोर कुमार ,मो. रियाजुद्दीन अंसारी, दिनेश कुमार सिंह ,सच्चिदानंद सिन्हा ,तारीक इकबाल ,रामदुलार राम, उमाशंकर सिंह शामिल थे।

## बड़कागांव में दर्जनों अवैध अल्ट्रासाउंड, संचालित है

**बड़कागांव संवाददाता**
**बड़कागांव।** अधिकारियों की सुस्ती की वजह से बड़कागांव प्रखंड में खुलेआम अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर चल रहे हैं। प्रखंड में लगाभग दर्जन भर अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालित हो रहे हैं। इन सभी में से कोई भी अल्ट्रासाउंड पंजीकृत नहीं हुआ है और ना ही अल्ट्रासाउंड चलाने वाले प्रशिक्षित डॉक्टर डॉक्टर भी उपलब्ध नहीं है।लेकिन फिर भी स्वास्थ्य महकमा के



अधिकारियों की मिलीभगत से यह सारे अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर सिर्फ और सिर्फ एक मोटी रकम कमाने के लिए झोलाछाप डॉक्टरों के सहारे ऑपरेट किया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि इन सभी फर्जी सेंट्रो के खिलाफ शिकायत नहीं की गई है शिकायत तो होती है परंतु उसके बाद कार्रवाई के नाम पर सिर्फ और सिर्फ कागजी घोड़े दौरे जाते हैं। बस दिखावे के लिए एक दो सेंट्रो में जांच पड़ताल की जाती है। और एक-दो दिन के लिए यह सेंटर बंद होती है इसके तुरंत बाद फिर से यह सेंटर अपने मनमाने ढंग से शुरू कर दिया जाता है खास बात यह है कि इन तारों में प्रशिक्षित डॉक्टर नहीं होने के कारण कई बार मरीज के रिपोर्ट भी गलत दे दिए जाते हैं और इसके बाद ग्रामीण व परिजनों के द्वारा हंगामा होता है ऐसे में मरीज से मनमानी ढंग से पैसे वसूले जाते हैं यानी यह सभी अवैध अल्ट्रासाउंड जो सिर्फ और सिर्फ बड़कागांव प्रखंड के लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं और अपनी जेब गर्म कर रहे हैं।
वहीं सूत्रों की माने तो अल्ट्रासाउंड के संचालकों के द्वारा प्रखंड से लेकर जिला तक के स्वास्थ्य अधिकारियों को महीना में एक मोटी रकम नजराना के तौर पर पेश किया जाता है तब जाकर उनकी अवैध धंधा संचालित होते हैं।
हम सभी जानते हैं कि गर्भ में बच्चों की लिंग जांच करना कानूनी जुर्म है जिसके लिए भारत में इसकी सजा भी दी जाती है। बावजूद इसके इन अवैध अल्ट्रासाउंड में एक मोटी रकम लेकर लिंग जांच भी किया जाता है। जिसका परिणाम आज यह है कि बड़कागांव प्रखंड में लड़कों के जनसंख्या के मुकाबले लड़कियों की जनसंख्या काफी कम हो गई है।अगर इस पर लगाम नहीं लगाया गया तो आने वाले दिनों में यह गोरखधंधा और भी भव्य रूप लेगा।
पिछले दिनों स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा बड़कागांव में अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटरो में जांच की गई थी परंतु क्षेत्र में चर्चा का विषय यह बना हुआ है कि बड़कागांव के सिर्फ दो सेंटरो पर जाकर जांच किया जाना और बाकी सेंटरो पे नहीं जाना यह ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

## बीजीआर जेएसडब्ल्यू के खिलाफ ग्रामीण गोलबंद कंपनी को जमीन नहीं देने

### कंपनी से जमीन का मुआवजा लेने पर समाज लेगा ढाई लाख रुपया जुर्माना

**बड़कागांव संजय कुमार**
**बड़कागांव।** बीजीआर एवं जेएसडब्ल्यू कोल माइंस के खिलाफ बादाम गांव में दांगी समाज कि अहम बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता कार्तिक महतो एवं संचालन राजु महतो के द्वारा किया गया। समाज में निर्णय लिया गया कि कंपनी को हम एक इंच भी जमीन नहीं देंगें अगर समाज का कोई भी व्यक्ति जमीन का पेपर जमा करके एनटीपीसी और किसी भी कंपनी में पैसा लेता है तो उसको समाज में (250000) ढाई लाख रुपया दंड स्वरूप देना होगा।
किसी भी व्यक्ति को प्रलोभन या बहकावे में आकर कंपनी का दलाली करते पकड़े जाने पर समाज के तरफ से जो निर्णय लिया जाएगा। उसको मानना पड़ेगा अन्यथा समाज से बाहर कर दिया जाएगा। यदि किसी व्यक्ति पर केस या मुकदमा दर्ज होता है या जेल जाता है तो इसकी भरपाई समाज करेगा। एवं उसके परिवार को भरण पोषण के लिए 5000 रूपया समाज उस परिवार को तब तक देगा तब तक उस परिवार का सदस्य जेल में रहेगा।यदि समाज के द्वारा बैठक में मैसेज या फोन द्वारा सूचना दिए जाने पर हर घर से एक व्यक्ति को जाना अनिवार्य होगा चाहे वह महिला या पुरूष सभी को जाना अनिवार्य होगा,नहीं जाने पर 500 रुपये का दंड देना होगा।कंपनी द्वारा मुहैया कराया जाने वाला वस्तु जैसे कंबल ,छाता, मच्छरदानी, इत्यादि का पुर्णरुपेण बहिष्कार किया जाता है।



## चोरका स्कूल का मिट जाएगा अस्तित्व, गार्डवाल की जरूरत

**बड़कागांव संजय कुमार**
**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड संसाधन केंद्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सिरमा के चोरका गांव में संचालित नव प्राथमिक विद्यालय चोरका स्कूल का अस्तित्व खतरे में नजर आने लगा है। इसका मुख्य कारण नदी किनारे स्थानीय लोगों के द्वारा बालू का उठाव बताया जा रहा है। जिसके कारण नदी में भारी बाढ़ आने पर कभी भी स्कूल नदी में बह सकता है। जब भी बारिश और नदी में भारी बाढ़ आता है तो नदी स्कूल के किनारे का हिस्सा भारी मात्रा में मिट्टी का कटाव तेजी से हो जा रहा है।जिसे लेकर प्रशासन को विशेष ध्यान देने की जरूरत है ताकी स्कूल पूर्ण रूप से संरक्षित हो सके।तभी बच्चों की पढ़ाई लिखाई अच्छी तरह से संचालित होता रहेगा। बताते चले की लाखों की लागत से झारखंड शिक्षा परियोजना हजारीबाग के द्वारा तीन स्कूल भवन जिसमें कुल 06 वर्ग कक्ष एवं एक प्रधानाध्यापक का निर्माण किया गया है।वहीं अलग से किचन शेड एवं शौचालय का निर्माण कराया गया है।विद्यालय के सहायक अध्यापक सह सचिव गंगाधर लोहरा से पूछे जाने पर बताया कि स्कूल बनाने के समय स्कूल से सटा 50 फीट चौड़ा खेल का बड़ा सा मैदान था।स्कूल के पास से बालू उठाव तथा नदी में आई बाढ़ के कारण 50 फीट का मैदान नदी में बह गया है।और तो और पहले की अपेक्षा नदी 10 फीट से अधिक गहरी भी हो गई है।अब स्कूल को बचाने की चिंता सताने लगी है। विद्यालय को संरक्षित करने के लिए मैंने पिछले 15 वर्षों से स्थानीय जनप्रतिनिधि, पदाधिकारीओं एवं जिला के पदाधिकारीओं को आवेदन देकर कई बार गार्डवाल बनाने की मांग की है। परंतु अब तक किसी भी पदाधिकारी के कान में जूं तक नहीं रेंगी, पदाधिकारी एक कान से सुनते हैं दूसरे कान से निकाल देते हैं। स्कूल में बच्चों को पढ़ाने के दौरान विशेष कर बरसात के समय हमेशा डर लगा रहता है, कहीं अनहोनी घटना नहीं हो जाए, काफी रिस्क लेकर भगवान भरोसे बच्चों को स्कूल में पढ़ा रहे हैं।कब स्कूल गिर जाएगा कह नहीं सकते हैं।वहीं मामले को लेकर बड़कागांव प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जवाहर प्रसाद से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि अब तक मेरे पास इस प्रकार की कोई सूचना नहीं आई है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



## चानो में पांच दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ कलश शोभायात्रा निकाली गई जिसमें 500 कलश के साथ हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** बैहरी पंचायत के चानो में मंगलवार को एकादशी व्रत उद्यापन सह श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर कलश शोभायात्रा निकाली गई सभी श्रद्धालुगण परासटांड़ चानो आचार्य सुरेश पांडे के यज्ञ स्थल निवास स्थान मे वृंदावन से आए हुवे महाराज अरुण शुक्ला एवं बनारस से आए हुवे महाराज अरविंद पांडे के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर सभी श्रद्धालु गन कलश लेकर विदा किए और सभी कलश लेकर चानो नदी पहुंचे और चानो नदी मे जलभरनी कर पूरे गांव का बाजे गाजे के साथ भ्रमण किया गया ,श्रद्धालुओं के लिए संजय सिंह के द्वारा शरबत की व्यवस्था भी की ,मुख्य आचार्य सुरेश पांडे ने बताए कि प्रत्येक दिन संध्या 7:30 बजे प्रवचन होगा मौके पर इस यज्ञ के आयोजक आचार्य सुरेश पांडे ,आचार्य वासुदेव पांडे आचार्य डब्लू पांडे, आचार्य राजेश पांडे आचार्य संजय पांडे आचार्य अमरजीत पांडे, अचार्य शैलेश पांडे,आचार्य मुकेश पांडे ब्राह्मण समाज के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक, सदर उपप्रमुख रविकांत सिंह, बैहरी पंचायत मुखिया पवन यादव, दहेज मुक्त संस्था के अमरदीप कुमार और रामस्वरूप मिस्त्री, खादी भंडार के अध्यक्ष प्रमोद पांडे, भाजपा नेता प्रमोद सिंह, नरेश महतो, रवि सिंह, सुधीर कुमार, मनोज यादव, जितेंद्र कुमार, दिलीप यादव, त्रिपुरारी सिंह, संजय सिंह, बबलू सिंह, वीरन गोप, चेतलाल महतो, सचिन तिवारी ,देवेंद्र सिंह, अरुण सिंह, सतीश चंद्र पाठक, सरजू पांडे, अयोध्या पांडे, देवदत्त कुशवाहा, मनोज पांडे, आलोक पांडे, अजीत कुमार, शिवम पांडे, नारायण महतो, गौरा देवी, सुमित्रा देवी, राधा देवी, संध्या देवी, नंदिनी देवी, मनोज कुमार, मंजू देवी, पूजा देवी, अजीत तिवारी, अशोक कुमार, उगन महतो एवं काफी संख्या में श्रद्धालु गण शामिल हुए।



## संक्षिप्त समाचार

### थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सपन्न



**संवाददाता राम कुमार**

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना परिसर में एसडीपीओ बिनोद रवानी के अध्यक्षता में मंगलवार को बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति का बैठक की गई। बैठक में बीडीओ सोमा उरांव के अलावे राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ता, समाजसेवी के साथ-साथ कई पुलिस पदाधिकारी एवं ग्रामीण शामिल हुए।शांति समिति की इस बैठक में सभी समुदायों के लोगों ने एकजुटता का परिचय देते हुए प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।मौके पर एसडीपीओ विनोद रवानी ने कहा कि पर्व में शांति व्यवस्था को भंग करने वालों पर पुलिस शख्ती से पेश आएगी,साथ ही सोशल मीडिया पर साइबर सेल के माध्यम से नजर रखी जाएगी। इस बैठक में उपरोक्त लोगों के अलावे इंस्पेक्टर परमानंद बीरुआ, थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, पुअनि अनुभव कुमार सिन्हा, पुअनि रंजन पासवान, पुअनि अमित कुमार दास पुअनि गौतम कुमार, विजय कुमार, शमीम खान, गिरधारी यादव मो0 इमरान, प्रेम प्रसाद गुप्ता, राजद नेता श्याम सुंदर यादव, सोनू कुमार सिंह, गंगेश्वर यादव, प्रदीप गंझू, शैलेश कुमार सिंह, मो0 नईम, आजाद अंसारी, उदयनाथ यादव, अरुण कुमार, साजिद खान, मो0 सनाउलाह, सहेंद्र राम सहित कई लोग मौजूद थे।

### गोमो में रजविया क्लासेज इंस्टीट्यूट के सभी टॉपर छात्रों को पुरुस्कार देकर किया गया सम्मानित



**गोमो।** हर साल की तरह इस साल भी 3 जून 2025 को रजविया क्लासेज इंस्टीट्यूट सुभाष नगर एवं सुकूडीह ब्रांच 2 में रजविया इंस्टीट्यूट के सभी टॉपर बच्चों को पुरुष्कार देकर सम्मानित किया गया। टॉपर बच्चों में फर्स्ट मारिया प्रवीन 88.8% सेकंड दीपा कुमारी 88.4% थर्ड खदीजा अमीन 86.2% रही। 60% बच्चों को 70 से 80त्न मार्क्स मिले। वहीं 40% बच्चे 80 से 90% मार्क्स लाकर उत्तरीन हुए। इस खुशी के मौके पर इंस्टीट्यूट के प्रोफेसर मुस्तकीम सर ने सभी को पुरुस्कृत कर उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सभी छात्रों ने एक दूसरे को केक खिलाकर खुशियां मनाई।

### रविदास महासभा का प्रतिनिधिमंडल चतरा उपायुक्त से मिलकर रखी अपनी बात



**आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास**

**चतरा।** रविदास महासभा चतरा नगर अध्यक्ष बीरेंद्र दास ,हंटरगंज प्रखंड सचिव पिंटू दास एवं जिला मीडिया रंजीत कुमार दास ने माननीय उपायुक्त महोदय कृति श्री जी से शिष्टाचार मुलाकात किए और साथ ही साथ जिले में अंबेडकर पुस्तकालय ,अंबेडकर भवन तथा गरीब गुरुओं के लिए रैन बसेरा की मांग की। इस मांगो को लेकर माननीय उपायुक्त महोदय ने यह आश्वासन दिया कि जिले में स्थल जांच कर अविलंब कार्य को शुरू किया जाएगा।

### अज्ञात युवती हत्याकांड का पत्थलगड्डा पुलिस ने किया उद्वेदन

● हत्या में शामिल एक आरोपी को किया गिरफ्तार



**सुनील कुमार दास आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता पत्थलगड़ा**

**पत्थलगड्डा।** पत्थलगड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंघानी के परसोनिया नदी में आज से लगभग एक महीना पहले एक युवती की हत्या कर शव को नदी के किनारे फेक दिया गया था वहीं मामले का उद्भेदन करते हुए। पत्थलगड्डा पुलिस ने मंगलवार को हत्या में शामिल युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज में दिया गया। इस दौरान थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया की मामले का अग्रिम कार्रवाई करते हुए पत्थलगड़ा थाना यू0डी0 कांड संख्या 02/2025 दर्ज कर पत्थलगड़ा थाना के द्वारा उदभेदन करते हुए अज्ञात लड़की जिसका नाम उषा कुमारी पिता चान्दो गंझू ग्राम बकचुम्मा थाना केरेडारी जिला हजारीबाग का वादी चांदो गंझू पिता स्व0 गंदौरी गंझू ग्राम बकचुम्मा थाना केरेडारी जिला हजारीबाग के लिखित आवेदन के आधार पर हत्या का मामला पत्थलगड़ा थाना कांड संख्या 23/2025 दिनांक 01.06.2025 धारा 103(1)/238/3(5) ब्न्हस दर्ज कर प्राथमिकी के नामजद अभियुक्त मिथलेश गंझू पिता शंकर गंझू ग्राम मेरमगडा थाना पत्थलगड़ा जिला चतरा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

# अम्रपाली-चंद्रगुप्त क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, प्लास्टिक प्रदूषण को हराओ थीम पर ग्रामीणों और बच्चों ने दिखाया उत्साह



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता- अबुल कलाम**

**टंडवा- (चतरा)** सीसीएल के अम्रपाली-चंद्रगुप्त क्षेत्र में विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अवसर पर सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड सीसीएल के अम्रपाली-चंद्रगुप्त क्षेत्र में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की वैश्विक थीम प्लास्टिक प्रदूषण को हराओ कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय में पर्यावरणीय चेतना का विस्तार करना इस अवसर पर परियोजना प्रभावित गांवों के बच्चों और युवाओं के बीच निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता और विचारों के माध्यम से प्लास्टिक मुक्त समाज और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का नेतृत्व क्षेत्र के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने किया। उनके साथ परियोजना पदाधिकारी मोहम्मद अकरम, एसओ (प्लानिंग एंड प्रोडक्शन) के.के. पांडा, महाप्रबंधक (ऑपरेशन) ए.के. बी. सिंह, सीएसआर अधिकारी मोहसिन रज़ा, पर्यावरण पदाधिकारी मोनू कुमार राय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी प्रभावशाली बनाया। इनमें कोयद पंचायत के मुखिया किशुन राम और सेरेनदाग से लखन साव प्रमुख रूप से शामिल थे। इस अवसर पर एक विशेष पहल एक पेड़ माँ के नाम के तहत ग्रामीणों को फलदार पौधों का वितरण किया गया। इस अभियान का उद्देश्य न केवल हरियाली को बढ़ावा देना है, बल्कि इसे माँ के प्रति श्रद्धांजलि स्वरूप एक भावनात्मक पहल के रूप में प्रस्तुत करना भी है। महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा, ÷सीसीएल पर्यावरणीय दायित्वों के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। हम ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दे रहे हैं, बल्कि स्थानीय समुदायों में जागरूकता और सहभागिता को भी सशक्त बना रहे हैं।

# हंटरगंज में आंधी तूफान ने ढहाया कहर

● तेज आंधी में उजड़ा मुर्गी फार्म, लाखों का नुकसान

● पीड़ित ने जिला प्रशासन से की मदद की गुहार



**आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास**

**हंटरगंज (चतरा)।** प्रखण्ड क्षेत्र में मंगलवार की रात आई तेज आंधी और पानी में एक तरफ जहां भीषण गर्मी से लोगो को राहत मिली है । वही प्रखण्ड क्षेत्र के सरहचिया गांव में स्थित तूफान ने ढहाया कहर में एक मुर्गी फार्म पूरी तरह उजड़ गया।जानकारी के अनुसार उक्त मुर्गी फार्म सुरेंद्र यादव का है, जो हंटरगंज थाना क्षेत्र के सरहचिया गांव निवासी रामदेव यादव के पुत्र है। उक्त मुर्गी फार्म लगभग दो कट्ठा जमीन मे लगाया गया था, जिसके उजड़ जाने से लाखों रुपये की सम्पत्ति का नुकसान हो गया। इस संबंध में पीड़ित सुरेंद्र यादव तथा स्थानीय जिप सदस्य प्रतिनिधी बेचन यादव ने बताया कि मुर्गी फार्म उजड़ जाने से अंदेशा लगभग 3 लाख रुपये की सम्पत्ति का नुकसान हो गया, जिसकी भरपाई कर पाना किसान के बूते की बात नही है। जिप सदस्य प्रतिनिधी बेचन पासवान ने इस संबंध में पीड़ित किसान को पर्याप्त मुआवजा दिलाने की मांग जिला प्रशासन से की है। उन्होंने बताया कि पीड़ित किसान ने रिश्तेदारों और दोस्तों से कर्ज लेकर मुर्गी फार्म खोला था, जो सोमवार रात्री को आई तेज आंधी में पूरी तरह बर्बाद हो चुका है। बताते चले कि बदलाव मौसम से लगातार बढ़ रही गर्मी में कुछ कमी आई है और तापमान में गिरावट देखी जा रही है, जिससे लोग थोड़ी बहुत राहत महसूस कर रहे हैं। लेकिन आधी और पानी ने कई जगहों पर लाखों में जमकर नुकसान भी किया है।

# अनुसूचित जाति टोला में 6 महीनो से जलमीनार खराब

● पानी के लिए भटक रहे लोग ● ग्रामीणों ने जल्द से जल्द सोलर जल मीनार को चालू कराने की किया मांग ● अनुसूचित जाति टोला में 6 महीनो से जलमीनार खराब



**आदिवासी एक्सप्रेस/ संतोष कुमार दास**

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड के डाहा पंचायत अन्तर्गत सरहचिया अनुसूचित जाति टोला में लगे जलमीनार के खराब रहने से लोग पानी के लिए भटक रहे हैं। करीब छः महीना से खराब है लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधि और संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को इस ओर कोई ध्यान नहीं है। जलमीनार खराब होने से उसके गुणवत्ता पर सवाल खड़ा हो गया है। लोगों का कहना है कि संवेदक और कई अधिकारियों का हाथ रहने से जलमीनार में घटिया सामाग्री का प्रयोग कर सरकारी राशि का बंदरबांट कर लिया गया है। लेकिन इसकी मार ग्रामीण को झेलना पड़ रहा है। बता दें कि प्रखंड क्षेत्र में जितने भी जल मीनार लगाए गए है। उसमें आधे से अधिक खराब पड़ा हुआ है। ग्रामीण रूबी देवी, अबदनिया देवी, सरस्वती देवी, सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि यह जल मीनार 6 माह से खराब पड़ा हुआ है। लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। बताया कि खराब होने की शिकायत स्थानीय मुखिया से लेकर पेयजल विभाग से की गई। लेकिन अब तक कोई पहल नहीं हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि टोला में पीने के पानी का एकमात्र साधन उक्त सोलर जल मीनार ही है। इसके खराब हो जाने से स्थानीय ग्रामीणों के साथ साथ इस रास्ते से गुजरने वाले राहगीरों के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। दर्जनों घरों के लोग यहां से पानी ले जाते थे। लेकिन जल मीनार खराब होने से लोगों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द सोलर जल मीनार को चालू कराने की मांग किया है। इधर पीएचडी विभाग एसडीओ फैसल अंसारी ने कहा कि अभी चापानल रिपेयर हो सकता है जलमीनार नहीं।

# अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए कृषक मित्र

● कृषक मित्र महासंघ ने राज्यपाल के नाम उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

● कृषक मित्रों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं - सुभाष सिंह



**आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास**

**चतरा।** मंगलवार को कृषक मित्र महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन झारखंड के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री के नाम दिया गया है। प्रदेश महासचिव सुभाष सिंह, जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह समेत पांच कृषक मित्रों का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मिल कर ज्ञापन दिया। मौके पर प्रदेश महासचिव सुभाष सिंह ने उपायुक्त को बताया कि पिछले 15 वर्षों से आत्मा परियोजना, कृषि विभाग, सहकारिता, भूमि संरक्षण, गव्य विकास, पशुपालन, मत्स्य, उद्यान, आपदा, मनरेगा, स्वास्थ्य विभाग, पीएम किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री खुशहाली, मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना, मिट्टी जांच सहित अनेकों कार्य कृषक मित्र करते आ रहे हैं। परन्तु कृषक मित्रों का सम्मानजनक मानदेय नहीं है, मानदेय मांग को लेकर कृषक मित्र महासंघ वर्षों से संघर्षरत है सरकारें आश्वासन देती हैं पर अमल नहीं होता। आंशिक प्रोत्साहन राशि भी जो मिलता है वह भी पिछले 3 सालों का बकाया है। थक हार कर पिछले 27 मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर पूरे राज्य के कृषक मित्र चले गए हैं। जब तक हमारी मांगों पर सरकार निर्णय नहीं लेती है तब तक हड़ताल जारी रहेगा। जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने उपायुक्त से कहा कि हमारी मांगों को आप अपने माध्यम से सरकार तक पहुंचा कर कृषक मित्रों की समस्याओं को समाधान का प्रयास करें। मौके पर प्रदेश महासचिव सुभाष सिंह, जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह, प्रखंड अध्यक्ष रामस्वरूप यादव, अखलेश सिंह, राजकुमार दांगी, दिलिप सिंह, सुरेंद्र प्रसाद, बैजन्ती देवी, राजेन्द्र यादव, अशोक गंझू, सुरेश महतो, सुरेश राम, सहदेव यादव, भीम रजक, कन्हैया प्रसाद सिंह, विनय कुमार मिस्त्री, मुरारी यादव, चितरंजन यादव, संजय यादव, चंद्र देव यादव, प्रवीण कुमार, दिनेश रजक समेत कई लोग मौजूद थे।

### श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य कलश शोभा यात्रा निकली



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**साहिबगंज:** श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की मंगलमय कलश शोभायात्रा आज सुबह 8ः00 बजे कथा स्थल अंबाडिया गंगोत्री टोली डेरा मठिया से निकल कर जो तालबन्ना, रेलवे स्टेशन होते हुए मुक्तेश्वर बिजली घाट मंदिर पहुंची। जहां गंगा तट पर पहुंचकर पूजा अर्चना करके सभी आजमान संकल्प करके कलश धारी के साथ जल भरकर के पुनः कथा स्थल ले जाया गया। घोड़ा, रथ, गाजे बाजे के साथ 551 कन्याएं और सम्मानित बड़े बुजुर्ग और तमाम भक्त जनों के कलश शोभा यात्रा के साथ भक्ति माहौल में जयकारा लगाकर जा रहे थे। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से सकरीगली से हजारी बाबा पधारे, शोभापुर मठिया भट्ठा से लाल बाबा महाराज, श्री श्री 108 राम जानकी मंदिर भारत बाबा, मठिया से सुखराम दासजी महाराज, कथा वाचक धनंजय वैष्णव महाराज, शांति कुटिया अयोध्या जजमान के रूप में अन्य आदि ने पूजा पाठ करते हुए भक्ति का आनंद लेते हुए कथा स्थल पर अपना सेवा दान दे रहे हैं। वही आज से कथा संध्या 6ः00 बजे रात्रि से 10ः00 बजे तक प्रतिदिन किया जायेगा।इस कथा में विशेष रूप से वृंदावन से आए हुए झांकी मंडली के द्वारा सुंदर-सुंदर झांकियां दिखाई जाएगी और भजन मंडली के द्वारा सुंदर-सुंदर गीत संगीत और भजनों का आनंद कथा के साथ-साथ दिया जाएगा।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**साहिबगंज।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार महादेवगंज नया टोला जयंती ग्राम निवासी लक्ष्मण राम का 50 वर्षीय पुत्र सूरज राम किसी काम से कहीं जा रहा था। जहां महादेवगंज रास्ते में मोटरसाइकिल असंतुलित होकर बीच सड़क पर गिर गया जिससे चालक सूरज राम का सर में गंभीर चोट लगने से बुरी तरह घायल होकर मूर्छित हो गया। जहां राहगीरों की मदद से आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों के द्वारा इलाज किया गया।

### गंगा नदी में चलने वाले जहाज पर फायरिंग करने का आरोप के तहत केस दर्ज कराई गई

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**साहिबगंज।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र की पुलिस ने लंबे समय से आर्म्स एक्ट के पुराने मामले में फरार चल रहे आरोपी रामकृष्ण यादव पिता जमुना यादव को समदा नाला सकरीगली से मंगलवार को गिरफ्तार करने के बाद उसका मेडिकल जांच करवाने के लिए सदर अस्पताल लेकर आई। जहां सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने फौरन आरोपी का मेडिकल जांच किया जिसके बाद मुफस्सिल थाना क्षेत्र की पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। उधर मामले को लेकर थाना प्रभारी मदन कुमार ने बताया कि बीते दिनों 12 मार्च 2022 को गिरफ्तार आरोपी के द्वारा गंगा नदी में चलने वाले जहाज पर फायरिंग करने का आरोप के तहत केस दर्ज कराई गई थी जिसमें यह फरार चल रहा था। उधर इस मामले में अभी भी दो अन्य आरोपी नीरज यादव व विवेक यादव पुलिस की गिरफ्त से दूर है जिसकी गिरफ्तारी को लेकर मुफस्सिल थाना क्षेत्र की पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

# अगला अध्यक्ष कौनः रघुवर दास-अर्जुन मुंडा या किसी और नाम पर बनेगी सहमति



**रबि झा**

**जमशेदपुरः** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शीर्ष नेतृत्व की ओर से झारखंड में बाबूलाल मरांडी को पार्टी विधायक दल का नेता बनाया गया है। पार्टी नेतृत्व के इस फैसले के बाद यह लगभग तय हो गया है कि विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष का पद छोड़ना पड़ेगा। अब उनकी जगह अगला प्रदेश अध्यक्ष कौन होगा, इसे लेकर अटकलों का बाजार गर्म है।

**नए बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा जल्द :** राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि झारखंड बीजेपी अध्यक्ष पद के लिए नए नाम की घोषणा जल्द ही हो जाएगी। नए अध्यक्ष बनने के बाद राज्य में फिर से संगठन के विभिन्न पदों पर नए चेहरों को मौका दिए जाने की संभावना है, ताकि संगठन को फिर से मजबूती हो सके।

**रघुवर-अर्जुन और चंपाई समेत कई दौड़ में :** झारखंड के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद की दौड़ में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का नाम शामिल हैं। इसके अलावा पूर्व संपाई सोरेन भी रेस में हैं। इसके अलावा ओबीसी कोटे से आदित्य साहू और प्रदीप कुमार के नाम की भी चर्चा है। वहीं सामान्य जाति से पूर्व मंत्री रविंद्र राय के नाम की भी चर्चा है।

**रघुवर दास कर रहे हैं लगातार विभिन्न क्षेत्रों का दौरा :** पूर्व मुख्यमंत्री और ओडिशा में राज्यपाल का पद छोड़ने के बाद रघुवर दास झारखंड के अलग-अलग जिलो का लगातार दौरा कर पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रहे हैं। इस दौरान वो जन शिकायतों को लेकर सबंधित अधिकारियों से फोन पर बातचीत करने से भी पीछे भी नही हट रहे हैं। यही नहीं अपने दौरे के क्रम में उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**अर्जुन मुंडा का पुराने राजनीतिक दोस्तों के साथ बीत रहा समय :** दूसरी तरह पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का नाम भी झारखंड प्रदेश अध्यक्ष के लिए चल रहा है। लेकिन खूंटी लोकसभा से चुनाव हारने के बाद वो ज्यादातर समय जमशेदपुर के घोड़ाबांधा स्थित अपने आवास पर बीता रहे हैं। इस दौरान वो अपने पुराने राजनीतिक दोस्तों के साथ-साथ करीबी लोगों के साथ समय बिता रहे हैं।

**चंपाई सोरेन कोल्हान और संताल के दौरे पर :** झारखंड बीजेपी अध्यक्ष पद के लिए पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के नाम की भी चर्चा है। वो झारखंड मुक्ति मोर्चा छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए हैं, ऐसे में वो संगठन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने और पकड़ मजबूत करने में जुटे हैं। इसके लिए वो लगातार कोल्हान और संताल परगना प्रमंडल के विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं।

**कई ओबीसी और सामान्य जाति के नेताओं के नाम की भी चर्चा :** बीजेपी अध्यक्ष पद के लिए ओबीसी, अनुसूचित जाति और सामान्य जाति के भी कई नेताओं के नाम की चर्चा चल रही है। इनमें पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू और पूर्व सांसद रविंद्र कुमार राय के नाम भी चर्चा है।

## संक्षिप्त समाचार

### रोटरी क्लब ऑफ़ गिरिडीह ग्रेटर के द्वारा 15 से 17 जून तक होगा निशुल्क कृतिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** रोटरी क्लब ऑफ़ गिरिडीह ग्रेटर के द्वारा 15, 16 और 17 जून को श्री महावीर सेवा सदन कोलकाता के संयुक्त तत्वावधान में एक निशुल्क कृतिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन गिरिडीह के ईश्वर स्मृति भवन में किया जा रहा है। इस दौरान मीडिया प्रभारी विकास सिन्हा ने बताया कि रोटरी सत्र 2024-25 में इस तरह के शिविर रोटरी जिला 3250 के तरफ से प्रायोजित किये जा रहे है, इस शिविर में किसी भी दिव्यांग व्यक्ति को अपना आधार कार्ड देकर निशुल्क पंजीयन करवाना हैं बाकि सब कुछ निशुल्क में संस्था द्वारा प्रदान किया जा रहा है। जो लोग किन्हीं कारणवश दिव्यांग है अपने हाथ और पांव के कारण, उन लोगों को कृत्रिम अंग बिल्कुल निशुल्क दिया जाएगा और जिन्हें बैसाखी की जरूरत है उन्हें बैसाखी दिया जाएगा। रजिस्ट्रेशन के लिए अलका मेडिकल हॉल, आद्या लाइब्रेरी, पवित्री हॉस्पिटल, तिलक प्रेस ,न्यू वेल्थ, श्री साइन हॉस्पिटल बोडो आदि जगहों में रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क कर सकते है। यह कैंप बिल्कुल मुफ्त में लगाया जा रहा है किसी भी तरह का कोई भी चार्ज नहीं लिया जा रहा है।

### बड़ाघघरी पंचायत में मनरेगा से संचालित बिरसा हरित ग्राम योजना का बीडीओ संजय कुमार ने किया निरीक्षण



**आदिवासी एक्सप्रेस प्रतिनिधि राजेन्द्र नाथ मुर्मू, लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)।** मंगलवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी लिट्टीपाड़ा संजय कुमार के द्वारा पंचायत - बड़ा घघरी के धनगरा, कदवा, जोरडीहा और बड़ा घघरी गांव मे मनरेगा से क्रियान्वित बिरसा हरित ग्राम योजना एवं बिरसा सिंचाई कूप निर्माण योजनाओं का निरीक्षण किया गया। साथ ही पंचायत भवन बड़ा घघरी का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में बागवानी की साफ सफाई करने एवं लाइभ फेंसिंग को मेंनटेन करने के साथ-साथ पंचायत भवन के सुदृढ़ीकरण के बारे में सम्बंधित रोजगार सेवक एवं पंचायत सचिव को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी मानिक दास, कनीय अभियंता नैयर आलम, पंचायत सचिव मो. जाफरान अंसारी, रोजगार सेविका मालोती मुर्मू उपस्थित थे।

### जनता दरबार पहुंचे लोगों के मामलों पर अपर समाहर्ता ने की सुनवाई

● प्राप्त आवेदनों पर लिया संज्ञान, संबंधित पदाधिकारियों को निष्पादन का दिया जरूरी निर्देश



**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**पाकुड़-** मंगलवार को उपायुक्त मनीष कुमारके निर्देश पर अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। अपर समाहर्ता ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में जमीन से संबंधित, धान की फसल में अगलगी को लेकर भुगतान, जल पाईप लाईन योजना से संबंधित आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे।

### विधायक हेमलाल मुर्मू के पहल से जड़ाकी पंचायत के उदलबनी गाँव पहुँचा बोरिंग गाड़ी



**अमड़ापाड़ा-**प्रखंड क्षेत्र के जड़ाकी पंचायत के उदलबनी गाँव मे पानी की समस्या को लेकर विगत कल ग्रामीणों द्वारा किये गये सड़क जाम का मामला जब विधायक हेमलाल मुर्मू के संज्ञान में आया तो विधायक हेमलाल मुर्मू ने इसे गंभीरता से लिया। विधायक हेमलाल मुर्मू के निर्देश पर आज बोरिंग हेतू गाड़ी जड़ाकी पंचायत के उदलबनी गाँव पहुँचा। बोरिंग गाड़ी देखकर उदलबनी गाँव के ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने विधायक हेमलाल मुर्मू का हृदय से आभार जताया और विधायक हेमलाल मुर्मू द्वारा किये गए त्वरित कार्रवाई की प्रशंसा की। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष श्यामलाल हांसदा, प्रखंड सचिव जहीरुद्दीन मियां, प्रखंड सह सचिव रंजीत पंडित, जड़ाकी पंचायत के पंचायत अध्यक्ष अशोक हेम्बरम, सचिव मनोज सोरेन, भीमसेंट हेम्बरम, मरकुस मुर्मू सहित दर्जनों कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

# आम उत्सव सह बागवानी मेला का हुआ आयोजन

● आयोजित मेला में किसानों ने अपनी बागवानी के उपज का स्टॉल लगाकर प्रदर्शनी किया ● किशानो ने विदेशी आमों कि प्रजाति का भी किया प्रदर्शनी

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो**



**हिरणपुर (पाकुड़)** हिरणपुर प्रखंड परिसर में मंगलवार को मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत एक दिवसीय आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया। जिसमें कृषकोणी विदेशी प्रजाति के मूलतः अमेरिका, थाईलैंड, ब्रूनोई, जापान सहित स्थानीय प्रजाति की काफी किस्म के आम का प्रदर्शनी लगाया गया।इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित जिला परिषद उपाध्यक्ष श्री अशोक कुमार भगत, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्री टुडु दिलीप, अंचलाधिकारी मनोज कुमार, पंचायत के मुखिया, किसान एवं बीपीओ टिंकल चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर मेला का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण को आम बागवानी के लिए प्रेरित किया गया। ताकि वे अधिक से अधिक आम बागवानी कर अपनी जीविका का साधन अपना सकें। मेला में विगत वर्षों के बागवानी के किसानों ने अपनी बागवानी के उपज का स्टॉल लगाकर प्रदर्शनी लगाई। जहां पर लोगों ने आम खरीदा। वहीं महिला किसानों ने अपने आम बागवानी से जुड़े अनुभवों को भी बताया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ श्री टुडु दिलीप ने ग्रामीणों को आम की बागवानी के लिए प्रेरित किया जिससे वे अधिक से अधिक आम बागवानी लगाकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकें। इसलिए ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण इस योजना का लाभ लेकर स्वावलंबी बन सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद उपाध्यक्ष ने कहा कि आम बागवानी का लाभ उठाकर कई ग्रामीण स्वावलंबी बन रहें हैं। इसलिए अधिक से अधिक ग्रामीण इस योजना का लाभ जरूर उठायें। उनके उत्पादनों के लिए बाजार की व्यवस्था भी की जाएगी।

जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक भगत, प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री टुडू दीलिप एवं अचल अधिकारी श्री मनोज कुमार ने किसान कोरोलिना किस्कु, सोनामुनी हेम्ब्रम, निरंजन भंडारी एवं मिठून साह को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।

मौके पर प्रभारी बीपीएम, जेएसएलपीएस शंकर तिवारी, प्रधान सहायक, कर्मीगण एवं अन्य उपस्थित थे।

# विधायक कक्ष में लोगों की समस्याओं से अवगत हुए- विधायक प्रतिनिधि बरकत खान

**आदिवासी एक्सप्रेस जिला ब्यूरो**
**अजय कुमार कुशवाहा**



**बरहरवा** प्रत्येक मंगलवार की भांति आज मंगलवार को बरहरवा प्रखंड के विभिन्न पंचायत से आए आम जनों और विजय कुमार ,सुनंदा देवी, रितेश भगत, साईनूर बीबी, गुलेजान बीवी, जानकी मंगल, फातेमा बीबी इत्यादि की समस्याओं से रूबरू हुए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ।

ग्रामीण क्षेत्र एवं नगर पंचायत से आए पुरुष एवं महिलाओं ने विधायक कक्ष में अम्बेदकर आवास, अबुआ आवास, संबंधित शिकायत, पेंशन संबंधित शिकायत, मैया सम्मान योजना संबंधित शिकायत,राशन कार्ड न बनने की शिकायत, जाति आय निवास से संबंधित शिकायत , पेयजल संबंधित शिकायत, आधार अपडेट से संबंधित, बैंक संबंधित शिकायत भूमि विवाद, अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी संबंधित शिकायत विधायक प्रतिनिधि से की।

बरकत खान ने जनता दरबार में आऐ शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याओं को सुना। सभी शिकायतों की निष्पक्ष जांच व त्वरित समाधान हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया।

वहीं बरहरवा नगर पंचायत के वार्ड संख्या 10 के ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम से नाला में स्लैब लगाने संबंधित समस्या से अवगत कराया विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने आवेदन को अनुशंसा करके कार्यपालक पदाधिकारी बरहरवा को भेज कर जल्द से जल्द वार्ड संख्या 10 में नाला में स्लैब की समस्या को निदान करने का निर्देश दिया।

उसके उपरांत विधायक प्रतिनिधि बरकत खान जी आवास संबंधित समस्या को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी सनी कुमार दास जी से मिलकर आवास से संबंधित समस्या का निदान करवाया।

बरकत खान ने बताया की पाकुड़ विधानसभा की लोकप्रिय विधायक निसात आलम का भी सख्त निर्देश है कि जो भी लोग अपनी समस्या लेकर विधायक कक्ष में आते है ,उनके समस्या का निस्वार्थ भाव से समाधान किया जाए।

बरकत खान ने बताया कि हम लोग कुछ समस्याओ का ऑन द स्पॉट समाधान करवा देते हैं एवं कुछ समस्या अगर अधूरा रह जाता है तो पदाधिकारी को हम लोग निर्देशित कर देते हैं कि जल्द से जल्द समस्या का निदान किया जाए।

मौके पर प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुड्डू, रबीउल इस्लाम, हीरालाल साहा, मिथुन मंडल, अनंत लाल भगत ,नेहाल अख्तर, प्रमीत तिवारी, शमशेर खान, सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### अनिकेत कुमार को धारदार हथियार व लाठी डंडे से मार कर बुरी तरह घायल कर दिया



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**साहिबगंज।** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सकरुगढ़ पूर्वी फाटक निवासी रमेश यादव का 10 वर्षीय पुत्र अनिकेत कुमार को धारदार हथियार व लाठी डंडे से मार कर बुरी तरह घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बड़े भाई अनिकेश कुमार यादव ने बताया कि सुबह 9:00 बजे दूध लेकर रास्ते में अपने छोटे भाई अनिकेत कुमार के साथ जा रहे थे, वहीं पीछे से पप्पू यादव, पंकज यादव, अंगद यादव, चपड़ा, और एक अन्य युवक सब मिलकर मेरे भाई अनिकेत कुमार के ऊपर पीछे से सर पर तलवार और लाठी डंडे से वार कर बुरी तरह घायल कर वहां से फरार हो गया। जहां उक्त किशोर जख्मी हालत में सड़क पर गिरकर मूर्छित हो गया। वहीं बड़े भाई ने अपने छोटे भाई का जान बचाने के लिए बीच बचाव किया जिससे वह भी जख्मी हो गया है। वहीं बड़े भाई ने आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज करने के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मालदा रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस जांच में जुट गई है।

# पुरानी रंजिश में किया जानलेवा हमला दाहिने हाथ में भी गंभीर जख्म के निशान

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**
**प्रिंस मिश्रा**



**बरहरवा** थाना क्षेत्र के नीम शहर गांव में पुरानी रंजिश में जान लेवा हमला करते हुए रामनाथ मंडल उम्र 40 वर्ष पिता कन्हाई मंडल का हाथ काट दिया। वही माथा, पीठ एवं दाहिने हाथ में भी गंभीर जख्म के निशान है। आनन फानन में परिजनों ने गंभीर रूप से घायल रामनाथ मंडल को लेकर बरहरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा। जहां मौके पर मौजूद चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर पंकज कर्मकार के द्वारा चिकित्सा प्रारंभकी गई। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर मामले का जायजा लिए हैं, साथ ही पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश भी दिया है। वहीं प्रारंभिक चिकित्सा के उपरांत गंभीर रूप से घायल रामनाथ मंडल को बेहतर इलाज हेतु रेफर कर दिया गया। वही इस दौरान रामनाथ मंडल ने बताया कि वह निमशहर बरारी स्थित पांचू मंडल के दुकान के समीप खड़ा था, इसी दौरान तीन व्यक्ति हंसुआ लेकर दौड़ते हुए आया, इस बाबत रामनाथ मंडल भाग कर पास ही करीब एक मकान में घुस गया, जहां तीनों व्यक्ति ने उसका पीछा करते हुए घर में घुसकर अंधाधुंध हंसुवा चलाया। जिससे मौके पर ही रामनाथ मंडल का बांया हाथ काट कर अलग हो गया, जबकि शरीर के अन्य हिस्से में कई एक गंभीर जख्म मौजूद है। इस बाबत थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह ने बताया कि घटना में शामिल सभी की पहचान की जा चुकी है, जल्द ही सभी की गिरफ्तारी की जाएगी।

### मंडल कारा साहेबगंज में बंदियों के लिए फास्ट फूड प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**साहिबगंज।** भारतीय स्टेट बैंक एवं राष्ट्रीय स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), साहेबगंज के संयुक्त तत्वावधान में आज मंडल कारा साहेबगंज में बंदियों के पुनर्वास एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। जेल परिसर में कैदियों के लिए 13 दिवसीय फास्ट फूड प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई, जिसका उद्देश्य बंदियों को व्यावसायिक दक्षता प्रदान कर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती उपस्थित रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण सत्र का विधिवत उद्घाटन किया। अपने संबोधन में डीसी ने कहा कि यह पहल न केवल बंदियों के कौशल विकास की दिशा में महत्वपूर्ण है, बल्कि इससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी मिलेगा। उन्होंने आशा जताई कि प्रशिक्षण के बाद कैदी अपनी रिहाई के पश्चात स्वरोजगार के माध्यम से सम्मानजनक जीवन जी सकेंगे। कारा अधीक्षक चंद्रशेखर सुमन ने बताया कि प्रशिक्षण में बंदियों को सैंडविच, बर्गर, चाउमीन, समोसे, पकोड़े जैसे विभिन्न प्रकार के फास्ट फूड बनाने की विधियाँ सिखाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम जेल सुधार की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास है, जिससे बंदियों में आत्मविश्वास का संचार होगा। मौके पर जेएसएलपीएस के डीपीएम मार्टिन तारीक, आरसेटी के प्रशिक्षकगण, बैंक प्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण की रूपरेखा तथा तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में बंदियों ने भी इस पहल के लिए प्रशासन का आभार जताया और आश्वस्त किया कि वे इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएंगे। यह प्रयास न केवल सुधारात्मक है बल्कि सामाजिक पुनर्वास की दिशा में एक मिसाल भी है।

# मंगलवार को एक बालक हाइवा (जेएच 04 एल 1854) के चपेट में आने से बुरी तरह घायल हो गया

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**



**साहिबगंज।** मिर्जाचौकी थाना खनन चेक नाका के पास मंगलवार को एक बालक हाइवा (जेएच 04 एल 1854) के चपेट में आने से बुरी तरह घायल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार लाल बथानी सरपंच टोला निवासी अब्बू ताहिर का 12 वर्षीय पुत्र मो. तौफीक सुबह में अपने परिजनों के साथ मोटरसाइकिल से पीरपैंती प्यालापुर हटिया बकरा को लेकर बेचने के लिए जा रहा था। जहां मिर्जाचौकी खनन चेक नाका के पास रास्ते में तेज रफ्तार हाइवा ने उक्त बालक तौफीक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया जिससे वह बुरी तरह जख्मी होकर बीच सड़क पर गिरकर मूर्छित हो गया। हादसे में बालक का कमर से नीचे का हिस्सा बुरी तरह जख्मी हो गया है। परिजनों ने इलाज के लिए आनन-फानन में सदर अस्पताल साहिबगंज लाया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने उक्त घायल बालक का प्राथमिक इलाज करने के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए भागलपुर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। हाइवा चालक घटना के बाद फरार हो गया। उधर गुस्साए ग्रामीणों ने घटना के बाद घंटों हाइवा को रोके रखा। जानकारी मिलने पर मिर्जाचौकी थाना एवं पुलिस इंस्पेक्टर राजीव रंजन घटनास्थल पर पहुंचकर मामले को शांत कराते हुए परिजनों को उचित न्याय दिलाने का भरोसा दिया। पुलिस ने युक्त हाइवा को जब्त कर लिया है। पुलिस केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# जल जीवन मिशनः साहेबगंज–दुमका मेगा जलापूर्ति योजना की समीक्षा हेतु केंद्रीय टीम का दौरा

● संयुक्त सचिव डॉ. मिलिंद रामटेके की अध्यक्षता में हुई महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक ● पेयजल योजना की प्रगति को लेकर अधिकारियों से ली गई विस्तृत रिपोर्ट

● डीसी साहेबगंज ने दिया आश्वासन - तय समय सीमा में पूर्ण होगी योजना ● डॉ. रामटेके ने अधिकारियों को दिया निर्देश-कार्य में तेजी लाएं और बाधाओं का शीघ्र समाधान करें

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**



**साहिबगंज।** समाहरणालय सभागार, साहेबगंज में जल जीवन मिशन के अंतर्गत साहेबगंज- गोड्डा- दुमका मेगा जलापूर्ति योजना की प्रगति की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन केन्द्रीय टीम (कॉन्स) के द्वारा किया गया। इस समीक्षात्मक बैठक की अध्यक्षता डॉ. मिलिंद रामटेके (आईएएस), संयुक्त सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा की गई। इस अवसर पर चंदन बनर्जी, तकनीकी पदाधिकारी, डीसी हेमंत सती, अपर समाहर्ता गौतम भगत, अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आईन्द, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल साहेबगंज के सहायक अभियंता, तथा कनीय अभियंता सहित अन्य संबंधित पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।बैठक में डॉ. रामटेके ने योजना की वर्तमान प्रगति का विस्तृत जायज़ा लिया और पदाधिकारियों से बारीकी से रिपोर्ट प्राप्त की। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता, समयबद्धता और जनता को मिलने वाले लाभों के बारे में गहराई से चर्चा की। साथ ही, उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि जल जीवन मिशन के उद्देश्य को हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने की दिशा में समयबद्ध ढंग से कार्य किया जाना चाहिए। बैठक के दौरान यह जानकारी दी गई कि साहेबगंज- गोड्डा- दुमका मेगा जलापूर्ति योजना के तहत कई गांवों में पाइपलाइन बिछाने एवं जलापूर्ति की दिशा में ठोस कार्य हो चुका है, जबकि कुछ स्थानों पर तकनीकी एवं भौगोलिक चुनौतियों के कारण प्रगति धीमी रही है। इस पर डॉ. रामटेके ने निर्देश दिया कि अवरोधों की शीघ्र पहचान कर समाधान सुनिश्चित किया जाए। डीसी साहेबगंज ने आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन पूर्ण तत्परता से योजना को सफल बनाने हेतु कार्यरत है और हर संभव सहयोग दिया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यस्थलों का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा योजनाओं की प्रगति की रिपोर्ट समय-समय पर प्रस्तुत की जाए। बैठक में सहभागियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की स्थिति से अवगत कराया और समस्याओं पर चर्चा की। अंत में, डॉ. रामटेके ने सभी पदाधिकारयो से अपेक्षा की कि वे समन्वय स्थापित कर इस महत्वाकांक्षी योजना को शीघ्रता से पूर्ण करें, ताकि आमजन को शीघ्र लाभ मिल सके। बैठक के उपरांत केंद्रीय टीम के द्वारा प्रखण्ड तालझारी, बोरियो एवं राजमहल के इंटेक वेल, ईएसआर, यूजीआर, डब्ल्यूटीपीका स्थलीय निरीक्षण किया गया।

# निशाने पर सिर्फ मूर्ति भर नहीं है!

## >> विचार

> “ बाबा साहब की मूर्ति कोई ऐसे ही नहीं पधराई जा रही थी। किसी दूसरे का ताला तोड़कर, रात के अँधेरे में किसी दूसरे धर्म के पूजाघर में घुसकर जबरिया नहीं बिठाई जा रही थी। बाकायदा सारे नियम-विधानों और उच्चतम आदेशों के समुचित क्रियान्वयन के साथ लगाई जा रही थी। 19 फरवरी 2025 को मप्र के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को ग्वालियर के ज्यादातर वकीलों के हस्ताक्षर से युक्त एक ज्ञापन दिया गया, जिसमे डॉ. अम्बेडकर की मूर्ति लगाने का आग्रह किया गया। 26 मार्च को उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार ने आदेश दिया कि अधिकांश वकीलों की राय को देखते हुए मूर्ति की स्थापना की जाए। इस बीच नगर निगम बनाएगी या सरकार, पैसा कहाँ से आयेगा वगैरा की संभावित वितंडा और आशंका से बचने के लिए स्वयं वकीलों ने कोई दस लाख रुपये इकट्ठा करके मूर्ति का निर्माण करवा लिया।

**बादल सरोज**

मप्र हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ के परिसर में डॉ. बी आर अम्बेडकर की मूर्ति लगाने के सवाल पर हो रहे विरोध को सिर्फ स्वयं को वकील बताने वाले चंद कुंदबुद्धि, जातिवादी, लम्पट और स्तरहीन व्यक्तियों की खुराफात समझना गलत समझदारी होगी। निशाने पर सिर्फ मूर्ति भर नहीं है, निशाने पर सिर्फ बाबा साहब भी नहीं हैं, असली निशाना भारत को कुछ हद तक रहने योग्य तथा भविष्य में बेहतरी की ओर जाने की संभावना वाला बनाने वाला वह हासिल है, जिसे सैकड़ों वर्ष तक चले सामाजिक सुधार के संघर्षों और कोई नब्बे साल चले महान स्वतंत्रता संग्राम ने पाया है। इनके निशाने पर वह रोशनी है, जो मनु की अंधेरी गुफा में सदियों तक जकड़े रहे भारत के समाज ने बड़ी मुश्किल से हासिल की है। इनके निशाने पर भारत का वह संविधान है, जिसने कोई पांच-सात हजार साल की सभ्यता के इतिहास में पहली बार सबकी समानता, समता की बात लिखी गयी। सबकी बराबरी के अधिकार वाले लोकतंत्र को स्थापित किया। अपनी बात कहने, असहमति और विरोध जताने, संगठित होने तथा अपनी मर्जी और पसंद का धर्म मानने अथवा कोई भी धर्म न मानने के बुनियादी अधिकार दिए भी, दिलाये भी। बाबा साहब अम्बेडकर इसको बनाने वाली संविधान सभा की ड्राफ्टिंग कमेटी के चेयरमैन थे, इसलिए उन्हें इस देश की जनता ने संविधान निर्माता माना। इस प्रकार उनकी मूर्ति लगाए जाने का विरोध सिर्फ उनकी मूर्ति लगाए जाने का विरोध भर नहीं है ; वे जिसके प्रतीक मान लिए गए हैं, उस सबका निषेध है। जो इस मसले को दलित बनाम सवर्ण बताने की डेढ़ सियानपट्टी दिखा रहे हैं, वे दरअसल ऐसा इसलिए कर रहे हैं, ताकि अपनी बुरी नीयत और पापी इरादे को जाति की भेड़ की खाल में छुपा सकें। पृथ्वी के इस भूभाग के 'आदि वैद्य' कहे जाने वाले चरक की उक्ति में कहा जाए, तो जो इस तरह की ‘चतुराई’ कर रहे हैं, वे निस्संदेह बड़े वाले धूर्त हैं और जो इनके झांसे में आ रहे हैं, वे उनसे भी ज्यादा बड़े वाले मूर्ख हैं। अफ़सोस की बात है कि धूर्तता और मूर्खता



का यह मधुमिलन उस हाईकोर्ट के परिसर में हो रहा है, जिसे जनता न्यायविद्वत्ता और विवेक का परिसर मानती है। उन वकीलों के बीच, उनके नाम पर हो रहा है, जिन्हें विद्वान् और समझदार तथा समाज की चेतना को आगे बढ़ाने वाला, उसे संस्कारित करने वाला माना जाता है। बाबा साहब की मूर्ति कोई ऐसे ही नहीं पधराई जा रही थी। किसी दूसरे का ताला तोड़कर, रात के अँधेरे में किसी दूसरे धर्म के पूजाघर में घुसकर जबरिया नहीं बिठाई जा रही थी। बाकायदा सारे नियम-विधानों और उच्चतम आदेशों के समुचित क्रियान्वयन के साथ लगाई जा रही थी। यह प्रक्रिया इन राहों से गुजर कर पूरी हुई : 19 फरवरी 2025 को मप्र के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को ग्वालियर के ज्यादातर वकीलों के हस्ताक्षर से युक्त एक ज्ञापन दिया गया, जिसमे डॉ. अम्बेडकर की मूर्ति लगाने का आग्रह किया गया। 26 मार्च को उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार ने आदेश दिया कि अधिकांश वकीलों की राय को देखते हुए मूर्ति की स्थापना की जाए। इस बीच नगर निगम बनाएगी या सरकार, पैसा कहाँ से आयेगा वगैरा की संभावित वितंडा और आशंका से बचने के लिए स्वयं वकीलों ने कोई दस लाख रुपये इकट्ठा करके मूर्ति का निर्माण करवा लिया। 21 अप्रैल को हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार ने पी डब्लू डी विभाग को आदेश दिया कि वह मूर्ति लगाने के लिए चबूतरे का निर्माण करे। चबूतरा बन गया। 10 मई को कुछ कथित वकीलों ने गिरोह बनाकर जहाँ प्रतिमा स्थापित होनी थी, ठीक उस चबूतरे पर जाकर तिरंगा फहरा दिया। यह राष्ट्रध्वज का दुरुपयोग ही नहीं, उसका अपमान और एक ऐसा अपराध भी था, जिसके लिए दण्ड तक के प्रावधान है। मगर इन दिनों देश का यह दुर्भाग्य बन गया है कि जिन्होंने आजादी की पूरी लड़ाई में तिरंगे को कभी हाथ में नहीं लिया, आजादी के बाद जब इसे राष्ट्रध्वज का दर्जा मिला, तो इसका विरोध किया, इसे अपशकुनी तक बताया, इसे कभी अपने देश का झंडा न मानने की घोषणाएं की, इन दिनों वे ही इस झंडे का इस्तेमाल अपने कुकर्मों, असफलताओं और कुत्सित इरादों को छुपाने के लिए कर रहे हैं। ठीक वही अदा यहाँ दिखाई गयी। 14 मई से झ जिस गिरोह से ये ताल्लुक रखते हैं, उसकी आई टी सैल के अंदाज में - सोशल मीडिया पर मुहिम छेड़ दी गयी और पोस्टरबाजी शुरू हो गयी। इसी गर्मागर्मी में 17 मई को कथित भीम आर्मी का कोई बन्दा मूर्ति लगाने का ज्ञापन देने गया, तो उस पर हमला बोल दिया गया। हमलावर कौन थे, यह खुद उन्हीं ने वायरल हुए वीडियोज में बताया है। खुद को सनातनी और हिन्दुत्ववादी बताते हुए उन्होंने दलितों को छूट गालियाँ दीं। उन्हें आरक्षण देकर कहाँ से कहाँ तक पहुंचाने के ताने और उलाहने दिए। उस समय जो मप्र हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश थे, उन जस्टिस सुरेश कुमार कैथ झ जो दलित भी हैं झ को उनकी जाति की याद दिलाते हुए घोर आपत्तिजनक टिप्पणियाँ की गयीं। खुलेआम मारने, तोड़ने की धमकियां और डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा लगने पर उसे तोड़कर गिराने की गीदड़ भभकियां तक दी गयीं। यह सब होता रहा और सरकार और उसका प्रशासन हाथ हाथ पर हाथ धरे बैठा रहा। मीडिया इसे वकीलों के दो समूहों के बीच का विवाद बताता रहा और इस तरह अपराध को वाद-विवाद की चादर ओढ़ाता रहा। कुल मिलाकर सार यह है कि बाबा साहब की मूर्ति के बहाने जो लपक रहे है, उनके वेश या बाने पर जाने की बजाय इरादे पर जाना होगा। मिथिहासों में रावण साधु का वेश धर कर आया था। मारीच सोने का हिरण बनकर आया था। शकुनि मामा बनकर आया था। मिथकों और महा आख्यानों में ऐसे उदाहरणों की भरमार है कि भेड़िये कोई भी रूप धरकर आ सकते हैं। इन दिनों भेड़िये संविधान को चींथने और भभोड़ने के लिए झपट रहे हैं। अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग झुण्ड छोड़ दिए गए हैं। इस बार भेडिये तिलक लगाकर सनातन का बाना ओढ़कर आये हैं। सामान्य विवेक और विधि सम्मत राज की पहली शर्त है कि इन पर मुकद्दमे दर्ज किये जाने चाहिए, इस तरह का द्वेष और गरल फैलाने वालों को यथोचित दण्ड दिया जाना चाहिए। मगर क्या यह काम वो सरकार करेगी, जिसने सारे प्रोटोकॉल ताक पर रखकर सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस गवई को उनकी मुम्बई यात्रा में ओला जैसी प्राइवेट टैक्सी में बिठा दिया ? उन्हें रिसीव करने तक कोई नहीं पहुंचा था!! क्या इसलिए कि वे भारत के उंगलियों पर गिने जाने वाले ऐसे मुख्य न्यायाधीश है, जो दलित समुदाय से इस पद तक पहुंचे हैं। अब जिन्होंने देश के सीजेआई के साथ इस बर्ताव की जिम्मेदारी तय नहीं की, वे ग्वालियर हाईकोर्ट के मूर्ति मामले में कुछ करेंगे नहीं। संविधान बचाना है, तो भेड़ियों को ललकारना होगा -- इसी के साथ उन्हें भी पहचानना होगा, जो इस तरह के भेड़ियों को पालते हैं, क्योंकि जो समाज इतिहास से सबक नहीं लेता, उसे मारीचों, शकुनियों और मनुओं की वापसी का अभिशाप झेलना पड़ता है। लिहाजा वक़्त का तकाजा है कि जो भी संविधान और उसके बाबा साहब जैसे प्रतीकों का महत्व समझते हैं, उन सबको एकजुट होना चाहिए।

**(लेखक 'लोकजतन' के संपादक हैं )**

## संपादकीय

# दावों को नजरअंदाज करना ही बेहतर

बेशक सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने एक साक्षात्कार में स्वीकार किया है कि हालिया संघर्ष में शुरुआत के दो दिनों में हमें हवाई नुकसान उठाना पड़ा। नंबर अहम नहीं हैं, लेकिन हमने गलतियां सुधारीं और अपने टारगेट पर हमला बोल कर उसे तबाह कर दिया। डीजीएमओ (एयर ऑपरेशन) एयर मार्शल एके भारती ने भी लगभग यही बात कही थी कि जंग में नुकसान अपरिहार्य है, लेकिन सीडीएस ने पाकिस्तान के दुष्प्रचार, 5 राफेल विमान गिराने के दावे को सिरे से खारिज कर दिया। कांग्रेस सीडीएस के बयान का एक छोर पकड़ कर सवाल करते हुए संदेह जताने पर क्यों तुली है? उसकी संसद के विशेष सत्र बुलाने में क्या दिलचस्पी है? हम पहले भी कह चुके हैं कि यदि सामूहिक विपक्ष संसद सत्र की मांग कर रहा है, तो सरकार को मॉनसून सत्र कुछ पहले ही बुला लेना चाहिए, लेकिन अब कांग्रेस चाहती है कि प्रधानमंत्री मोदी सीडीएस के बयान पर संसद में स्पष्टीकरण दें। कांग्रेस को पता होगा कि अभी ‘ऑपरेशन सिंदूर’ स्थगित है, खत्म नहीं हुआ है। युद्ध की रणनीति अति गोपनीय विषय है, उसे संसद के मंच पर भी सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। सीडीएस ने रणनीति की ओर संकेत किया है। क्या प्रधानमंत्री के स्पष्टीकरण के जरिए कांग्रेस उस रणनीति का खुलासा करवा देना चाहती है, जो पाकिस्तान के लिए फायदेमंद हो सकती है। पाकिस्तान हमारी सैन्य रणनीति जानने के बाद अपनी रणनीति दोबारा बना सकता है। हमारा सवाल है कि क्या कांग्रेस का अस्तित्व भारत के अस्तित्व से भिन्न है? उसने कारगिल युद्ध के बाद विशेषज्ञ समिति की तर्ज पर नई समीक्षा-समिति बनाने की भी मांग की है। इस संदर्भ में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात कर बातचीत कर सकते हैं। सार्वजनिक मंच पर शोर मचाने और प्रधानमंत्री पर देश को गुमराह करने जैसे आरोप लगाने से हासिल क्या होगा? दुश्मन ही खिल्ली उड़ाएगा। यह युद्ध-सा माहौल है, लिहाजा कांग्रेस को ऐसा गैर-जरूरी रवैया नहीं अपनाना चाहिए। देश और सेना उसकी भी है। संकटकाल में देश के राजनीतिक नेतृत्व ने जो निर्णय लिए हैं, फिलहाल उनका समर्थन करना चाहिए। राजनीति के लिए लंबा वक्त शेष है। अभी संसदीय चुनाव भी नहीं हैं। राष्ट्रपति ट्रंप के बार-बार मध्यस्थता के दावे पर भी सवाल पूछना देशहित में नहीं है। भारत अमरीका से भी दुश्मनी मोल लेने का जोखिम नहीं उठा सकता, लिहाजा उन दावों को नजरअंदाज करना ही बेहतर है।

# बिहार में नीतीश कुमार के लिए चिराग पासवान एक बार फिर सिरदर्द बनेंगे?

**समी अहमद**

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान बिहार विधानसभा चुनाव से पहले खुद को स्थापित करने में जबरदस्त ढंग से जुटे हैं। उनकी वजह से जेडीयू और नीतीश की स्थिति कमजोर होती जा रही है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान अपने बयानों से एक बार फिर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनकी पार्टी जनता दल यूनाइटेड के लिए सिरदर्द बनते नजर आ रहे हैं। जैसे-जैसे बिहार विधानसभा 2025 के चुनाव का समय नजदीक आता जा रहा है चिराग पासवान अपने बयानों का डोज बढ़ाते जा रहे हैं। खुद को युवा बिहारी कहने वाले और बिहार फर्स्ट का नारा देने वाले चिराग पासवान ने कुछ समय पहले यह बात कही थी कि उनका दिल दिल्ली में नहीं लगता और बिहार उन्हें बुला रहा है लेकिन उस समय उन्होंने कहा था कि इस चुनाव के बाद इस बारे में वह फैसला करेंगे। अब उनकी पार्टी की ओर से ताजा बयान में यह संकेत दिया गया है कि चिराग पासवान न केवल विधानसभा चुनाव लड़ेंगे बल्कि सामान्य सीट से चुनाव लड़ेंगे। हाजीपुर की सुरक्षित सीट से लोकसभा के सदस्य बने चिराग पासवान की पार्टी इस समय वह सभी हथकंडे अपना रही है जो चुनाव से पहले प्रेशर पॉलिटिक्स में अपनाए जाते हैं। उनकी पार्टी ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर अपने पार्टी अध्यक्ष चिराग पासवान को विधानसभा चुनाव लड़ने की सलाह दी है। इसके बाद चिराग पासवान ने भी पार्टी के फैसले पर सहमति जताने की औपचारिकता पूरी करते हुए कहा कि अगर चुनाव लड़ने से पार्टी और गठबंधन का प्रदर्शन बेहतर होता है तो वह जरूर चुनाव लड़ेंगे। इन बयानों से 2020 के विधानसभा चुनाव की याद ताजा हो जाती है जब उन्होंने एनडीए में रहते हुए एनडीए से अलग चुनाव लड़ने की रणनीति बनाई और हर उस सीट



पर अपना उम्मीदवार खड़ा किया जहां से जनता दल यूनाइटेड का उम्मीदवार खड़ा हुआ था। इसके बाद नीतीश कुमार की पार्टी केवल 43 सीटों पर सिमट गई थी और यह माना जाता था कि लगभग तीन दर्जन सीटों पर नीतीश कुमार की पार्टी के उम्मीदवारों की हार की बड़ी वजह चिराग पासवान के उम्मीदवारों को मिले हुए वोट थे। यानी चिराग पासवान की पार्टी ने नीतीश कुमार के खिलाफ ‘वोटकटवा’ का काम किया। उस समय नीतीश कुमार से चिराग पासवान बिल्कुल खुश नजर नहीं आते थे और उनकी खुलकर आलोचना भी करते थे। इस समय से चिराग पासवान ने खुद को ‘मोदी का हनुमान’ बताना शुरू किया था और कई लोगों की राय यह थी कि दरअसल भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर ही उन्होंने अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं ताकि नीतीश कुमार की पार्टी का विधानसभा चुनाव में प्रदर्शन कमजोर हो जाए। चुनाव में खराब प्रदर्शन के बाद नीतीश कुमार की हालत इतनी कमजोर हो गई कि उन्हें मजबूरी में यह कहना पड़ा कि वह मुख्यमंत्री नहीं बनना चाहते हैं। यह अलग बात है कि इसके बावजूद वह मुख्यमंत्री बने। 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने चिराग पासवान को पूरी तरह साथ कर लिया और उनके चाचा पशुपति कुमार पारस को एनडीए में अलग-अलग कर दिया। इसकी वजह से पारस तो एनडीए से बाहर हो गए लेकिन चिराग पासवान का कद काफी बढ़ गया। भारतीय जनता पार्टी ने चिराग पासवान की पार्टी को लोकसभा के पांच सीटें दीं और उन सभी सीटों पर चिराग के उम्मीदवार जीत गए। इसके बाद चिराग पासवान ने नीतीश कुमार के साथ अपने संबंध बेहतर करने शुरू किए। नीतीश कुमार ने जब अगस्त 2022 मैं एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी से अलग होकर महागठबंधन के साथ सरकार बनाई तो चिराग पासवान का कद एनडीए में और बढ़ गया। यह और बात है कि नीतीश कुमार एक बार फिर पलटी मारते हुए 2024 के लोकसभा चुनाव से कुछ ही पहले दोबारा भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए में शामिल हो गए। इस दौरान नीतीश कुमार के स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं काफी बढ़ गई और उनके अजीबोगरीब हरकत से भी उनकी काफी बदनामी हुई। राजनीतिक तौर पर एक और बदलाव यह आया कि प्रशांत किशोर अब एक तीसरी शक्ति के रूप में बिहार में उभरने की कोशिश में लगे हैं। इन सब के बीच इस बात पर भी शक पैदा हुआ कि क्या भारतीय जनता पार्टी नीतीश कुमार को 2025 के चुनाव में एनडीए का चेहरा बनाना पसंद करेगी या नहीं। भारतीय जनता पार्टी के नेता परस्पर विरोधी बयान देते रहे लेकिन फिलहाल ऐसा लगता है कि भाजपा औपचारिक रूप से उन्हें ही एनडीए का चेहरा मानती है और उन्हें ही अगले मुख्यमंत्री के तौर पर पेश कर रही है।

राजनीतिक पर्यवेक्षक यह याद दिलाते हैं कि 2020 के विधानसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी ने ऐसा ही स्टैंड लेते हुए दिखाने की कोशिश की थी लेकिन शायद अंदर ही अंदर वह चिराग पासवान को भी इस बात के लिए उकसा रही थी कि वह अपने उम्मीदवार जदयू के उम्मीदवार के खिलाफ खड़े करें। पांच साल बाद कई लोगों को लगता है कि वही सीन दोहराया जा रहा है। इस सारी बयानबाजी के पीछे सीटों के बंटवारे की राजनीति भी लोगों को समझ में आ रही है। नीतीश कुमार की कमजोर स्थिति के बावजूद ऐसा माना जा रहा है कि उनकी पार्टी एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी के बराबर सीट चाहती है। उधर भारतीय जनता पार्टी चिराग पासवान, जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा के नाम पर नीतीश कुमार को इस बात के लिए तैयार करने की कोशिश में लगी है कि वह इस बार कम सीट पर चुनाव लड़ें। पिछली बार चिराग पासवान की पार्टी केवल एक सीट पर जीत हासिल कर सकी थी और उस विजयी उम्मीदवार ने भी बाद में उनकी पार्टी छोड़ दी थी। लेकिन इस बार उनके तरकश में यह तीर है कि उन्होंने पांच लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की है और उनका स्ट्राइक रेट 100% है। फिलहाल चिराग पासवान औपचारिक रूप से यही कहेंगे कि मुख्यमंत्री के तौर पर नीतीश कुमार ही उनकी पसंद है और इस सीट के लिए कोई वैकेंसी नहीं है लेकिन उनकी पार्टी एक समानांतर नीति के तहत उन्हें मुख्यमंत्री का चेहरा बनाते रहेगी। आमतौर पर सीट बंटवारे में घमासान के लिए महागठबंधन खबरों में रहता है लेकिन इस समय एनडीए में यह खींचतान जोरों पर है। कई लोगों का मानना है कि भारतीय जनता पार्टी चिराग पासवान को नीतीश कुमार के खिलाफ इस्तेमाल करने के लिए एक समानांतर चेहरे के रूप में पेश करने की कोशिश करेगी। हालांकि भारतीय जनता पार्टी औपचारिक रूप से इसके लिए कभी बयान नहीं दे सकती लेकिन चिराग पासवान की पार्टी उन्हें संभावित मुख्यमंत्री के तौर पर भी पेश करते दिख रही है। इसके पीछे यह रणनीति बताई जा रही है कि उनके चाचा पशुपति कुमार पारस अगर पासवान वोट में सेंध लगाने की कोशिश करते हैं तो वह नाकाम हो और पासवान बिरादरी चिराग पासवान के समर्थन में आक्रामक रूप से सामने आएं जिससे भारतीय जनता पार्टी को भी चुनावी फायदा हो। कहने को तो नीतीश कुमार बहुत ही घाघ नेता माने जाते हैं और बिहार के चाणक्य भी कहलाते हैं लेकिन इस समय वह भारतीय जनता पार्टी और चिराग पासवान की दोहरी चुनौती से ऐसी परेशानी में पड़ सकते हैं जो उनके राजनीतिक करियर के लिए निर्णायक हो सकता है।

# बिगड़ता मानसिक स्वास्थ्य

**डॉ. प्रतिभा विजय, रिलेशनशिप और मेंटल हेल्थ काउंसलर**

विवाह एक पवित्र बंधन होता है जिसमें प्रेम, विश्वास, सहयोग और समर्पण की अपेक्षा होती है। जब ये स्तंभ कमजोर पड़ते हैं, तब व्यक्ति भावनात्मक असंतुलन का शिकार हो सकता है। कई बार इसी असंतुलन का परिणाम होता है विवाहेतर संबंध। विफल या तनावपूर्ण वैवाहिक जीवन का मानसिक स्थिति पर गहरा प्रभाव पड़ता है। जब जीवनसाथी के बीच संवाद की कमी हो जाती है, तो वह अन्य व्यक्ति की ओर आकर्षित हो सकता है। अकेलापन धीरे-धीरे अवसाद या चिंता का रूप भी ले सकता है। व्यक्ति को यदि लगातार आलोचना, तुलना या अस्वीकार का सामना करना पड़े तो उसका आत्म-सम्मान कमजोर होने लगता है। ऐसे में कोई ऐसा व्यक्ति जो उसे स्वीकारता है, उसकी सराहना करता है, वह आकर्षण का केंद्र बन सकता है। विवाहेतर संबंधों का एक और बड़ा कारण यौन संतुष्टि की कमी है। यदि इस विषय पर खुले संवाद की जगह शर्म, डर या असहजता है, तो व्यक्ति अपनी इच्छाओं को बाहर पूरा करने की कोशिश कर सकता है। बचपन के आघात, पूर्व रिश्तों की कड़वी यादें या असुरक्षा की भावना भी व्यक्ति को अस्थिर



बना देती है। वह बार-बार प्यार की तलाश में भटकता रहता है। साथ ही करियर, घर-परिवार की अपेक्षाओं से यदि व्यक्ति मानसिक रूप से टूटने लगता है तो वह दूसरे विकल्पों की ओर आकर्षित होता है।

जीवन के कुछ दौर ऐसे होते हैं जब व्यक्ति के विवाहेतर संबंधों में उलझने की आशंका रहती है। जैसे वैवाहिक जीवन के पहले 5-7 वर्षों में झ जब प्रेम पर धीरे-धीरे जिम्मेदारियां हावी होने लगती हैं। बच्चों के जन्म के बाद महिला का पूरा ध्यान बच्चों पर होता है तो दूसरा साथी उपेक्षित महसूस कर सकता है। 35-45 वर्ष की उम्र में जब व्यक्ति अपने जीवन की उपलब्धियों और अधूरे सपनों पर विचार करता है और ‘कुछ नया’ या ‘खोया हुआ समय’ पाने की चाह में इस तरह की गतिविधियों में उलझ जाता है। जब रिश्तों में विवादों का समाधान नहीं होता, तब भी इस तरह का खतरा बना रहता है। इस तरह की गतिविधियों का मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ता है। विवाहेतर संबंध के बाद व्यक्ति मानसिक द्वंद्व में फंस जाता है। उसे खुद से घृणा, शर्म और अपराधबोध महसूस होने लगता है। दोहरे जीवन की वजह से तनाव और चिंता बढ़ जाती है। इससे स्वास्थ्य समस्याएं भी पैदा होती हैं। संवाद ही हर रिश्ते की नींव है। पति-पत्नी को एक-दूसरे से खुलकर बात करने, मन की बात साझा करने और बिना जज किए सुनने की आदत डालनी चाहिए। एक-दूसरे के सपनों, इच्छाओं और भावनाओं को समझना और समर्थन देना बहुत जरूरी है। साथ देना ही असली ‘साथी’ का काम है। रोमांस, सरप्राइज, तारीफ, साथ में समय बिताना - ये सब वैवाहिक रिश्ते को जीवंत बनाए रखते हैं। यदि साथी तनाव में है, अवसाद या चिंता का शिकार है, तो उसे मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ को दिखाया जाना चाहिए। इसे कमजोरी नहीं, समझदारी मानें। इसके बावजूद यदि कोई विवाहेतर संबंधों में उलझ जाता है और इसके कारण वह मानसिक परेशानी से गुजर रहा हो, तो इससे बाहर निकलने के प्रयास किए जाने चाहिए। अपने किए की जिम्मेदारी लें और खुद से ईमानदारी बरतें। भागने से समस्या नहीं सुलझती। कपल काउंसलिंग या व्यक्तिगत थैरेपी से आप अपने अंदर के भावनात्मक उलझनों को सुलझा सकते हैं। यदि रिश्ते में सुधार की गुंजाइश हो तो माफी मांगना और देना दोनों जरूरी हैं। रिश्तों को दोबारा मौका देना भी एक साहसिक और प्रेमपूर्ण कदम हो सकता है। समाज के डर से नहीं, मन की शांति के लिए सही निर्णय लें। चाहे रिश्ता बनाए रखें या अलग हों, निर्णय मानसिक संतुलन और आत्म-सम्मान को ध्यान में रखकर लें। स्वस्थ मानसिकता सफल वैवाहिक जीवन का आधार है, और एक सफल दांपत्य जीवन मानसिक शांति का स्त्रोत। दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। जब रिश्ते में ईमानदारी, संवाद, प्रेम और सम्मान होता है, तो न सिर्फ रिश्ता फलता-फूलता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी ठीक रहता है

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक व संपादक **सरोज चौधरी** द्वारा ई-37, अशोक विहार रांची से प्रकाशित तथा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस लालगुटवा रांची से मुद्रित, **संस्थापक संपादक : स्व. राधाकृष्ण चौधरी, प्रबंध संपादक अरूण कुमार चौधरी * फोन :** 9471170557/08084674042, **ई-मेल :** aadivashiexpress@gmail.com

## खास बातें ऑयली त्वचा के लिए

गर्मियों का प्रकोप शुरू हो चुका है। तन को सहलाती धूप अब पीड़ा देने लगी है। ये तपती धूप कहीं आपकी खूबसूरती को नुकसान न पहुंचा दे। क्योंकि गर्मियों में तैलीय ग्रंथियां अधिक सक्रिय होने व पसीना आने की समस्या बढ़ जाती है। तेल और पसीना त्वचा पर जमा होकर इसे बहुत तैलीय बना देते हैं। तैलीय त्वचा पर धूल-मिट्टी के कण जमा होने के कारण त्वचा संबंधी समस्या शुरू हो जाती है। इस मौसम में तैलीय त्वचा सबसे अधिक प्रभावित होती है। अगर आपकी त्वचा ऐसी ही है तो आप उसकी देखभाल कैसे करें, बता रही है सौंदर्य।

1. त्वचा ऑयलफ्री रहे। इसके लिए कुदरती गुणों से युक्त ऑयलफ्री फेसवॉश से नियमित सफाई करें। कभी भी ग्लिसरीन युक्त सोप का प्रयोग न करें।
2. ऑयली त्वचा की क्लींजिंग अहम होती है। क्लींजिंग से त्वचा पर जमी धूल-मिट्टी, मेकअप, मृतकोष हट जाते हैं और त्वचा के छिद्र साफ हो जाते हैं। इस तरह आप ब्लैक



हेड्स जैसी समस्या से बची रह सकती है। हफ्ते में एक बार लाइट स्क्रब का इस्तेमाल करें।

3. चावल के आटे में पुदीने का अर्क तथा गुलाबजल मिलाकर चेहरे पर 10 मिनट तक लगाएं। इसे हलके हाथों से गोलाई में घुमाते हुए चेहरे पर लगाएं। फिर धो लें।
5. अपने पर्स में गुलाब व लैवेंडर बेस वाला स्किन टॉनिक रखें। इसके अलावा वेट टिश्यू भी रखें। ताकि चेहरे पर जमा धूल-मिट्टी को हटा सकें।
6. रात को सोने से पहले त्वचा साफ करना न भूलें। इससे त्वचा पर मुंहासे व ब्लैक हेड्स नहीं बनेंगे।
7. ऑयली त्वचा पर एक्ने हों तो टी ट्री एंटी पिंपल जेल और जेल मॉयस्चराइजर का प्रयोग करें जो त्वचा में तैल ग्रंथियों के अतिरिक्त सिक्रीशन को कम करता है।
8. ऐसी त्वचा वालों को तनावमुक्त रहना चाहिए। क्योंकि तनाव ऑयली त्वचा को प्रभावित करता है। तनावमुक्त रहने के लिए आप योग तथा मेडिटेशन का सहारा ले सकती है।
9. त्वचा के सीबम ऑयल को नियंत्रित करने के लिए अधिक तेल-मसालेदार भोजन का त्याग करना जरूरी है।
10. तैलीय ग्रंथियों को संतुलित करने के लिए फाइबर युक्त भोजन लें। सुबह शाम एक-एक बोल सैलेड जरूर खाएं।
11. भोजन में विटामिन सी की मात्रा बढ़ाएं जैसे नीबू, संतरा और आंवला आदि का सेवन करें।
12. चाय-कॉफी का सेवन न करें। क्योंकि ये चीजें सेंट्रल नर्वस सिस्टम को भी प्रभावित करती हैं।

# गर्मियों को कहें बाय..



क्या झुलसा देने वाली गर्मी में भी सुंदर दिखना आसान है? क्या संभव है सूरज की तपिश में भी त्वचा को खूबसूरत और चमकदार बनाए रखना? क्या बचा जा सकता है सूरज से निकलने वाली तेज किरणों से होने वाली टैनिंग, रैशेज और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं से? इन सभी सवालों का जवाब है हां! इस मौसम आपकी त्वचा को दागदार न होने देंगी ये टिप्स..

### गुलाब जल

गुलाब जल सूरज की किरणों से त्वचा को सुरक्षित रखने में मदद करता है, इसलिए अपनी मेकअप किट में इसे जरूर शामिल करें। रैशेज को दूरकर त्वचा को चमकदार बनाने के लिए गुलाब जल में बेबी पाउडर मिलाकर नियमित अंतराल में इसका प्रयोग त्वचा पर करती रहें। यह उन बैक्टीरिया को भी पनपने से रोकता है, जो चेहरे पर मुंहासे और ब्लैकहेड्स को जन्म देते हैं। यदि फेसपैक तैयार कर रही हैं तो पानी के बजाय गुलाब जल का प्रयोग करें। चंदन पाउडर और मुल्तानी मिट्टी को गुलाब जल के साथ मिलाकर चेहरे पर लगाने से एक सप्ताह में चेहरे की चमक को निखारा जा सकता है।

गर्मियों में टैनिंग की समस्या आम बात है, लेकिन बाहर जाकर होने वाले कामों को तो नहीं रोका जा सकता। इसलिए धूप से वापस घर पहुंचने पर चेहरे पर खट्टा दही लगाएं। सूखने पर ठंडे पानी से साफ करें। नींबू और खीरे के रस को बराबर मात्रा में मिलाकर चेहरे पर पंद्रह मिनट तक लगाने के बाद ठंडे पानी से धोएं। दही के साथ एक चुटकी हल्दी मिलाकर चेहरे के अलावा दूसरे खुले अंगों पर लगाने के बाद गुनगुने पानी से धोएं। गर्मी में हाथों और पैरों का भी खास ख्याल रखने की जरूरत है। ऑलिव ऑयल, नींबू का रस और शक्कर को मिलाकर पेस्ट बनाने के बाद उसे हाथों पर लगाएं। पैरों के लिए गर्म पानी में नींबू का रस मिलाने के बाद उन्हें उसमें थोड़ी देर भीगने दें।

### एक्सफॉलिएट

पसीना और धूल मिट्टी चेहरे की त्वचा को बदरंग कर उसमें संक्रमण पैदा कर सकता है, इसलिए एक्सफॉलिएशन बहुत जरूरी है। इसके लिए हरे चने का पाउडर, हल्दी और दूध को मिलाकर पेस्ट बना लें। ठंडे पानी से शॉवर लेने के पहले इसका इस्तेमाल स्क्रब के रूप में करें। अंतिम शॉवर के बाद गुलाब जल लगाएं।

### पसीना

कोशिश करें कि त्वचा हमेशा सूखी रहे। गंदगी चेहरे पर ही पसीने के साथ न सूखे, इसलिए नियमित अंतराल पर चेहरा पोछती रहें। नींबू और खीरे के रस को मिलाकर फ्रिज में जमा लें और फिर इन क्यूब्स को चेहरे पर मलें।

### हेयर केयर

पसीना और सूरज की तपिश बालों को रूखा और बेजान बना देती है। इससे बचने के लिए जितना हो सके बालों को धोती रहें। माइल्ड शैंपू और अच्छे कंडीशनर का इस्तेमाल करें। चाहें तो इस घरेलू उपाय पर भी अमल कर सकती हैं। एक कप पानी में चाय की पत्तियां उबाल लें और ठंडा होने पर उसमें आधे नींबू का रस मिलाएं। शैंपू के बाद इस मिश्रण को बालों पर लगाएं। ठंडे पानी से साफ करें। यह बालों में चमक और उछाल पैदा करता है। इस मौसम में बालों को ड्रायर की मदद से सुखाने की कोशिश न करें।



### फाउंडेशन

गर्मी के मौसम में जितना कम मेकअप किया जाए उतना ही फायदेमंद रहता है। यदि मेकअप कर ही रही हैं तो फाउंडेशन का इस्तेमाल सावधानीपूर्वक करें, क्योंकि यह चेहरे के रोमछिद्र बंद कर देता है, जिससे मुंहासों की समस्या हो सकती है। आंतरिक खूबसूरती को निखारने के लिए जितना हो सके फलों और सलाद का सेवन करें।

### पानी

गर्मियों के मौसम में जितना पानी पिएं उतना ही बेहतर है। इस मौसम में पानी ही त्वचा को हाइड्रेट करने के साथ चमकदार और कोमल बनाए रखता है। फलों के रस या दूसरे आर्टीफिशियल ड्रिंक्स इसकी भरपाई नहीं कर सकते।

### स्वीमिंग

यदि स्वीमिंग करने का मन बना रही हैं तो पूल में उतरने से पहले पानी में मौजूद क्लोरीन से त्वचा को सुरक्षित रखने के लिए लैवेंडर ऑयल और वैसलीन का मिश्रण बनाकर पूरे शरीर में लगाएं।

## छुटकारा चिपचिपे बालों से


बदलते मौसम का सबसे जल्दी असर बालों पर ही पड़ता है। इस मौसम में बालों में चिपचिपापन और तैलीयता ज्यादा नजर आती है। इसके लिए अपनाएं हेयर एक्सपर्ट जावेद हबीब के बताए इन आसान उपायों को।

1. रुई के टुकड़े या कॉटन बोल को गुलाबजल में भिगोकर बालों की जड़ों में लगाएं। इससे उनकी चिकनाई कम होगी। इसके बाद शैंपू कर लें।
2. हार्ड पर्मिंग और हानिकारक केमिकल के प्रयोग से बालों को दूर रखें। यह सीजन किसी भी प्रकार के प्रयोग का नहीं है। इसलिए अपने बालों की घरेलू देखभाल करें। उनकी सफाई सही तरीके से करें।



3. मुलतानी मिट्टी में हलका गर्म पानी डाल कर पेस्ट बनाएं। फिर थोड़ा सा नीबू का रस मिलाकर बालों में लगाएं। आधे घंटे बाद बाल धो लें।
4. 2 बड़े चम्मच दही, एक छोटा चम्मच शहद और एक चम्मच ग्लिसरीन मिलाकर बालों में लगाएं। इससे बालों में नई जान आ जाएगी और वे मजबूत भी बनेंगे। इसके बाद नीबू के गुणों से युक्त शैंपू करें।
5. बालों को स्वस्थ और मजबूत बनाने के लिए प्रोटीन से भरपूर डाइट लें। प्रोटीन की कमी से बालों की रंगत फीकी पड़ने लगती है। वे बेजान और चमक रहित हो जाते है। इसलिए अपने आहार में मछली, अंडा, सोयाबीन, दालें और हरी सब्जियां पर्याप्त मात्रा में शामिल करें।

## ऐसे निखारे अपना रंग रूप



कुछ आसान से टिप्स जिन पर अमल करके आप अपने सौंदर्य को गर्मियों के दिनों में भी बरकरार रख सकती हैं

- गर्मियों के मौसम में आपका मेकअप देर तक टिका रहे, इसके लिए मेकअप करने से पहले चेहरे पर आइस क्यूब्स रगड़ें।
- आजकल के मौसम में दिन में बहुत हल्का मेकअप करें। मेकअप से पहले एसपीएफ युक्त टिंटेड मॉइश्चराइजर जरूर लगाएं।
- चेहरा साफ करने के लिए हमेशा ठंडे पानी का इस्तेमाल करें। इससे मुरझाई त्वचा में भी जान आ जाती है।
- सप्ताह में एक बार खासकर गर्मियों के दिनों में मक्के के आटे में दही मिलाकर उबटन की तरह इस्तेमाल करें।
- त्वचा की सफाई करने के तुरंत बाद अगर आपको बाहर जाना है तो अल्ट्रावॉयलेट किरणों से बचने के लिए किसी अच्छी कंपनी का सनब्लॉक जरूर लगाएं।
- घर से बाहर निकलने से पहले अच्छी क्वालिटी का मॉइश्चराइजर और सनब्लॉक अवश्य लगाएं। खीरे का रस भी अपने आपमें बहुत अच्छा मॉइश्चराइजर है। गर्मियों में प्रतिदिन खीरे का रस लगाने से चेहरे में चमक बनी रहती है।
- त्वचा में रौनक लाने के लिए दूध में आटे का चोकर मिलाकर कुछ देर तक हल्के हाथ से मसाज करें। हल्का सूखने पर साफ पानी से धो लें। फिर मॉइश्चराइजर लगा लें।
- महीने में एक बार फेशियल जरूर करवाएं। इससे रक्तसंचार सही होता है, जो त्वचा के कसाव को बनाए रखता है।
- चेहरे की सफाई के लिए साबुन के स्थान पर फेसवाश का प्रयोग करें।
- होंठों का रंग निखारने के लिए होंठों पर चुकंदर का रस लगाएं और करीब दस मिनट धो डालें।
- अगर आपके बाल बेजान और रूखे हैं तो सिर की अच्छी तरह ऑयल मसाज करने से फॉलिकल्स का रक्त संचार बढ़ता है।
- अगर आप स्वीमिंग की शौकीन हैं तो स्विमिंग करने से पहले शावर कैप जरूर लगाएं। कारण, स्विमिंग पूल के पानी में मौजूद क्लोरीन बालों के लिए नुकसानदेह होता है। बालों को सुरक्षित रखने के लिए थोड़े से जैतून के तेल में कुछ बूंद नींबू का रस मिलाकर बालों में लगाएं।



## संक्षिप्त समाचार

### केंदुआगढहा में एक प्रभावशाली साइकिल जागरूकता अभियान का आयोजन




**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र के सहयोग से ज्वाला युवा क्लब केंदुआगढहा में माई भारत पोर्टल के सहयोग से एक प्रभावशाली साइकिल जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। मौके पर क्लब अध्यक्ष रणधीर प्रसाद ज्वाला ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को साइकिल चलाने के लाभों के प्रति जागरूक करना और एक सतत, पर्यावरणीय रूप से अनुकूल जीवनशैली को बढ़ावा देना था।

### रुपेश कुमार सिंह ने आदिवासियों संग मनाया अपना शादी सालगिरह



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** आज हर वर्ष की तरह जन कल्याण संगठन अध्यक्ष रुपेश कुमार सिंह ने अलग अंदाज में अपना शादी का सालगिरह मनाया। गिरिडीह कॉलेज के पीछे बनसुनिया गाँव जो अति पिछड़े व आदिवासियों का गाँव है। उक्त स्थल पर पहुँच कर पूरे गाँव के लोगों को भोजन करवाया एवं सबों को वस्त्र देकर आशीर्वाद लिया। इस कार्यक्रम में जमुआ विधायक मंजू देवी, भाजपा जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, विनय सिंह, कामेश्वर पासवान, महेंद्र राय, मुरारी प्रसाद सिंह एवं जन कल्याण संगठन के कई लोग उपस्थित थे। वहीं अतिथियों ने अपने आशीर्वचन में कहा की आज जिनके पास धन है वे बड़े बड़े होटल गार्डन में ऐसा कार्यक्रम करते हैं और वी आई पी लोगों को आमंत्रित करते हैं पर रुपेश जी का कार्य अद्वितीय है इनका सोच कुछ अलग है गरीबों के बिच खुशियाँ बाँट कर इन्होने एक मिशाल क़ायम की है इनसे लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए। वहीं रुपेश सिंह ने कहा की मुझे ऐसे कार्यों से काफी सुकून मिलता है। उपस्थित सभी लोगों ने युगल जोड़ी को शादी सालगिरह की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

### शराब पीकर आने से एक भाई ने दूसरे भाई को पीटा



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**साहिबगंज।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत शोभनपुर भट्ठा गांव में शराब पीकर आने से एक भाई ने दूसरे भाई को मारपीट कर किया घायल वही घायल व्यक्ति को मंगलवार को सदर अस्पताल में भर्ती कराया बताया जा रहा है कि शोभनपुर भट्ठा गांव निवासी प्रभु नाथ यादव के 28 वर्षीय पुत्र ध्रुव यादव को शराब के नशे में घर आने से एक भाई में दूसरे भाई को मारपीट कर किया घायल घायल व्यक्ति ध्रुव यादव ने आरोप लगाते हुए बताया कि हम बाजार आए थे ठेकेदार से पैसे लेने के लिए ठेकेदार के द्वारा हिसाब किए जाने पर मुझे पैसा दे दिया. ठेकेदार के द्वारा मुझे बोला गया की बहुत दिनों के बाद मिले हो थोड़ी सी पार्टी मना लेते हैं ठेकेदार के बात रखने के लिए पार्टी मनाने चले गए थोड़ा सा शराब पीने के बाद हम घर जाने लगे इतने में बच्चों के झुंड था. और बच्चे लोग हमसे मजाक करने लगे उतने में बच्चों लोगों ने बास्की यादव व गैबी यादव के घर में गिट्टी फेंक दिया इतने में कोई लड़का मेरे पिताजी को बोल दिया कि आपका पुत्र शराब पीकर आया है और पिताजी लाठी लेकर आ गया पिताजी के दर से मैं छुप गया. बगल में चाचा के लड़के मेरे पिताजी को बोल दिया कि मैं छुपा हूं इतने में बास्की यादव व गैवी यादव व पिताजी ने लाठी से मार कर द्य घायल कर दिया. घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है

### एक व्यक्ति और उनके परिवार को मार कर बुरी तरह घायल कर दिया



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**साहिबगंज।** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक व्यक्ति और उनके परिवार को मार कर बुरी तरह घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार कुलीपाड़ा कृष्णा नगर निवासी स्वर्ग गणेश पासवान का पुत्र सुनील कुमार पासवान ने बताया कि मेरे घर में भाड़ा पर रंजीत राम, संजय राम, और उनका पूरा परिवार रहता है। आगे उन्होंने बताया कि मकान खाली करवाने को लेकर उन लोगों से वाद-विवाद होते-होते बात मारपीट तक पहुंच गई। पीड़ित सुनील कुमार पासवान ने बताया कि रणजीत राम, संजय राम, संजय राम की पत्नी मीरा देवी ने मिलकर बुरी तरह मार कर घायल कर दिया संजय राम ने बंदूक के बट से मार कर सर में सुनील कुमार पासवान को बुरी तरह जख्मी कर दिया। उन लोगों ने उक्त पीड़ित के पत्नी पार्वती देवी और उनके बच्चे को भी मार कर घायल कर दिया है और जान से करने का भी धमकी दिया है। वहीं हो हल्ला होने के कारण पड़ोसी ने बीच बचाव किया। उक्त घायल नगर थाना में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराया है नगर थाना ने शिकायत दर्ज कर इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज भेज दिया है। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने उक्त घायल का इलाज किया। नगर थाना पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

# जमुआ में तमाम अपराधिक कांडों का उद्भेदन पुलिस शीघ्र करें, वरना होगा उग्र आंदोलनः आजसू

**● जो जितना भ्रष्ट अधिकारी हैं, उसका उतना ही पदोन्नति कर रही है झारखंड सरकारः शंकर यादव**

**● राज्य में अपराध और भ्रष्टाचार का बोलबालाः आजसू ● जमुआ में प्रतिवाद मार्च निकालकर जताया विरोध**



**जमुआ, प्रतिनिधि।** जमुआ थाना क्षेत्र सहित पूरे झारखंड में बढ़ते अपराधिक घटनाओं और भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू पार्टी ने मंगलवार को जमुआ में प्रतिवाद मार्च निकाला। मार्च का नेतृत्व जिला कार्यकारी अध्यक्ष शंकर यादव ने किया, संचालन पप्पू खान ने किया। पूरे बाजार का भ्रमण करने के बाद प्रतिवाद मार्च जमुआ चौक पर नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गया।

**जमुआ में अपराधी खुलेआम अपराधिक वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, जमुआ पुलिस बनी हैं मूकदर्शकः शंकर यादव**

सभा को संबोधित करते हुए आजसू पार्टी के जिला कार्यकारी अध्यक्ष शंकर यादव ने कहा कि जमुआ क्षेत्र में अपराधिक घटनाएं पिछले दिनों में घटी हैं। दो अलग-अलग स्थानो पर ज्वेलर्स व्यवसाय से जुड़े कारोबारी के साथ पिस्तौल का भय दिखाकर लूटपाट की गई। उक्त मामले में जमुआ पुलिस अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। कमोबेश यही स्थिति पूरे सूबे में है, प्रदेश में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। अपराधी खुलेआम अपराधिक वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। जमुआ थाना कांड संख्या 320/23 तथा 298/23 में अभी तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। पुलिस गिरफ्तार नहीं कर रही है। जमुआ के पिंडरसोत पंचायत में जेसीबी मशीन के द्वारा डोभा का निर्माण करवाया जा रहा है। अंचल में कोई काम नहीं हो रहा है, वर्तमान परिदृश्य में यह देखा जा रहा है कि जो जितना भ्रष्ट अधिकारी है, झारखंड सरकार उसका उतना ही पदोन्नति कर रही है। आखिर क्या वजह है कि भ्रष्ट पदाधिकारी को पदोन्नति मिल रही है, वांछित कांडों के अभियुक्त की गिरफ्तारी शीघ्र हो, भू-माफियाओं के साथ पुलिसिया गठ जोड़ नहीं हो। वक्ताओं ने मांग किया कि तमाम अपराधी कांडों का उद्भेदन पुलिस शीघ्र करें, वरना उग्र आंदोलन किया जाएगा।

**वर्तमान झारखंड सरकार यहां पूरी तरह से फेल है, पूरे झारखंड में माफिया और अपराधी हावी हैः अजय द्विवेदी**

आजसू पार्टी के उपाध्यक्ष अजय द्विवेदी ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार यहां पूरी तरह से फेल है, पूरे झारखंड में माफिया और अपराधी हावी है, मैं झारखंड के तमाम जनता से अपील करूंगा कि की वह रोड पर निकले और ऐसे सरकार को हटाने का काम करें, ताकि यहां के जनमानस को सुरक्षा मिल सके, शांति और व्यवस्थित माहौल में जीवन जी सके।

**इनकी थी मौजूदगी**

कार्यक्रम में केंद्रीय कमेटी सचिव दिनेश राणा, उपाध्यक्ष अजय द्विवेदी, सुलेमान अंसारी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष शहाबुद्दीन अंसारी, दिलमोहम्मद अंसारी, रामेश्वर यादव, भोला राम, नरेश राम, इस्तेखार अंसारी, लालजीत राय, अंजू देवी, रीना देवी, मीणा गिरी, चमेली देवी, अनीता देवी, अन्नू देवी, निर्मला देवी, मुस्लिम अंसारी, आशा देवी, बबिता देवी, खुशबू देवी सहित कई लोग शामिल थे।

## कृषक मित्रों ने हड़ताल को लेकर जमुआ बीडीओ एवं जमुआ प्रखड़ तकनिकी पदाधीकारी को सौंपा ज्ञापन



**जमुआ, प्रतिनिधि।** कृषक मित्र प्रदेश कमेटी के आह्वान पर जमुआ प्रखंड के सभी कृषक मित्र अनिश्चित कालीन हड़ताल पर मंगलवार चले गए है। इसकी लिखित सूचना जमुआ बीडीओ अमल कुमार एवं प्रखड़ प्रबंधक तकनिकी पदाधिकारी जमुआ को प्रखंड अध्यक्ष रामकुमार बर्मा के नेतृत्व में दिया गया। मौके पर उपस्थित कृषक मित्र ने कहा कि यह निर्णय झारखंड के कृषक मित्रों की भावनाओं और लंबे समय से सभी कृषक मित्रों का प्रोत्साहन राशि एवं लंबित मांगों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। प्रोत्साहन राशि नही मिलने से कृषक मित्रों की स्थिति काफी दयनीय हो गई है। प्रदेश कमेटी के आव्हान पर हम सभी प्रखण्ड के कृषक मित्र समर्थन में हडताल पर जा रहे है। राज्य के अग्रणी कृषक मित्रों के विचारों पर विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय घोषित किया गया है। आगे बताया कि जबकि, पिछले साल मंत्री परिषद की बैठक में निर्णय लिया गया था कि राज्य के सभी कृषक मित्र को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि 1000 से बढ़ाकर 2000 रुपए प्रति माह की जाए। जब तक बकाया प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं हो जाता है और सरकार प्रदेश कमेटी के साथ वार्ता नही करेगी, हड़ताल जारी रहेगी। मौके पर सच्चिदानंद राय, गौतम मिश्रा, बद्री कुमार यादव, मंजुर अंसारी, प्रकाश पांडे, सुरेन्द्र वर्मा, कामदेव यादव, प्रदीप बर्मा, देवकी यादव, मोसरफ अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## 2,976 किलोग्राम गांजा के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार




**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता मोहित मंसूरी**

आज 3 जून 2025 को बरहरवा थाना कार्यालय, साहिबगंज को मिली एक गुप्त सूचना के आधार पर, बरहरवा थाना क्षेत्र के बेलडांगा गांव में पुलिस ने छापेमारी कर अवैध गांजा बेचने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है.

**छापेमारी और गिरफ्तारी**

साहिबगंज पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरहरवा, श्री नितिन खंडेलवाल के नेतृत्व में एक स्ढ्ढञ्ज टीम का गठन किया गया. टीम ने बेलडांगा गांव में छापेमारी की और एक व्यक्ति को पकड़ा.

**बरामदगी**

पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम जमीरुल इस्लाम (पिता- बरजहां शेख, पुराना पोलस, बोना कोटल पोखर, जिला साहिबगंज) बताया. उसकी तलाशी लेने पर उसके बैग से लगभग 2.976 किलोग्राम अवैध गांजा, एक नापतोल की डिजिटल मशीन, एक बिना नंबर की होंडा SP 125 मोटरसाइकिल, एक ओप्पो कंपनी का स्मार्ट मोबाइल और ?700 नकद बरामद किए गए. जमीरुल इस्लाम गांजे से संबंधित कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया.

**पुलिस टीम**

इस कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री नितिन खंडेलवाल के साथ-साथ सुमित कुमार सिंह (थाना प्रभारी, बड़हरवा थाना), सुबोध कुमार यादव, हेमंत कुमार यादव और अन्य पुलिसकर्मी शामिल.

## उप महाप्रबंधक एवं सहायक अभियंता लोहेडीह रेलवे पुल का किया निरीक्षण



**डुमरी, प्रतिनिधि।** ग्रामीणों के मांग पर रेलवे हाजीपुर जोन के उप महाप्रबंधक एवं हाजीपुर जोन के सहायक अभियंता ने मंगलवार को लोहेडीह रेलवे पुल का निरीक्षण कर ग्रामीणों की समस्याओं को जाना। ग्रामीणों ने बताया कि लोहेडीह बस्ती एवं आसपास के गांव के लोगों का जीवन नरक हो गया है। क्योंकि रेलवे के द्वारा रेल मार्ग चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है पर लाइन के उस पार गांव में रह रहे लोगों के अवागमन के लिए मात्र एक सहारा यह रेलवे पुलिया है। लेकिन रेलवे के द्वारा अंडरपास नहीं बनाने के कारण गांव के लोगों को काफी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है, क्योंकि पुलिया के अंदर रेलवे के द्वारा काटी गई मिट्टी बरसात के पानी के साथ बह कर आ गया है, कई बाइक सवार प्रत्येक दिन गिरकर घायल हो रहे हैं। लोगों को उस पार जाने के लिए रेल लाइन पार करके जाना पड़ता है। जिसमें स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों से लेकर बड़े बुजुर्ग एवं मरीज को आने जाने में काफी परेशानी होती है। इस दौरान झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो, पूर्व मुखिया जगदीश रजक, मोहन राम, लाल मोहम्मद खान शौकत खान, अनिल रजक, राहुल रजक, इलियास खान, विजय रजक, नरेश दास, विक्की रजक, विभूति कुमार, सुनील रजक, सोनू रजक, मोनू रजक, अरूण रजक आदि दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे। ग्रामीणों ने अंडरपास निर्माण की मांग को ले ज्ञापन भी सौंपा।

## गिरिडीह उपायुक्त रामनिवास यादव ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार लगाया, पहुंचे दर्जनों फरियादी, प्राप्त शिकायतों पर जांचोपरांत यथोचित कारवाई का मिला आश्वासन

**● जनता दरबार के माध्यम से उपायुक्त रामनिवास यादव ने सुनी आमजनों की समस्याएं, प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए ● आमजनों की समस्याओं का समाधान हो प्राथमिकताः उपायुक्त**




**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** गिरिडीह उपायुक्त रामनिवास यादव ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार लगाया। आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतु आए दर्जनों लोगों से उपायुक्त रामनिवास यादव ने मिलकर उनकी समस्याएं सुनी तथा जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस प्रकार बारी-बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट भी निष्पादन किया गया। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि, दाखिल खारिज, राजस्व, स्वास्थ्य विभाग, पेंशन, राशन, पेयजल, शिक्षा, कल्याण, छात्रवृति आदि से संबंधित विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदनों पर आवश्यक कारवाई हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को अग्रसारित किया गया तथा जल्द से जल्द शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य आमजनों की समस्याओं का समाधान त्वरित गति से किया जाय और जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ उन्हें लाभान्वित किया जाय। उन्होंने कहा कि जो लोग सरकारी योजनाओं से वंचित है, उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ जाएगा और पूरी प्राथमिकता के साथ उन्हें लाभान्वित किया जाएगा।



## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी का प्रधानमंत्री पर तंज, बोले- ट्रंप के फोन पर नरेंद्र हुए सरेंडर



**भोपाल।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी मंगलवार को मध्य प्रदेश के भोपाल दौरे पर पहुंचे. जहां राहुल गांधी ने रविंद्र भवन में आयोजित संगठन सृजन अभियान को संबोधित किया. सीजफायर का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा. राहुल गांधी ने कहा कि अचानक पीएम मोदी के पास ट्रंप का फोन आया और उन्होंने सरेंडर कर दिया. जबकि कांग्रेस होती तो कभी सरेंडर नहीं करती.

राहुल गांधी ने कहा कि हमने जातिगत जनगणना कराने के लिए मजबूर किया, आखिर में सरकार को हमारी बात माननी पड़ी. इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं बीजेपी और आरएसएस वालों को अच्छे से जानने लगा हूं, इन पर थोड़ा से दबाव डालो या धक्का मारो ये पीछे हट जाते हैं. ठीक इसी तरह उधर से यानि अमेरिका से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फोन घुमाया, पूछा मोदीजी क्या कर रहे हो, नरेंद्र सरेंडर हो गए. जी हुजूर करके नरेंद्र मोदी ने ट्रंप के इशारे का पालन किया.

राहुल गांधी ने कहा कि पाकिस्तान के साथ साल 1971 के युद्ध में जब फोन कॉल नहीं आया था, अमेरिका का सातवां बेड़ा, उस समय एयर क्राफ्ट कैरियर आया था, हथियार आए थे, लेकिन तब इंदिरा गांधी ने कहा था मुझे जो करना है, वही करूंगी. यही फर्क है, यही इनका कैरेक्टर है, ये सारे के सारे ऐसे ही हैं.

**आजादी के समय से सरेंडर की चिट्ठी लिखने की आदत**

राहुल गांधी ने कहा कि आजादी के समय से इनको सरेंडर वाली चिट्ठी लिखने की आदत है. एक सेकंड में थोड़ा सा दबाव पड़े, ये सरेंडर हो जाते हैं. यह इनका कैरेक्टर है. कांग्रेस पार्टी सरेंडर नहीं होती. चाहे वो गांधी, जवाहरलाल नेहरू या सरदार पटेल हों, ये सरेंडर वाले लोग नहीं थे. ये सुपर पावर से लड़ने वाले लोग थे. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी विचाारधारा की लड़ाई लड़ रही है. एक तरफ कांग्रेस पार्टी और हमारा संविधान है. जबकि दूसरी तरफ भाजपा और आरएसएस हैं. जो इसको मानती नहीं है और इन्हें खत्म करना चाहते हैं.

**पीएम कहते कोई जाति नहीं, चुनाव में ओबीसी बन जाते**

राहुल गांधी ने कहा कि जाति जनगणना के मामले मैंने कहा जो आपको करना है, करो हम सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ेंगे और जाति जनगणना को हम लोकसभा में पास करेंगे. मोदीजी पहले कहते थे, कोई जाति नहीं है, फिर बोले की जाति है. चुनाव के समय वो ओबीसी बन जाते हैं. नितिन गडकरी और मोहन भागवत ने भी बयान दिया, लेकिन थोड़ा सा दबाव पड़ा, ये एकदम सरेंडर हो गए. मैं इनको जानता हूं, जैसे इन्होंने महिला आरक्षण का काम किया था, 10 साल बाद वाला, यहां भी उनकी यही कोशिश है. ये जाति जनगणना करना नहीं चाहते हैं, लेकिन दबाव में आकर बोल गए हैं, क्योंकि ये सामाजिक न्याय वाला नहीं, अंबानी और अडानी वाला देश चाहते हैं.

**ये दो हिंदुस्तान बना रहे हैं**

राहुल गांधी ने कहा कि हम सुपर पावर बनना चाहते हैं. यहां दलितों की आबादी 15 प्रतिशत है. पिछड़ों की आबादी कम से कम 55 प्रतिशत है. आदिवासियों की 9 और माइनॉरिटी की 15 प्रतिशत है. यदि सब जोड़े तो यह 90 प्रतिशत होता है, लेकिन इनकी भागीदारी नहीं है और वही चुने हुए 5 से 7 प्रतिशत अमीर लोगों को सारा का सारा दिया जाता है. राहुल गांधी ने कहा कि कारपोरेट सेक्टर और ब्यूरोक्रेट्स की लिस्ट निकालो तो उसमें गरीब, दलित, पिछड़ा और जनरल कास्ट का कोई नहीं मिलेगा.

वहीं मजदूरों और खाना डिलीवर करने वालों की लिस्ट निकालो तो उसमें आपको पिछड़ा, दलित, आदिवासी सब वर्ग मिलेंगे. ये लोग दो हिंदुस्तान बना रहे हैं. एक 90 परसेंट का दूसरा चुने हुए पांच सात पर्सेंट लोगों का.

**तेलंगाना के मॉडल पर हो जाति जनगणना**

राहुल गांधी ने कहा कि मैं तेलंगाना की बात करूंगा. जाति जनगणना के दो मॉडल हैं. एक तेलंगाना का मॉडल और दूसरा बीजेपी वाला बिहार का मॉडल, जो उनकी सोच का मॉडल है. राहुल ने कहा कि बिहार में बंद कमरे में ब्यूराक्रेट्स से सवाल चुने गए, किसी से पूछे बिना, जनता से बात किया बिना. पिछड़े, अति पिछड़े और माइनॉरिटी से पूछे बिना, तीन-चार सवाल लिखा और जाति जनगणना कर दी.

वहीं तेलंगाना में हमने लाखों लोगों से सवाल पूछा. दलितों के संगठनों, आदिवासियों के संगठनों, उनके नेताओं से और हमने उनको बताया कि हम जाति जनगणना का सर्वे करने जा रहे हैं. आप इस सर्वे में कौन-कौन से सवाल जोड़ना चाहते हैं. साढ़े तीन लाख लोगों ने हमारी प्रक्रिया में मिलकर सवाल निकाले, लेकिन बिहार में सिर्फ रिपोर्टिंग था. जबकि तेलंगाना में हर व्यक्ति हर परिवार के घर में सरकार के अधिकारी गए और उनसे सवाल पूछे.

### गरीब, किसान, महिला और युवाओं का कल्याण हमारे बजट का केन्द्र बिंदु - सीएम भजनलाल शर्मा



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विकसित राजस्थान के विजन को प्रभावी गति देने के लिए बजट 2025-26 में सभी आवश्यक प्रावधान किए गए हैं। हमारे बजट में प्रदेश की 8 करोड़ जनता का कल्याण और समस्त 200 विधानसभाओं का सर्वांगीण विकास निहित है, जिससे प्रदेश वर्ष 2030 तक 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बजटीय प्रावधानों को समयबद्ध रूप से पूरा करने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर वर्ष 2025-26 की चरणबद्ध और एकीकृत रूप से लागू की जाने वाली बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन कार्यों का शिलान्यास हमारी सरकार के कार्यकाल में हो रहा है, उनका उद्घाटन भी हमारे ही कार्यकाल में हो इसके लिए सभी घोषणाओं को समय पर पूरा होना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग कार्ययोजना बनाकर चरणबद्ध रूप से होने वाले कार्यों के हर चरण की समय-सीमा तय करें और उसी अनुरूप कार्य करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई की जाए। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार बजटीय घोषणाओं की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग कर रही है जिससे अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक इन जनकल्याणकारी योजनाओं का समय पर लाभ पहुंचना सुनिश्चित हो सके।

मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेहिता के विशेष निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि सुदृढ़ आधारभूत संरचना प्रदेश की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार है।

# फ्रेशवाटर पर्ल कल्चर टेक्नोलॉजी पर तीन-सप्ताह के ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम का उद्घाटन



**संवाददाता द्वारा**

**राँची।** 3 जून , 2025 को, संत जेवियर कॉलेज, राँची के सोसाइटी फॉर अर्थ ऑब्जर्वेशन एंड कंजर्वेशन (SEOC) और IQAC, ने सफलतापूर्वक फ्रेशवाटर पर्ल कल्चर टेक्नोलॉजी पर तीन - सप्ताह के ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम का उद्घाटन किया। छात्रों को अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गए इस कार्यक्रम के उद्घाटन में सम्मानित मेहमानों की उपस्थिति देखी गई। इस कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज प्रशासन एवं प्रख्यात संकाय सदस्यों की उपस्थिति में हुआ,जिनमें फादर प्रिंसिपल डॉ रॉबर्ट प्रदीप कुजूर उप प्राचार्य डॉ. फादर अजय अरुण मिन्ज़, रेजिस्ट्रार डॉ फादर केनेडी,कार्यक्रम निर्देशक डॉ. एन. वेंकट अप्पा राव,कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रितेश कुमार शुक्ला, सचिव डा संदीप चंद्रा एवं डॉ कैप्टन प्रिया श्रीवास्तव शामिल थी। झारखंड के एक प्रसिद्ध पर्ल उद्यमी श्री बुडहान सिंह पूरती और एफएफटीसी शालिमार के मुख्य प्रशिक्षक डॉ प्रशांत कुमार दीपक, फिशरीज डिपार्टमेंट, राज्य सरकार, झारखंड भी इस अवसर पर मौजूद थें। योगदा सत्संग कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. अंकित कुमार ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। जन्तु विभाग के डॉ. मनोज कुमार, डॉ. राकेश रंजन, सुश्री मौली चक्रवर्ती और सुश्री वंशिका लोहिया भी इस अवसर पर उपस्थित रहें। स्वागत संबोधन मेंडा रितेश शुक्ला ने समर इंटर्नशिप के लाभ पर विस्तृत जानकारी दी और बायो एंटरप्रेन्योर होने की दिशा में एवं मोती उत्पादन के फ़ायदो पर प्रकाश डाला, इस समारोह में फादर प्रिंसिपल डॉ रॉबर्ट प्रदीप कुजूर ने इंटर्न्स को एक प्रेरणादायक संदेश दिया ।फादर अजय ने इंटर्न्स को संबोधित करते हुए अपने प्रेरणादायक विचार साझा किए और इस अवसर का पूरा लाभ उठाने के लिए उन्हें प्रेरित किया।

संत जेवियर्स कॉलेज के रेजिस्ट्रार फादर प्रभात केनेडी सोरेंग ने भी अपने प्रेरणादायक शब्दों से इंटर्न्स का उत्साहवर्धन किया। डॉ. एन. वेंकट अप्पा राव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान से हुआ।

# चेन पुलिंग करने वाले 522 लोग तथा महिला डिब्बे में यात्रा करने वाले 1588 पुरुष यात्री लिए गए हिरासत में




**संवाददाता द्वारा**

**हाजीपुर-** पूर्व मध्य रेल द्वारा बिना पर्याप्त कारण अवैध रूप से चेन पुलिंग करके रेल गाड़ियों को जहां-तहां रोकने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जाती रही है । इसी क्रम पूर्व मध्य रेल के सुरक्षा बलों द्वारा ऑपरेशन ''समय पालन'' के तहत् ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि ट्रेनें अनावश्यक रूप से विलंब ना हो।

ऑपरेशन ''समय पालन'' के तहत पिछले माह के 16.05.2025 से 31.05.2025 तक रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों में बिना उचित कारण के चेन पुलिंग करने के आरोप में 522 लोगों को हिरासत में लिया गया। इन लोगों के विरूद्ध रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत कार्रवाई की गई। ऑपरेशन ''समय पालन'' के तहत् इस दौरान सर्वाधिक 238 लोग दानापुर मंडल में पकड़े गये जबकि समस्तीपुर मंडल में 112, सोनपुर मंडल में 72, धनबाद मंडल में 51 तथा पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 49 लोगों को हिरासत में लिया गया।

इसी तरह महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर ऑपरेशन ''महिला सुरक्षा'' के तहत महिला कोच में यात्रा करने वाले पुरुष यात्रियों के खिलाफ भी धर-पकड़ अभियान चलाया गया। ऑपरेशन ''महिला सुरक्षा'' मे तहत पिछले माह के 16.05.2025 से 31.05.2025 तक रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों पर महिला कोच में यात्रा करने के आरोप में रेल अधिनियम की धारा 162 के तहत 1588 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया । इनमें सर्वाधिक 856 लोग दानापुर मंडल में जबकि सोनपुर मंडल में 306, धनबाद मंडल में 185, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 127 तथा समस्तीपुर मंडल में 114 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया।

### घर के दरवाजे पर रखा बाईक रात को चोर लेकर हुए फरार





**बांका कटोरिया से श्रीकान्त यादव की रिपोर्ट**

बांका कटोरिया थाना क्षेत्र के बसमत्ता पंचायत अंतर्गत फट्टापाथर गांव निवासी राजेश प्रसाद यादव की ग्लैमर बाइक घर के दरवाजे से ही चोरी हो गयी. घटना के संबंध में सोमवार को थाना में लिखित रिपोर्ट दर्ज करायी. जिसमें उन्होंने बताया कि रात्रि करीब दस बजे प्राइवेट डॉज़ अमीन यादव के घर से अपनें पोते का इलाज करवाने के बाद घर आकर दरवाजे पर बाइक खड़ा कर दिए. एवं रोजाना की तरह बाइक में सफेद प्लास्टिक ओढ़ाकर घर के भीतर चले गये। तथा बिमार बच्चे को दवाई खिलाकर सो गये। करीब दो घंटे बाद जब घर से बाहर निकले, तो बाइक की चोरी हो चुकी थी. चोरी हुए बाइक का नंबर JH15 AH-6916 लाल रंग का है।

जिनका खोज पुलिस प्रशासन एवं घर के लोग कर रहे हैं।

### घर में झूला झूलने के दौरान बच्ची गिरकर हुई घायल



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**साहिबगंज।** जिरवाबाडी थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटा पचगढ़ में घर में झूला झूलने के दौरान बच्ची गिरकर घायल हो गई घायल बच्ची को परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया डॉक्टर के द्वारा इलाज प्रारंभ किया गया बताया जा रहा है कि छोटा पचगढ़ निवासी गुड्डू पंडित के 8 वर्षीय पुत्री रिया कुमारी अपने घर में झूला झूल रही थी और झूले से गिर जाने से बच्ची घायल हो गई घायल बच्ची के सिर में चोट लगी है बरहाल घायल बच्ची का इलाज अस्पताल में किया गया।

# भारतीय एमेच्योर बॉक्सिंग महासंघ के नव चयनित अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्रा को अभिषेक यादव ने दी बधाई

**• डॉ. राकेश मिश्र बने भारतीय एमेच्योर बॉक्सिंग महासंघ के अध्यक्ष • मुक्केबाजी को नई दिशा देने का संकल्प • मुक्केबाजी में नई ऊर्जा: डॉ. राकेश मिश्र की अध्यक्षता में नई कमेटी गठित • राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन को मिलेगी आर्थिक मदद • खेल कैलेंडर जारी, राज्यों को आयोजन के लिए प्रोत्साहन • तकनीकी विकास और अंतरराष्ट्रीय मानकों पर होगा जोर**



**संवाददाता श्रीकान्त यादव**

**नई दिल्ली।** भारतीय एमेच्योर बॉक्सिंग महासंघ (आईबीएएफ) की आम सभा का आयोजन रविवार को नई दिल्ली के होटल सोपान हाइट्स, करोल बाग में हुआ। इस अहम बैठक में देशभर से 27 राज्यों, 6 केंद्र शासित प्रदेशों और 5 खेल बोर्डों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान हुए चुनाव में डॉ. राकेश मिश्र को सर्वसम्मति से महासंघ का नया अध्यक्ष चुना गया। उनका कार्यकाल वर्ष 2025 से 2029 तक रहेगा। चुनाव की प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ चुनाव अधिकारी डॉ अनुपम गोयल (पूर्व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश) ने सम्पन्न कराया। चुनाव राष्ट्रीय खेल विकास संहिता 2011, भारतीय ओलंपिक संघ और आईबीएएफ के संविधान के अनुसार हुआ। डॉ राकेश मिश्र ने अध्यक्ष बनने के बाद तुरंत संगठनात्मक कामकाज को गति दी। उन्होंने नई कार्यकारिणी की घोषणा की, विभिन्न कमेटियों और आयोगों के लिए चेयरमैन व सदस्य नामित किए। साथ ही, वर्ष 2025-26 के लिए मुक्केबाजी खेल कैलेंडर भी तैयार कर लिया गया है। डॉ मिश्र ने बताया कि कई राज्यों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं आयोजित करने की रुचि दिखाई है। ऐसे आयोजकों को IABF की ओर से 2 लाख की वित्तीय सहायता दी जाएगी। इसके अलावा, केंद्र सरकार की 75:25 योजना के तहत उन्हें एक आधुनिक बॉक्सिंग रिंग, 50 जोड़ी ग्लव्स, हेड गियर, कंप्यूटर स्कोरिंग मशीन और चार डिजिटल वजन मापने की मशीनें भी प्रदान की जाएंगी। हाल ही में श्रीलंका के कोलंबो में आयोजित एशियन अंडर-22 और यूथ मुक्केबाजी प्रतियोगिता (10-24 मई 2025) में भारत ने शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय टीम ने एक स्वर्ण, छह रजत और दस कांस्य पदक हासिल किए। इस टीम में 19 मुक्केबाज, 2 कोच, 2 मैनेजर, 5 तकनीकी अधिकारी और 4 पदाधिकारी शामिल थे। पांच तकनीकी अधिकारियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में भाग भी लिया। डॉ मिश्र ने इस उपलब्धि पर पूरी टीम को सम्मानित किया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आशा जताई कि भारतीय मुक्केबाजी आने वाले समय में वैश्विक स्तर पर और मजबूती से उभरेगी। उन्होंने भारतीय ओलंपिक संघ, खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण का आभार जताया और कहा कि इन संस्थाओं के सहयोग से मुक्केबाजी के बुनियादी ढांचे को और मजबूत किया जाएगा। डॉ मिश्र ने निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए डॉ अनुपम गोयल का आभार प्रकट किया और सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य मुक्केबाजी को हर राज्य और हर युवा तक पहुँचाना है, जिससे भारत एक मजबूत मुक्केबाजी राष्ट्र बन सके।

# कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में नेता के साथ बदसलूकी पर बवाल: क्लब को 2,500 करोड़ का कानूनी नोटिस, प्रशासक नियुक्त करने की मांग

**अंशुमान जोशी की ओर से वकील ने भेजा लीगल नोटिस, कहा- लोकतंत्र और संस्थागत गरिमा का किया गया अपमान**




**नई दिल्ली , (आरएनएस)।** देश के प्रतिष्ठित राजनीतिक चेहरों में शामिल अंशुमान जोशी के साथ कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ़ इंडिया में हुई कथित बदसलूकी ने सियासी और सामाजिक गलियारों में हलचल मचा दी है। जोशी की ओर से अधिवक्ता दीपक राज सिंह ने क्लब की गवर्निंग काउंसिल को एक कड़ा कानूनी नोटिस भेजा है, जिसमें ?2,500 करोड़ रुपये के मुआवज़े की मांग के साथ-साथ क्लब में एक स्वतंत्र प्रशासक की नियुक्ति की भी बात कही गई है। यह नोटिस 1 जून 2025 को जारी किया गया है। नोटिस के अनुसार, 29 मई 2025 को श्री जोशी संसद सदस्यों, वरिष्ठ राजनीतिक नेताओं और बिजनेस डेलीगेट्स के साथ एक औपचारिक बैठक में हिस्सा लेने क्लब पहुंचे थे। यह बैठक एक सिटिंग सांसद द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकास के विजन' के तहत आयोजित की गई थी। बैठक में राष्ट्रीय विकास से जुड़े मुद्दों पर विचार होना था, लेकिन वहां पहुंचने पर श्री जोशी और उनके साथियों को क्लब के स्टाफ द्वारा कथित रूप से अपमानजनक और धमकी भरे व्यवहार का सामना करना पड़ा। नोटिस के अनुसार, बैठक के दौरान क्लब के मैनेजर संजय सिंह, अटेंडेंट, डायरेक्टर अरविंद कुमार सहित Anil Kumar Guard appointed by Seminal Securities अन्य स्टाफ ने श्री जोशी और उनके साथियों से अभद्र व्यवहार किया। आरोप है कि इन कर्मचारियों ने न केवल उनका अनादर किया बल्कि सरेआम धमकी भरे और आक्रामक शब्दों का भी प्रयोग किया, जिससे श्री जोशी की प्रतिष्ठा को गंभीर नुकसान पहुंचा है। नोटिस में उल्लेख है कि उस वक्त मौके पर मौजूद कई सांसदों और गणमान्य अतिथियों द्वारा क्लब स्टाफ से शिष्टाचार बनाए रखने की अपील के बावजूद कर्मचारियों ने अभद्रता जारी रखी। वकील ने इसे लोकतांत्रिक मर्यादाओं और संस्थागत गरिमा का उल्लंघन करार देते हुए इसे सिस्टमेटिक फेल्योर बताया। नोटिस में कहा गया है कि इस घटना ने श्री जोशी की सार्वजनिक छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। उनके मान-सम्मान, प्रतिष्ठा और मानसिक स्थिति को जो क्षति पहुंची है, उसके लिए क्लब और उसके संबंधित स्टाफ को जिम्मेदार ठहराया गया है। वकील ने इसे गंभीर मानहानि, मानसिक उत्पीड़न और पेशेवर छवि को नुकसान करार दिया है। नोटिस में कॉन्स्टिट्यूशन क्लब की प्रशासनिक कार्यप्रणाली को भी कटघरे में खड़ा किया गया है। इसमें कहा गया है कि यह घटना महज एक व्यक्तिगत दुर्व्यवहार नहीं है, बल्कि यह क्लब में चल रही प्रणालीगत खामियों, सत्ता के दुरुपयोग और जवाबदेही की कमी को उजागर करता है। वकील ने साफ तौर पर क्लब में एक स्वतंत्र प्रशासक की नियुक्ति की मांग की है ताकि वहां की व्यवस्था को जवाबदेह और पारदर्शी बनाया जा सके। क्लब प्रशासन को दिए गए नोटिस में 7 दिनों की समयसीमा दी गई है, जिसमें श्री जोशी से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने और 2,500 करोड़ का मुआवज़ा देने की मांग की गई है। ऐसा न होने की स्थिति में वकील ने क्लब और संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ सिविल और क्रिमिनल कोर्ट में कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। यह कार्रवाई BNSS 2023, टॉर्ट लॉ और अन्य प्रासंगिक विधिक प्रावधानों के तहत की जाएगी।

इस मामले को लेकर क्लब की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। लेकिन यह मामला राजनीतिक और कानूनी हलकों में तेजी से चर्चा का विषय बनता जा रहा है। सवाल यह भी उठ रहे हैं कि क्या इतने बड़े संस्थान में जवाबदेही तय नहीं होती क्या VIP के साथ ऐसा व्यवहार आम हो गया है यह घटना ना सिर्फ एक व्यक्ति के अपमान की कहानी है, बल्कि संस्थागत जवाबदेही और लोकतांत्रिक मूल्यों की परीक्षा भी है। आने वाले दिनों में यह मामला और तूल पकड़ सकता है।

## दिल्ली में लॉन्च हुई 'लेजेनजी टी10' टेनिस बॉल क्रिकेट लीग

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सोमवार को एक भव्य कार्यक्रम के तहत भारत की सबसे बड़ी टेनिस बॉल क्रिकेट लीग 'लेजेनजी टी10' का औपचारिक शुभारंभ हुआ। इस अनोखी पहल का उद्देश्य देश गली-मोहल्लों में छिपी क्रिकेट प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है। कार्यक्रम की शोभा पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज और लीग अध्यक्ष वेंकटेश प्रसाद ने बढ़ाई। उनके साथ दक्षिण अफ्रीका के पूर्व स्टार बल्लेबाज हर्शल गिब्स, क्रिकेटर क्रिस्टोफर बॉबी मोफू, सह-संस्थापक मीनाक्षी अग्रवाल और लीग के संस्थापक एवं सीईओ चिरंजीव दुबे भी मंच पर उपस्थित रहे। इस मौके पर वेंकटेश प्रसाद ने कहा, 'हमने अक्सर गलियों में ऐसे युवाओं को खेलते देखा है, जिनमें असाधारण प्रतिभा होती है, लेकिन उन्हें सही मंच नहीं मिल पाता। लेजेनजी टी10 उनके लिए वही मंच है, जहां से वे अपने सपनों की उड़ान भर सकते हैं।' लीग के संस्थापक और सीईओ चिरंजीव दुबे ने कहा, 'हम चाहते हैं कि हर गली का खिलाड़ी स्टेडियम की रौशनी में, टीवी स्क्रीन पर दिखे। यही लेजेनजी टी10 का विज़न है।'लीग की सह-संस्थापक मीनाक्षी अग्रवाल ने कहा, यह केवल एक लीग नहीं बल्कि हजारों युवाओं के सपनों को साकार करने का माध्यम है। हमें गर्व है कि हम इस यात्रा का हिस्सा हैं।

## जी.एस. बाली मेमोरियल ऑल इंडिया टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप सम्पन्न

**धर्मशाला।** विकास पुरुष स्वर्गीय जी.एस. बाली मेमोरियल ऑल इंडिया टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप 2025 का समापन हो गया। तीन दिन तक चली इस चैंपियनशिप के सीनियर पुरुष वर्ग में महाराष्ट्र की टीम विजेता और यूपी की टीम उपविजेता रही। सीनियर महिला वर्ग में यूपी की टीम विजेता और हरियाणा की टीम उपविजेता रही। जूनियर बॉयज वर्ग में गोवा की टीम विजेता और दिल्ली की टीम उपविजेता रही। जूनियर गर्ल्स की टीम में गोवा की टीम विजेता और महाराष्ट्र की टीम उपविजेता रही। चैंपियनशिप के समापन समारोह पर एसडीएम नगरोटा बगवां मुनीश शर्मा मुख्य अतिथि और राजकीय विद्यालय बड़ोह के प्रधानाचार्य नीरज शर्मा विशेष अतिथि रहे। टेनिस बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के सदस्य ऋषि दिलवारिया भी इस विशेष मौके पर मौजूद रहे। मुख्य अतिथि एसडीएम नगरोटा बगवां मुनीष शर्मा ने सभी विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार दिए। प्रतियोगिता का आयोजन फेडरेशन ऑफ़ इंडिया और हिमाचल प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा नगरोटा बगवां के राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय में 31 मई से 2 जून तक किया गया। इस चैंपियनशिप का शुभारंभ 31 मई को पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने किया था। इस टूर्नामेंट में विभिन्न राज्यों से आई हुई 28 टीमों ने भाग लिया। जिसमें 20 टीमें पुरुष वर्ग और 8 टीमें महिला वर्ग की रहीं।

## हेनरिक क्लासेन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास, इंस्टाग्राम पर दी जानकारी

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर-बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। क्लासेन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, यह मेरे लिए एक दुखद दिन है, क्योंकि मैं घोषणा कर रहा हूं कि मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से हटने का फैसला लिया है। यह फैसला लेना मेरे लिए आसान नहीं था, लेकिन मैंने अपने और अपने परिवार के भविष्य को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया है। उन्होंने कहा, अब मैं अपने परिवार के साथ ज्यादा समय बिता सकूंगा और यही मेरे इस फैसले का मुख्य कारण है। 33 वर्षीय क्लासेन ने पिछले साल जनवरी में टेस्ट क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले लिया था, ताकि वह सफेद गेंद क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित कर सकें। उन्होंने अपने करियर में दक्षिण अफ्रीका के लिए 60 वनडे, 58 टी20 और 4 टेस्ट मैच खेले। क्लासेन ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच इसी साल मार्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में खेला था, जिसमें वे 7 गेंदों में केवल 3 रन बनाकर आउट हो गए थे। उस मैच में दक्षिण अफ्रीका को 50 रन से हार का सामना करना पड़ा था।

## आईपीएल 2025: स्लो ओवर रेट के चलते श्रेयस अय्यर और हार्दिक पंड्या पर लगा जुर्माना

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) के क्वालिफायर-2 मुकाबले में स्लो ओवर रेट के चलते पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर और मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर जुर्माना लगाया गया है। यह मैच नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद में खेला गया था। आईपीएल की आचार संहिता के तहत निर्धारित ओवर गति बनाए रखने में विफल रहने पर यह कार्रवाई की गई है। पंजाब किंग्स के लिए यह सीजन का दूसरा अपराध था, जिस कारण कप्तान श्रेयस अय्यर पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं, प्लेइंग इलेवन के अन्य खिलाड़ियों और इम्पैक्ट प्लेयर पर या तो 6 लाख रुपये या उनके मैच फीस का 25 प्रतिशत (जो भी कम हो) का जुर्माना लगाया गया है। दूसरी ओर, मुंबई इंडियंस के लिए यह तीसरी बार था, जब टीम निर्धारित समय में ओवर पूरे करने में असफल रही।

# डी. गुकेश ने नॉर्वे शतरंज के 7वें राउंड में अर्जुन एरिगैसी को हराकर दूसरी जीत दर्ज की

**एजेंसी**

**स्टावेंगर।** नॉर्वे शतरंज 2025 के सातवें राउंड में सभी बोर्ड्स पर रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। इस दौर की सबसे चर्चित भिड़ंत मौजूदा विश्व चैम्पियन डी गुकेश और भारत के ही ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी के बीच हुई।

दोनों खिलाड़ियों के बीच तेज़ मुकाबला हुआ, जहां गुकेश ने धैर्य बनाए रखते हुए कड़ी मेहनत के बाद इस टूर्नामेंट में दूसरी जीत हासिल की। इससे पहले छठे राउंड में डी गुकेश ने और वर्ल्ड नंबर 1 मैग्नस कार्लसन के बीच मुकाबले में शानदार जीत दर्ज की थी। अर्जुन ने ओपनिंग में शानदार शुरुआत करते हुए तेज आक्रामक चालों से गुकेश पर दबाव बनाया, लेकिन गुकेश ने जबरदस्त डिफेंसिव कौशल दिखाते हुए खेल को जटिल एंडगेम तक पहुंचाया। समय की कमी में दोनों खिलाड़ियों के बीच तेज़ मुकाबला




हुआ, जहां गुकेश ने धैर्य बनाए रखते हुए कड़ी मेहनत के बाद जीत हासिल की। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फबियानो कारुआना ने चीनी ग्रैंडमास्टर और बर्थडे बॉय वे यी के खिलाफ शुरुआती बढ़त बनाई और लंबे एंडगेम में शानदार जीत दर्ज की। दिन का आखिरी मुकाबला विश्व नंबर 1 मैग्नस कार्लसन और हिकारु नाकामुरा के बीच खेला गया, जो क्लासिकल गेम में जल्दी ड्रॉ हो गया। हालांकि, अर्मागेडन गेम में कार्लसन ने जीत दर्ज कर अतिरिक्त अंक हासिल किए।

**नॉर्वे विमेंस शतरंजः जु वेनजुन टॉप पर**

विश्व महिला शतरंज चैम्पियन जु वेनजुन ने सारा खादेम के खिलाफ क्लासिकल गेम में शानदार एंडगेम खेलते हुए जीत दर्ज की। दिन की दूसरी क्लासिकल जीत चीन की तिंगजी लेई को मिली, जिन्होंने वाइट पीसेज़ से भारत की वैशाली रमेशबाबू को मात दी। भारत की हम्पी कोनेरू और अन्ना मुझिचुक के बीच मुकाबला शांति से ड्रॉ रहा, जिसमें काफी पीस एक्सचेंज हुए। हालांकि, अर्मागेडन गेम में मुझिचुक ने बाज़ी मार ली और अतिरिक्त अंक अर्जित किए।

## काशी की बेटी सुमेधा पाठक ने साउथ कोरिया में शूटिंग पैरा स्पोर्ट्स वर्ल्ड कप में लहराया देश का परचम, गोल्ड पर साधा निशाना

**एजेंसी**

**वाराणसी।** साउथ कोरिया में चल रहे वर्ल्ड शूटिंग पैरा स्पोर्ट्स वर्ल्ड कप में वाराणसी की बेटी शूटर सुमेधा पाठक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत का नाम रोशन किया है। सुमेधा ने 10 मीटर एयर पिस्टल की सिंगल और टीम स्पर्धा में गोल्ड मेडल पर कब्जा किया, जबकि एक दिन पहले मिक्स्ड डबल्स में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। इस जीत के साथ सुमेधा के कुल पदकों की संख्या 17 हो गई है। 10 मीटर एयर पिस्टल की सिंगल स्पर्धा में सुमेधा ने भारत की ही सृष्टि अरोड़ा को 0.3 पॉइंट से पछाड़ते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया। सुमेधा ने कुल 235.2 अंक अर्जित किए, जबकि सृष्टि अरोड़ा ने 234.9 अंकों के साथ सिल्वर मेडल पर कब्जा किया। इस स्पर्धा में हंगरी की क्रिस्टीना को 209.4 अंकों के साथ ब्रॉन्ज मेडल मिला।

सुमेधा पाठक, सृष्टि अरोड़ा और रुबीना फ्रांसिस की तिकड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल की टीम स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए गोल्ड मेडल जीता। भारतीय टीम ने 1695-42ङ्ग अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि रिपब्लिक ऑफ कोरिया को 1659-25ङ्ग अंकों के साथ दूसरा और चीनी ताइपे को 1586-19X अंकों के साथ तीसरा स्थान मिला। इस स्पर्धा में भी सुमेधा ने सर्वाधिक अंक बटोरे। सुमेधा के पिता बृजेश पाठक ने साउथ कोरिया से फोन पर बताया कि उनकी बेटी और उनकी टीम ने विश्व रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीतकर भारत, उत्तर प्रदेश और वाराणसी का मान बढ़ाया है। इस उपलब्धि से वाराणसी में खुशी की लहर दौड़ गई है।

# नोवाक जोकोविच ने नोरी को हराकर लगाया जीत का शतक, नडाल के क्लब में हुए शामिल

**एजेंसी**

**पेरिस।** फ्रेंच ओपन के तीन बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने सोमवार को ब्रिटेन के कैमरून नोरी को सीधे सेटों में 6-2, 6-3, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। इसी के साथ उन्होंने रोलां गैरों में अपना 100वां मैच जीतकर राफेल नडाल के 'सेंचुरी क्लब' में जगह बना ली है।

**नडाल के बाद सेंचुरी पूरी करने वाले दूसरे पुरुष खिलाड़ी**

नोवाक जोकोविच रोलां गैरों में 100 मैच जीतने वाले केवल दूसरे पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले राफा नडाल ने यहां 112 मैच जीतकर यह उपलब्धि हासिल की थी। अब जोकोविच रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की ओर अग्रसर हैं।

**ऑस्ट्रेलियन ओपन से भी आगे निकला रोलां गैरों रिकॉर्ड**

जोकोविच ने फ्रेंच ओपन में अपने करियर की सबसे ज्यादा 100 जीत दर्ज की हैं, जबकि ऑस्ट्रेलियन ओपन में उनके नाम 99 जीत दर्ज हैं। हालांकि, उन्होंने मेलबर्न में रिकॉर्ड 10 बार खिताब जीता है, जबकि पेरिस में अब तक 3 खिताब अपने नाम किए हैं।

**बिना सेट गंवाए क्वार्टर फाइनल में पहुंचे जोकोविच**

इस साल जोकोविच का प्रदर्शन



भले ही कुछ खास नहीं रहा हो, लेकिन उन्होंने हाल ही में अपने करियर का 100वां टूर-स्तरीय खिताब जीता और अब फ्रेंच ओपन में एक भी सेट गंवाए बिना क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने नोरी के खिलाफ पहला सेट कुछ शुरुआती ब्रेक के बाद आसानी से जीता।

**अब जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगी टक्कर**

तीसरे सेट में जोकोविच ने तीसरे गेम में नोरी की सर्विस ब्रेक कर दी और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस जीत के साथ उन्होंने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है, जहां उनका सामना जर्मनी के तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा।

## 'शूटिंग लीग ऑफ इंडिया' सिर्फ प्रतियोगिता नहीं, सबके लिए नई शुरुआत हैः सरबजोत सिंह

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।**देश की पहली शूटिंग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई) के शुभारंभ को लेकर देशभर में उत्साह है और ओलंपिक पदक विजेता सरबजोत सिंह इसे एक ऐतिहासिक कदम बता रहे हैं। उनका मानना है कि यह लीग न केवल शूटिंग को एक नया आयाम देगी, बल्कि खिलाड़ियों को वैश्विक अनुभव और आपसी साझेदारी का अवसर भी प्रदान करेगी। पेरिस ओलंपिक 2024 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में कांस्य पदक जीतने वाले सरबजोत ने इससे पहले विश्व चैंपियनशिप, एशियन गेम्स और आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। 20 नवंबर से 02 दिसंबर 2025 के बीच आयोजित होने जा रही एसएलआई में पिस्टल (10रू 25रू), राइफल (10रू 50रू3क्र), और शॉटगन (ट्रैप व स्कीट) जैसे मिश्रित टीम स्पर्धाएं होंगी। लीग के तहत फ्रेंचाइज़ी टीमें दो पूलों में बंटी होंगी, जहां लीग चरण के बाद नॉकआउट मुकाबले खेले जाएंगे। खिलाड़ियों को चार श्रेणियों एलीट चैंपियंस, वर्ल्ड एलीट, नेशनल चैंपियंस और जूनियर/यूथ चैम्पियनशिप में वर्गीकृत किया जाएगा, जिससे युवा और अनुभवी प्रतिभाओं का संतुलन सुनिश्चित होगा। सरबजोत ने कहा, इतनी बड़ी पहल के पहले संस्करण का हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व की बात है। यह सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि अनुभवों को साझा करने और वैश्विक स्तर के निशानेबाज़ों से सीखने का अनोखा अवसर है। वर्तमान में सरबजोत म्यूनिख में होने वाले आईएसएसएफ वर्ल्ड कप की तैयारी कर रहे हैं, जहां वह अपने पसंदीदा 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में भाग लेंगे। पिछले साल इस स्पर्धा में सरबजोत ने स्वर्ण पदक जीता था। लीग के तेज और रोमांचक प्रारूप को लेकर सरबजोत ने कहा कि एसएलाई जैसे मंच से शूटिंग को लेकर युवा पीढ़ी में रुचि बढ़ेगी और यह खेल भारत में सही मायनों में पहचान पाएगा। यह दर्शकों के लिए भी एक नया अनुभव होगा। वहीं



अपने व्यक्तिगत लक्ष्य को लेकर उन्होंने कहा कि ÷मेरे लिए तकनीक के साथ-साथ मानसिक संतुलन भी जरूरी है। मैं हर मैच का आनंद लेना चाहता हूं और हर मौके से कुछ नया सीखना चाहता हूं। वहीं, युवा निशानेबाजों के लिए उन्होंने कहा कि वो खुद पर विश्वास रखें, कभी हार न मानें और अनुशासन व जुनून के साथ अभ्यास करते रहें।

# भारत ए और इंग्लैंड लॉयंस के बीच हाई-स्कोरिंग मुकाबला ड्रॉ, बल्लेबाज़ों का चौथे दिन भी जलवा बरकरार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कैंटरबरी में भारत ए और इंग्लैंड लॉयंस के बीच चार दिवसीय अभ्यास मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। मुकाबले में लगातार चौथे दिन सोमवार को भी बल्लेबाज़ों का बोलबाला रहा, जिसमें दोनों टीमों के टॉप ऑर्डर ने रनों की बारिश कर दी।

**इंग्लैंड लॉयंस की पारी में आखिरी विकेट की साझेदारी ने बढ़ाया स्कोर**

मैच के चौथे दिन की शुरुआत इंग्लैंड लॉयंस की पहली पारी से हुई, जिसमें टीम ने भारत ए के 557 रन के जवाब में 587 रन बनाए। अंतिम विकेट के लिए 49 रन की साझेदारी हुई जिसने टीम के स्कोर को 30 रन की बढ़त दिला दी।

**भारत ए की दूसरी पारी में तेज़ शुरुआतः**दूसरी पारी में भारत ए



की ओपनिंग जोड़ी ने तेज़ शुरुआत की। यशस्वी जायसवाल और अभिमन्यु ईश्वरन दोनों ने पहले इनिंग की असफलता को पीछे छोड़ते हुए अर्धशतक जमाए। जायसवाल ने केवल 60 गेंदों में 64 रन बनाए, जिनमें 80फीसदी रन बाउंड्री से आए। दोनों ने मिलकर 123 रन की ओपनिंग साझेदारी की, वो भी रन-रेट से तेज़ गति से।जायसवाल के आउट होने के बाद ईश्वरन ने थोड़ी सावधानी बरती, लेकिन ध्रुव जुरेल के क्रीज़ पर आते ही फिर से रनगति तेज़ हो गई। जुरेल ने पहली पारी में 94 रन बनाने के बाद दूसरी पारी में भी 51 गेंदों पर अर्धशतक ठोका।

इसके बाद नितीश रेड्डी ने भी आक्रामक बल्लेबाज़ी की। पहली पारी में केवल 7 रन पर आउट होने वाले रेड्डी ने दूसरी पारी में 43 गेंदों में 51 रन जड़ दिए, जिसमें एक ओवर में डैन मौसली से 18 रन लिए। मैच की खास बात यह रही कि भारत ए के सभी टॉप-6 बल्लेबाज़ों ने दोनों पारियों में मिलाकर कम से कम एक अर्धशतक जरूर जमाया। इससे टीम का बल्लेबाज़ी क्रम पूरी तरह से संतुलित और मजबूत नज़र आया।

## फतु चक क्रिकेट क्लब की टीम ने हरिपुर क्रिकेट क्लब को हराकर जीता फाइनल मुकाबला

**एजेंसी**

**आरएस पुरा।** आरएस पुरा के सीमावर्ती गांव हरिपुर में खेली जा रही क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला हरिपुर क्रिकेट क्लब एवं फतु चक क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए फतु चक क्रिकेट क्लब की टीम ने निर्धारित 15 ओवरों में 99 रन बनाए। वहीं 100 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरिपुर क्रिकेट क्लब की टीम की शुरुआत तो बेहतर रही लेकिन मध्य ओवरों में टीम के बल्लेबाज लगातार आउट होते गए। इसके बाद हरिपुर क्रिकेट क्लब की टीम 98 रनों पर ऑल आउट हो गई। बताते चलें कि क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन भाजपा नेता किशोर शर्मा की तरफ से करवाया जा रहा था ताकि क्षेत्र के युवाओं को नशा जैसी बुरी आदतों से दूर रखकर खेलों की तरफ आगे लाया जा सके। इस मौके पर भाजपा नेता किशोर शर्मा ने विजेता तथा उपविजेता टीम को ट्रॉफी एवं खेल सामग्री देकर सम्मानित किया और कहा कि आने वाले दिनों में भी पंचायत में इस तरह की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जाएगा ताकि ज्यादा से ज्यादा युवा खेलों की तरफ आगे आ सकें। इस मौके पर किशोर शर्मा ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि पंचायत में खेल मैदान बनाया जाए ताकि युवाओं को खेलों में हिस्सा लेने का मौका मिल सके। उन्होंने क्रिकेट प्रतियोगिता को सफल बनाने वाले सभी लोगों का धन्यवाद किया। इस मौके पर भूषण कुमार, जनक राज सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# रग्बी प्रीमियर लीगः पहले सीजन के लिए चेन्नई बुल्स ने टीम एवं जर्सी का किया अनावरण

**एजेंसी**

**चेन्नई।** भारत में पहली बार आयोजित होने जा रही रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) के उद्घाटन सत्र से पहले चेन्नई बुल्स फ्रेंचाइजी ने सोमवार को मैड्रास क्रिकेट क्लब में आयोजित एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अपनी आधिकारिक टीम और जर्सी का अनावरण किया।

इस कार्यक्रम में रग्बी इंडिया के कोषाध्यक्ष सेन्धिल वी. त्यागराजन, बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) के अध्यक्ष और तमिलनाडु ओलंपिक संघ के महासचिव आधव अर्जुना, चेन्नई बुल्स के मालिक अक्षित शर्मा, टीम के मुख्य कोच और रग्बी 7s के दिग्गज बेन गोलिंग्स, तथा अभिनेता और पूर्व भारतीय रग्बी खिलाड़ी विनय राय शामिल हुए। चेन्नई बुल्स, भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई समूह एविडसिस ग्रुप की स्पोर्ट्स शाखा एविड स्पोर्ट्स के स्वामित्व में है और आरपीएल की एकमात्र अंतरराष्ट्रीय



निवेश वाली टीम है, जो लीग में वैश्विक दृष्टिकोण लेकर आई है।टीम के उद्देश्यों पर ऑनर अक्षित शर्मा ने कहा कि चेन्नई बुल्स सिर्फ एक टीम नहीं, बल्कि भारत के खेल परिदृश्य को बदलने का एक आंदोलन है। हमारा लक्ष्य विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर, उत्कृष्ट कोचिंग और गहरे फैन कनेक्शन के जरिए चेन्नई को रग्बी का केंद्र बनाना है। मुख्य कोच बेन गोलिंग्स ने कहा कि रग्बी 7s तेज़, कौशल-आधारित और अत्यंत रोमांचक खेल है। हमारा उद्देश्य टीम में तालमेल बनाना और मैदान पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है।' रग्बी इंडिया के कोषाध्यक्ष सेन्धिल वी. त्यागराजन ने कहा, 'भारत में रग्बी की बड़ी फैन फॉलोइंग है और इसकी संभावनाएं असीमित हैं। त्रक्क जैसे मंच से इस खेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। तमिलनाडु ओलंपिक संघ के महासचिव आधव अर्जुना ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं भारत के ओलंपिक रग्बी सपनों को साकार करने के लिए ज़रूरी हैं। आरपीएल के माध्यम से लाखों भारतीयों तक यह खेल पहुंचेगा। अभिनेता और पूर्व भारतीय रग्बी खिलाड़ी विनय राय ने कहा कि रग्बी में समर्पण, टीमवर्क और लचीलापन ही सफलता की कुंजी हैं। चेन्नई बुल्स इन मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाएगी। रग्बी प्रीमियर लीग का आयोजन 15 जून से 29 जून 2025 के बीच मुंबई के अंधेरी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगा, जिसमें कुल छह टीमें हिस्सा लेंगी और उद्घाटन खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

**चेन्नई बुल्स की टीमः**

हैनेस एडलर, हाकोन ओएस, निकियास लोहे, टेरी कैनेडी, जोसेवा तालाकोलो, रातु सौतुरागा, जोक्विन पेल्लांदिनी, अलेक्जेंडर डेविस, वल्लभ पाटिल, शानवाज़ अहमद, विनायक हरिराज, मुहम्मद जसीम ईपी, विनय ए।

## श्रीहरि नटराज ने 200मी. फ्रीस्टाइल में बनाया नया भारतीय रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।**ओलंपियन श्रीहरि नटराज ने 20वीं सिंगापुर नेशनल स्विमिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में 'सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय' दर्ज किया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पहले इससे 24 वर्षीय नटराज टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उन्होंने सिंगापुर स्पोर्ट्स स्कूल में 1:48.66 सेकंड का समय निकाला। इसके साथ ही उन्होंने साजन प्रकाश के 2021 में बनाए गए 1:49.73 सेकंड के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। बैकस्ट्रोक में विशेषज्ञता रखने वाले नटराज इससे पहले 100 मीटर फ्रीस्टाइल में रजत पदक भी जीत चुके हैं। तैराकी में राष्ट्रीय रिकॉर्ड केवल नेशनल एक्वेटिक चैंपियनशिप में बनाए गए समय को ही माना जाता है, जबकि अन्य प्रतियोगिताओं में बनाए गए समय को 'सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय' कहा जाता है।

# प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 के लिए यूपी योद्धा ने मजबूत किया स्क्वॉड, गुमान सिंह को 1.07 करोड़ में खरीदा

**एजेंसी**

**मुंबई।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सीजन की नीलामी में यूपी योद्धा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को और मजबूत किया है। जीएमआर स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली इस फ्रेंचाइजी ने गुमान सिंह, महेंदर सिंह और ईरानी डिफेंडर मोहम्मदरेजा कबूदरहंगी जैसे खिलाड़ियों को टीम में शामिल कर अपने इरादे साफ कर दिए हैं। नीलामी के पहले दिन, यूपी योद्धा ने स्टार रेडर गुमान सिंह को 1.0725 करोड़ रुपये में खरीदा, जबकि महेंदर सिंह को 20 लाख रुपये में फाइनल बिड मैच (एफबीएम) का इस्तेमाल करते हुए टीम में जोड़ा।दूसरे दिन, ईरान के डिफेंडर मोहम्मदरेजा कबूदरहंगी को भी एफबीएम के जरिए 20 लाख रुपये में दोबारा टीम में शामिल किया गया। मोहम्मदरेजा ने अब तक 23 पीकेएल मुकाबलों में 24 टैकल पॉइंट्स सहित कुल 28 अंक हासिल किए हैं, जो टीम की डिफेंस को और मजबूत करेंगे। इसके अलावा, कोरियन रेडर डोंग ग्योन ली (13.5 लाख), रोनक (9 लाख) और प्रणय विनय राणे (13 लाख) जैसे रणनीतिक खिलाड़ियों को भी टीम में जोड़ा गया है। टीम के कोर खिलाड़ियों में सुमित, भवानी राजपूत, साहुल कुमार, सुरेंदर गिल और आशीष सिंह शामिल हैं, जिन्हें एलिट रिटेंड प्लेयर (ईआरपी) सूची में बरकरार रखा गया। वहीं रिटेंड यंग प्लेयर (आरवाईपी) सूची में हितेश, गगन गौड़ा एचआर और शिवम चौधरी शामिल हैं। एग्जिस्टिंग न्यू यंग प्लेयर (एनवाईपी) सूची में जयेश विकास महाजन, गंगाराम, सचिन और केशव कुमार को जगह दी गई है। जीएमआर स्पोर्ट्स के सीईओ सत्यम त्रिवेदी ने कहा, ÷हम नीलामी के परिणाम से बेहद संतुष्ट हैं। हमारी रणनीति साफ थी कि कोर ग्रुप को बनाए रखते हुए ऐसे खिलाड़ियों को शामिल करना जो टीम के संतुलन को मजबूत करें। गुमान सिंह और महेंदर सिंह जैसे खिलाड़ियों को जोड़कर हमने अहम विभागों को और मज़बूत किया है।टीम के मुख्य कोच जसवीर सिंह ने कहा, हमारी रणनीति कोर खिलाड़ियों को बनाए रखने की थी और साथ ही ऐसे नाम जोड़ने की जो टीम की फिलॉसफी के अनुरूप हों। गुमान की आक्रामकता, महेंदर और मोहम्मदरेजा की डिफेंस में भूमिका और डोंग ग्योन ली की बहुमुखी प्रतिभा हमारी टीम के लिए लाभकारी साबित होंगी। गुमान सिंह, मोहम्मदरेजा कबूदरहंगी, महेंदर सिंह, डोंग ग्योन ली, सुमित, आशीष सिंह, भवानी राजपूत, साहुल कुमार, सुरेंदर गिल, हितेश, गगन गौड़ा, शिवम चौधरी, जयेश विकास महाजन, गंगाराम, सचिन, केशव कुमार, जतिन, रोनक, प्रणय विनय राणे।

# इंग्लैंड के खिलाफ जेसन होल्डर और आंद्रे रसेल की वेस्टइंडीज टी-20 टीम में वापसी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी 20 सीरीज के लिए देर रात अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। इस टीम में जेसन होल्डर और आंद्रे रसेल की वापसी हुई है। वहीं, निकोलस पूरन को आईपीएल के व्यस्त शेड्यूल के बाद आराम दिया गया हैयह सीरीज मंगलवार को द ओवल में समाप्त हो रही वनडे सीरीज के बाद खेली जाएगी। इसके बाद वेस्टइंडीज की टीम आयरलैंड दौरे पर लौटेगी, जहां वे तीन और टी 20 मुकाबले खेलेंगे।

**रसेल-होल्डर की वापसी, पूरन को आराम**

जेसन होल्डर ने फरवरी 2024 में आखिरी बार टी20 मैच खेला था, जबकि रसेल ने नवंबर में इंग्लैंड के खिलाफ बारबाडोस में आखिरी बार मैदान संभाला था। दोनों खिलाड़ी अब पूरी तरह फिट हैं और टीम में वापसी के लिए तैयार हैं। निकोलस पूरन ने आईपीएल के बाद आराम की मांग की थी, जिसे टीम मैनेजमेंट ने स्वीकार कर लिया है।

**शाई होप होंगे नए कप्तान, पॉवेल को बरकरार रखा गया**

शाई होप को टी 20 टीम का नया कप्तान बनाया गया है, जिन्होंने रोवमैन पॉवेल की जगह ली है। पॉवेल ने बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज में 3-0 से हार झेली



थी, लेकिन उन्हें टीम में बतौर खिलाड़ी शामिल रखा गया है।

शरफेन रदरफोर्ड और शिमरोन हेटमायर भी टीम में लौटे हैं, जबकि जस्टिन ग्रेव्स, शमार स्प्रिंगर और टेरेंस हाइंड्स को इस बार टीम में जगह नहीं मिली।

**आयरलैंड सीरीज में कुछ बदलाव, नए चेहरे को मौका**

आयरलैंड के खिलाफ सीरीज के लिए ब्रैंडन किंग को छुट्टी दी गई है, उनकी जगह कीसी कार्टी को टीम में शामिल किया गया है। वहीं, नए टेस्ट कप्तान रोस्टन चेज इंग्लैंड सीरीज के बाद टीम से बाहर हो जाएंगे और उनकी जगह पहली बार जेड गूली को टीम में मौका मिला है।

टीम के कोच डैरेन सैमी, फ्लॉयड रीफर और रवि रामपॉल भी इंग्लैंड सीरीज के बाद बारबाडोस लौटेंगे, जहां 13 से 21 जून तक टेस्ट कैंप लगेगा। आयरलैंड सीरीज के लिए रयॉन ग्रिफिथ को कोचिंग की जिम्मेदारी दी गई है।

**वेस्टइंडीज की इंग्लैंड के खिलाफ टी20 टीमः**

शाई होप (कप्तान), जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, मैथ्यू फोर्ड, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, अकील होसेन, अल्जारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एविन लुईस, गुडाकेश मोती, रोवमैन पॉवेल, आंद्रे रसेल, शरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

**आयरलैंड के खिलाफ टी 20 टीमः**

शाई होप (कप्तान), कीसी कार्टी, जॉनसन चार्ल्स, मैथ्यू फोर्ड, जेड गूली, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, अकील होसेन, अल्जारी जोसेफ, एविन लुईस, गुडाकेश मोती, रोवमैन पॉवेल, शरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

## केंद्र ने इलेक्ट्रिक यात्री वाहन विनिर्माण योजना के लिए दिशा-निर्देश जारी किए

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने भारत में इलेक्ट्रिक यात्री कारों के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना के लिए दिशा-निर्देश अधिसूचित किए हैं। यह योजना ईवी यात्री कार क्षेत्र में वैश्विक निर्माताओं से नए निवेश को सक्षम करेगी और भारत को ई-वाहनों के लिए वैश्विक विनिर्माण गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने में मदद करेगी। भारी उद्योग मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) पर विशेष ध्यान देते हुए यात्री कारों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए एक दूरदर्शी योजना को मंजूरी दी है। ये ऐतिहासिक पहल 2070 तक नेट जीरो हासिल करने, टिकाऊ गतिशीलता को बढ़ावा देने, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के भारत के राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप है। मंत्रालय के मुताबिक इस योजना के तहत आवेदन आमंत्रित करने के लिए नोटिस जल्द ही जारी किया जाना प्रस्तावित है, जिसके तहत संभावित आवेदक ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकेंगे। यह योजना वैश्विक ईवी निर्माताओं से निवेश आकर्षित करने और भारत को ई-वाहनों के विनिर्माण गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने में मदद करेगी। यह योजना भारत को ईवी के विनिर्माण के लिए वैश्विक मानचित्र पर लाने, रोजगार पैदा करने और 'मेक इन इंडिया' के लक्ष्य को प्राप्त करने में भी मदद करेगी।

## दो हजार रुपये के 6,181 करोड़ रुपये के नोट अभी भी जनता के पास : आरबीआई

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने कहा कि 2000 रुपये के नोट बंद करने के दो साल बाद भी 6,181 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अब भी जनता के पास यानी प्रचलन में हैं। रिजर्व बैंक ने 19 मई 2023 को दो हजार रुपये के बैंक नोट को प्रचलन से वापस लेने की घोषणा की थी। ये 2000 रुपये के नोट अब भी वैध मुद्रा हैं। आरबीआई ने जारी एक बयान में कहा कि 19 मई, 2023 को 2000 रुपये के नोट का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था, जो 31 मई, 2025 को कारोबार बंद होने पर घटकर 6,181 करोड़ रुपये रह गया है। केंद्रीय बैंक ने कहा, ''इस प्रकार 19 मई, 2023 तक प्रचलन में रहे 2000 रुपये के 98.26 फीसदी नोट बैंकों में वापस आ चुके हैं।'' रिजर्व बैंक ने कहा कि 2000 रुपये के बैंक नोट कानूनी मुद्रा बने रहेंगे। रिजर्व बैंक के मुताबिक 2000 रुपये के इन बैंक नोट को जमा करने या बदलने की सुविधा 7 अक्टूबर, 2023 तक सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। ये सुविधा अब केवल रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है। आरबीआई के निर्गम कार्यालय 9 अक्टूबर, 2023 से लोगों तथा संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए 2000 रुपये के बैंक नोट स्वीकार कर रहे हैं। इसके अलावा देश के किसी भी डाकघर से भारतीय डाक के जरिए 2000 रुपये के नोट को लोग अपने बैंक खातों में जमा कराने के लिए किसी भी आरबीआई कार्यालय में भेज सकते हैं।

## भारत-ओमान व्यापार समझौते पर जल्द ही अच्छी खबर आएगी: पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** फ्रांस की यात्रा पर गए केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पेरिस में टोटल एनर्जीज के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पैट्रिक पॉयने से यहां मुलाकात की। इस दौरान पैट्रिक पॉयने ने भारत के लिए कंपनी की निवेश योजनाओं और अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में गहन सहयोग के अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत और ओमान के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत आगे बढ़ रही है। इस पर कुछ अच्छी खबर 'बहुत जल्द' आ सकती है। केंद्रीय वाणिज?य मंत्री ने सीईओ पैट्रिक पॉयने से मुलाकात के दौरान भारत के लिए कंपनी की निवेश योजनाओं और अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में गहन सहयोग के अवसरों पर चर्चा की। वह 3 जून को विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की एक लघु-मंत्रिस्तरीय बैठक में भी भाग लेंगे।इसके बाद गोयल ने पत्रकारों से कहा, ''मुझे लगता है कि ओमान एफटीए पर आपको बहुत जल्द ही अच्छी खबर सुनने को मिलेगी। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए फ्रांसी नेताओं और कारोबारियों से बातचीत करने के लिए आधिकारिक यात्रा पर यहां आए हैं। इस साल जनवरी में गोयल की मस्कट यात्रा के बाद वार्ता को बहुत ज़रूरी प्रोत्साहन मिला। उन्होंने कहा कि ओमान भारत के लिए खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) देशों में तीसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। भारत का पहले से ही एक अन्य जीसीसी सदस्य यूएई के साथ ऐसा ही समझौता है।

## सर्राफा बाजार में तेजी से उछला सोना, चांदी भी एक लाख के स्तर पर पहुंची

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज तेजी का माहौल बना हुआ है। सोना आज 290 रुपये से लेकर 320 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। भाव में उछाल आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 97,640 रुपये से लेकर 97,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 89,500 रुपये से लेकर 89,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी आज तेजी आई है। इस तेजी के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज एक बार फिर एक लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 97,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 89,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

# टेस्ला की भारत में मैन्युफैक्चरिंग के लिए पीएम मोदी और मस्क मिलकर करेंगे काम - एरोल मस्क

**एजेंसी**
**वाशिंगटन।** टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क के पिता एरोल मस्क ने कहा कि उन्हें इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत में टेस्ला का मैन्युफैक्चरिंग प्लांट होगा। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि पीएम मोदी और मस्क कुछ ऐसा करेंगे, जो दोनों के लिए फायदेमंद होगा। राष्ट्रीय राजधानी में से बात करते हुए एरोल मस्क ने कहा कि टेस्ला को देश में लाने को लेकर प्रधानमंत्री मोदी को भारत के हितों को देखना होगा। 79 वर्षीय दक्षिण अफ्रीकी व्यवसायी ने जोर देते हुए कहा, एलन को एक कंपनी के रूप में टेस्ला के हितों को देखना होगा। दोनों मिलकर कुछ ऐसा करेंगे, जो टेस्ला के साथ ही भारत के लिए भी सबसे अधिक लाभकारी हो। हालांकि, मैं यह एक निजी व्यक्ति के रूप में कह रहा हूं क्योंकि टेस्ला एक सार्वजनिक कंपनी है। एरोल मस्क ने आगे कहा कि मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत में टेस्ला का मैन्युफैक्चरिंग प्लांट होगा। उन्होंने आईएएनएस से



कहा, भारत में टेस्ला प्लांट होना ही चाहिए। भारत दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण स्थानों में से एक है। सर्वोटेक रिन्यूएबल पावर सिस्टम लिमिटेड के वैश्विक सलाहकार एरोल मस्क की भारत यात्रा, सस्टेनेबल डेवलपमेंट की दिशा में देश की तेजी से बढ़ती प्रगति और ग्रीन एंड इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजी में अग्रणी बनने की महत्वाकांक्षा को रेखांकित करती है।भारत ने ईवी अपनाने के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं। देश का लक्ष्य 2030 तक पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में 30 प्रतिशत, संयुक्त दोपहिया और तिपहिया सेगमेंट में 80 प्रतिशत और कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट में 70 प्रतिशत ईवी पेनेट्रेशन हासिल करना है। इस साल अप्रैल में, एलन मस्क और पीएम मोदी ने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। मस्क ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, ÷पीएम मोदी से बात करना सम्मान की बात थी। मैं इस साल के अंत में भारत आने का इंतजार कर रहा हूं। पीएम मोदी ने टेस्ला के सीईओ के साथ कई विषयों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने एक्स पर कहा, एलन मस्क से बातचीत और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें इस साल की शुरुआत में वाशिंगटन डीसी में हमारी बैठक के दौरान शामिल किए गए विषय भी शामिल हैं। हमने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर चर्चा की।

## कमजोर लिस्टिंग के बाद संभले एजिस वोपैक के शेयर, पहले दिन निवेशकों को 2.98 प्रतिशत का फायदा

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस के लिए स्टोरेज टर्मिनल को ऑपरेट करने वाली कंपनी एजिस वोपैक टर्मिनल्स लिमिटेड के शेयरों की आज शेयर बाजार में काफी निराशाजनक एंट्री हुई। लिस्टिंग के बाद खरीदारों ने इस शेयर को हाथों-हाथ लिया, जिसके कारण कुछ ही देर में ये शेयर उछल कर इश्यू प्राइस से ऊपर चला गया। आईपीओ के तहत कंपनी ने 235 रुपये के भाव पर शेयर जारी किए थे। आज बीएसई और एनएसई पर कंपनी के शेयर 6.38 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 220 रुपये के स्तर पर लिस्ट हुए।स्टॉक मार्केट में बड़ी गिरावट के साथ लिस्ट होने के बाद खरीदारों ने कंपनी के शेयरों की लिवाली शुरू कर दी, जिसके कारण इस शेयर की चाल में भी तेजी आ गई। लगातार हो रही खरीदारी के बीच में यदा-कदा मुनाफा वसूली के चक्कर में बिकवाली भी होती रही। इसके बावजूद ये शेयर लगातार ऊपर चढ़ता गया। बाजार में हो रही खरीदारी के सपोर्ट से पूरे दिन के कारोबार के बाद एजिस वोपैक टर्मिनल्स लिमिटेड के शेयर 7 रुपये की बढ़त के साथ 242 रुपये के स्तर पर बंद हुए। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को आज पहले दिन के कारोबार से ही 2.98 प्रतिशत का फायदा हो गया। एजिस वोपैक टर्मिनल्स लिमिटेड का 2,800 करोड़ रुपये का आईपीओ 26 मई को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने के बाद 28 मई को बंद हुआ था। ये आईपीओ 2.20 गुना सब्सक्राइब हुआ था। आईपीओ लॉन्च करने के पहले कंपनी ने एंकर इन्वेस्टर से भी 1,260 करोड़ रुपये जुटाए थे। आईपीओ के तहत 11.91 करोड़ नए शेयर जारी किए गए हैं।

## जेएनएआरडीडीसी ने हैदराबाद में गैर-लौह पुनर्चक्रण हितधारकों के साथ विशेष संवादात्मक बैठक की मेजबानी की

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** देश के पुनर्चक्रण प्रणाली को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जवाहरलाल नेहरू एल्युमीनियम अनुसंधान विकास एवं डिजाइन केंद्र (जेएनएआरडीडीसी) के पुनर्चक्रण संवर्धन प्रभाग ने हैदराबाद में अलौह पुनर्चक्रण हितधारकों और व्यापारियों के साथ एक केंद्रित संवादात्मक बैठक की। खान मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि इस कार्यशाला में तेलंगाना एल्युमीनियम यूटेंसिल्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (टीएयूएमए), एल्युमीनियम एक्सट्रूडर एंड मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएलईएमएआई) और मैटेरियल रिसाइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमआरएआई) सहित प्रमुख उद्योग निकायों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। जेएनएआरडीडीसी ने घरेलू जरूरतों के लिए तैयार एल्युमीनियम रिसाइक्लिंग प्रौद्योगिकियों और मिश्र धातु विकास में अपने हालिया शोध का प्रदर्शन किया गया। इस ओपन सत्र में रीसाइकिलर्स को अपनी तकनीकी, प्रशासनिक और विनियामक चुनौतियों पर खुलकर चर्चा करने का मंच प्रदान किया गया। सुनिश्चित होने की उम्मीद है। इस कार्यशाला का उद्देश्य पुनर्चक्रण से जुड़ी जमीनी चुनौतियों को समझने और पुनर्चक्रण क्षेत्र को आधुनिक तथा सशक्त



भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के एक प्रतिनिधि ने भी उपस्थित लोगों को इस क्षेत्र को प्रभावित करने वाले प्रासंगिक गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों (क्यूसीओ) के बारे में जानकारी दी। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी के मार्गदर्शन में इस सहयोगात्मक दृष्टिकोण से भारत के धातु रीसाइक्लिंग उद्योग की दीर्घकालिक मजबूती, स्थिरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा बनाने में व्यावहारिक सहायता प्रदान करने के लिए पुनर्चक्रण करने वालों, व्यापारियों, सेवा प्रदाताओं सहित अलौह रीसाइक्लिंग हितधारकों के साथ सीधे जुड़ना था। इस सत्र का एक मुख्य आकर्षण पुनर्चक्रण उद्योग की परिवर्तनकारी क्षमता थी, जो प्राथमिक अयस्क क्रम उत्पादन के लिए आवश्यक ऊर्जा का केवल एक अंश ही खपत करता है।

# देश का कोयला उत्पादन मई माह में 86.24 मीट्रिक टन

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।**भारत के कोयला उत्पादन और प्रेषण में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में लगातार वृद्धि देखी गई है। देश में मई, 2025 के दौरान कुल कोयला का उत्पादन 86.24 मीट्रिक टन (अनंतिम) तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में उत्पादित 83.96 मीट्रिक टन कोयला से अधिक है। कोयला मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि मई 2025 के दौरान देश में कुल कोयला उत्पादन 86.24 मीट्रिक टन (अनंतिम) तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में उत्पादित 83.96 मीट्रिक टन से अधिक है। मंत्रालय के मुताबिक मई महीने के दौरान कैप्टिव/वाणिज्यिक खदानों से उत्पादन 16.93 मीट्रिक टन (अनंतिम) रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान दर्ज 13.83 मीट्रिक टन से अधिक की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। मंत्रालय के मुताबिक 31 मई, 2025 तक कोयला कंपनियों के



मौजूदा कोयला भंडार में 29.18 फीसदी की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 94.98 मीट्रिक टन की तुलना में 122.69 मीट्रिक टन तक पहुंच गई। यह वृद्धि देशभर में कोयला उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि का प्रमाण है। कोयला के उत?पादन में यह वृद्धि देश के कुल कोयला उत्पादन में कैप्टिव/कमर्शियल खनन के बढ़ते योगदान को दर्शाती है। कोयला मंत्रालय ने कहा कि यह मंत्रालय द्वारा इस क्षेत्र में निरंतर आपूर्ति और परिचालन स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों को दर्शाता है। कोयला मंत्रालय सतत विकास, कोयले की उपलब्धता में सुधार लाने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। कोयला क्षेत्र सकारात्मक गति के साथ देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## 2030 तक हर वर्ष 500 मिलियन यात्री भरेंगे उड़ान, देश स्पेस एविएशन कन्वर्जेंस में एक ग्लोबल लीडर : पीएम मोदी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्लोबल एविएशन इकोसिस्टम में एक विशाल बाजार के रूप में भारत की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि देश स्पेस एविएशन कन्वर्जेंस में एक ग्लोबल लीडर के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है।भारत मंडपम में अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) की 81वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) और विश्व वायु परिवहन शिखर सम्मेलन (डब्ल्यूएटीएस) में पीएम मोदी ने विश्व स्तरीय हवाई अवसंरचना विकसित करने और कनेक्टिविटी बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया।उन्होंने चार दशक बाद भारत में आयोजित इस कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। पीएम मोदी ने इस



अवधि के दौरान भारत में हुए परिवर्तनकारी बदलावों पर जोर देते हुए कहा कि आज का भारत पहले से कहीं अधिक आत्मविश्वास से भरा हुआ है। उन्होंने ग्लोबल एविएशन इकोसिस्टम में भारत की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा, देश न केवल एक विशाल बाजार के रूप में, बल्कि नीतिगत नेतृत्व, इनोवेशन और समावेशी विकास के प्रतीक के रूप में अहम भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले कुछ वर्षों में नागरिक उड्डयन में भारत के उल्लेखनीय परिवर्तन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बन गया है। उन्होंने उड़ान योजना की सफलता पर जोर देते हुए इसे भारतीय नागरिक उड्डयन इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय बताया। उन्होंने कहा, उड़ान योजना से 15 मिलियन से अधिक यात्रियों को सस्ती हवाई यात्रा का लाभ मिला है, जिससे कई नागरिक पहली बार हवाई यात्रा करने में सक्षम हुए हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारत की एयरलाइंस लगातार दोहरे अंकों की वृद्धि हासिल कर रही है, जिसमें 240 मिलियन यात्री सालाना उड़ान भर रहे हैं, जो दुनिया भर के अधिकांश देशों की कुल आबादी से अधिक है। उन्होंने अनुमान लगाया कि 2030 तक यह संख्या 500 मिलियन यात्रियों तक पहुंच जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत में सालाना 3.5 मिलियन मीट्रिक टन माल हवाई मार्ग से ले जाया जाता है और इस दशक के अंत तक यह मात्रा बढ़कर 10 मिलियन मीट्रिक टन हो जाएगी।

## रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा बैठक 4 जून से, रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती संभव

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।**रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) महंगाई दर के चार फीसदी के औसत लक्ष्य से नीचे बने रहने के कारण लगातार तीसरी बार नीतिगत ब्याज दर में 0.25 फीसदी की और कटौती कर सकता है, ताकि अमेरिकी टैरिफ से उत्पन्न वैश्विक अनिश्चितता के बीच विकास को बढ़ावा दिया जा सके। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा बैठक 4 जून, रिजर्व बैंक गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में होगी। इस बैठक के फैसलों का ऐलान 6 जून, आरबीआई गवर्नर करेंगे। जानकारों का कहना है कि आरबीआई इस बार भी नीतिगत दर रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती कर सकता है। आर्थिक मामलों के जानकारों को मानना है कि मौजूदा समय में महंगाई दर संतुलित स्थिति में है। रिजर्व बैंक ने तरलता की स्थिति को कई उपायों के माध्यम से काफी सहज बना दिया है। ऐसे में उम्मीद है कि आरबीआई 4-6 जून तक चलने वाली एमपीसी की बैठक में रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती का निर्णय ले सकती है। इसके अलावा इस बैठक में आरबीआई अपनी विकास दर और महंगाई दर के अनुमान को भी संशोधित कर सकता है। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली और बीते वित्त वर्ष 2024-25 की अंतिम एमपीसी बैठक यानी इस साल फरवरी और अप्रैल में लगातार दो बार प्रमुख नीति गत ब्याज दर (रेपो रेट) में 0.25-0.25 फीसदी की कटौती की, जिससे यह 6.50 फीसदी से घटकर 6 फीसदी पर आ गई है।

# टेस्ला को भारत में इलेक्ट्रिक कार बनाने में कोई दिलचस्पी नहीं: कुमारस्वामी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने कहा कि वैश्विक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) दिग्गज टेस्ला भारत में कारों के निर्माण में दिलचस्पी नहीं रखती है, लेकिन देश में शोरूम स्थापित करने की इच्छुक है। उन्होंने कहा कि मर्सिडीज बेंज, फॉक्सवैगन-स्कोडा, हुंडई की भारत में इलेक्ट्रिक वाहन बनाने में रूचि है। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री ने यहां भारत में इलेक्ट्रिक कारों के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना के लिए दिशा-निर्देशों के अनावरण की घोषणा करने के लिए आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। कुमारस्वामी ने कहा कि मर्सिडीज बेंज, स्कोडा-फॉक्सवैगन, हुंडई और किआ सहित वैश्विक वाहन निर्माता कंपनियों ने भारत में इलेक्ट्रिक कारों के विनिर्माण में रुचि दिखाई है। टेस्ला केवल




शोरूम शुरू करने में अधिक (रुचि रखते हैं)। वे भारत में विनिर्माण (शुरू) करने में रुचि नहीं रखते हैं। यह योजना ईवी यात्री कार सेगमेंट में वैश्विक निर्माताओं से नए निवेश को सक्षम करेगी और भारत को इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए वैश्विक विनिर्माण गंतव्य के रूप में बढ़ावा देगी। एच. डी. कुमारस्वामी ने कहा कि इन कंपनियों ने 'भारत में इलेक्ट्रिक यात्री कारों के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना' के संबंध में सरकार और उद्योग के बीच बातचीत के दौरान रुचि जताई है। योजना के बारे में जारी विस्तृत दिशा-निर्देश के बारे में उन?होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमने भारत को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के लिए वैश्विक केंद्र बनाने के लिए एक ऐतिहासिक ईवी विनिर्माण योजना शुरू की है। कुमारस?वामी ने बताया कि 4,150 करोड़ रुपये के निवेश अधिदेश के साथ यह मेक इन इंडिया की दिशा में एक कदम एक स्वच्छ, मजबूत भविष्य के लिए है। इस अवसर पर भारी उद्योग मंत्रालय के सचिव कामरान रिजवी और मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव डॉ. हनीफी कुरैशी भी मौजूद थे।

## श्लॉस बैंगलोर की निराशाजनक लिस्टिंग, निवेशकों को हुआ मामूली मुनाफा

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** लीला ग्रुप के तहत लग्जरी होटल और रिसॉर्ट चेन चलाने वाली कंपनी श्लॉस बैंगलोर के शेयरों की कमजोर लिस्टिंग के कारण आज कंपनी के आईपीओ निवेशकों को काफी निराशा का सामना करना पड़ा। लिस्टिंग के बाद खरीदारों ने लिवाली करके निवेशकों के नुकसान की भरपाई भी कर दी। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 435 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर इनकी एंट्री 6.55 प्रतिशत के डिस्काउंट के साथ 406.50 रुपये के स्तर पर हुई। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी के शेयर 6.67 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 406 रुपये के स्तर पर लिस्ट हुए। टॉक मार्केट में बड़ी गिरावट के साथ कारोबार की शुरुआत करने वाले श्लॉस बैंगलोर के शेयर लिस्टिंग के बाद बिकवाली के दबाव में गिरकर 405 रुपये के स्तर तक पहुंच गए। इस गिरावट के बाद इन शेयरों की लिवाली शुरू हो गई, जिसके कारण




इसकी चाल में तेजी आ गई। बीच-बीच में बिकवाली होने के बावजूद ये शेयर लगातार ऊपर चढ़ता गया। खरीदारी के सपोर्ट से ये शेयर उछल कर 438.90 रुपये के स्तर तक पहुंचा। हालांकि, ये शेयर इस तेजी को कायम नहीं रख सका। आखिरी वक्त में हुई बिकवाली के कारण ये शेयर सिर्फ 55 पैसे की बढ़त के साथ 435.55 रुपये के स्तर पर बंद हुआ। इस तरह आईपीओ निवेशकों को पहले दिन के कारोबार से सिर्फ 0.13 प्रतिशत का ही फायदा हो सका। श्लॉस बैंगलोर का 3,500 करोड़ रुपये का आईपीओ 26 में से 28 में तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। ये आईपीओ 4.72 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

आईपीओ खुलने के पहले 23 मई को कंपनी ने एंकर बुक के जरिए भी 1,575 करोड़ रुपये जुटाने में सफलता हासिल की थी। आईपीओ के जरिए 5.75 करोड़ नए शेयर जारी किए गए हैं। इसके साथ ही प्रमोटर्स की ओर से 2.30 करोड़ शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के तहत बेचे गए हैं।

# रुपया 16 पैसे मजबूत

**एजेंसी**
**मुंबई ।** अमेरिका और चीन के बीच व्यापार तनाव बढ़ने से दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के कमजोर पड़ने से आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 16 पैसे मजबूत होकर 85.40 रुपये प्रति



डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 85.56 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। कारोबार की शुरुआत में रुपया एक पैसे बढ़कर 85.55 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान यही इसका दिवस का निचला स्तर रहा। वहीं, आयातकों एवं बैंकरों की बिकवाली से यह 85.31 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर भी रहा। अंत में पिछले दिवस के 85.56 रुपये प्रति डॉलर की तुलना में 16 पैसे मजबूत होकर 85.40 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया।

## तार-चढ़ाव के बाद मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स व निफ्टी ने निचले स्तर से की रिकवरी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार दिनभर उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत कमजोर रही थी। बाजार खुलते ही बिकवाली का जोरदार दबाव बन जाने के कारण पहले आधे घंटे में ही शेयर बाजार बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाया, जिसके कारण आज का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले शेयर बाजार कुछ देर के लिए हरे निशान में भी पहुंचा। हालांकि आखिरी वक्त में एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण शेयर बाजार दोबारा लाल निशान में गिर गया। दिनभर हुई खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 0.09 प्रतिशत और निफ्टी 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। आज के दिन कारोबार के दौरान रियल्टी, एफएमसीजी और पीएसयू बैंक सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। इसी तरह ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, हेल्थ केयर और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। दूसरी ओर आईटी, मेटल और ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयरों में पूरे दिन बिकवाली का दबाव बना रहा। इसी तरह कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में आज खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.58 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.36 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के बावजूद मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज हुई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 445.24 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 444.19 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.05 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,287 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,130 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,991 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 166 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,640 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,386 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,254 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 12 शेयर बढ़त के साथ और 18 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 20 शेयर हरे निशान में और 30 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 236.59 अंक की कमजोरी के साथ 81,214.42 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण पहले 20 मिनट में ही ये सूचकांक 796.75 अंक टूट कर 80,654.26 अंक तक गिर गया। इस बड़ी गिरावट के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाना शुरू कर दिया, जिसके कारण धीरे-धीरे इस सूचकांक की स्थिति में सुधार होने लगा। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से आज का कारोबार खत्म होने के आधा घंटा पहले ये सूचकांक निचले स्तर से 800 अंक से अधिक की रिकवरी करके 23.25 अंक की मजबूती के साथ 81,474.26 अंक तक पहुंचने में सफल हुआ। हालांकि इसके बाद एक बार फिर बाजार में दबाव बन जाने के कारण सेंसेक्स 77.26 अंक की कमजोरी के साथ 81,373.75 अंक के स्तर पर बंद हुआ।



‘चुपचाप वहां बैठ जाइए’, जब Akshay Kumar ने भरी महफिल में

# कटरीना कैफ

## को डांटा, देखते रह गए सलमान



बॉलीवुड में बीते 22 सालों से काम कर रहीं कटरीना कैफ ने अपने करियर में सबसे ज्यादा हिट फिल्में सलमान खान और अक्षय कुमार के साथ दी हैं. दोनों दिग्गजों के साथ उन्हें बड़े पर्दे पर दर्शकों ने खूब पसंद किया है. सलमान खान के साथ फिल्मों के अलावा वो अफेयर से भी सुर्खियां बटोरने में कामयाब रहीं. जबकि अक्षय के साथ भी उनका नाम जोड़ा गया था, लेकिन इसकी कभी पुष्टि नहीं हुई.सलमान खान, कटरीना कैफ और अक्षय कुमार बॉलीवुड के ये तीनों ही दिग्गज एक साथ एक ही मंच पर भी नजर आ चुके हैं. तब अक्षय कुमार ने कटरीना की क्लास लगा दी थी. तब सलमान भी कुछ नहीं कर पाए थे और वो बस देखते ही रह गए थे. आइए जानते हैं कि ऐसा कब, क्यों और कहां हुआ था ?

**सलमान के शो पर पहुंचे थे अक्षय-कटरीना**

सालों पहले अक्षय कुमार और कटरीना कैफ सलमान खान के शो ‘दस का दम’ पर पहुंचे थे. तब सलमान ने अक्षय से पूछा था कि, आपकी पैदाइश कहां की है ? इस पर अक्षय ने कहा, मैं दिल्ली का रहने वाला हूं. दिल्ली की पैदाइश है चांदनी चौक की. इस पर सलमान खान कहते हैं, शाहरुख खान भी वहीं के रहने वाले हैं.इस पर अक्षय कहते हैं, नहीं वो थोड़े आगे के हैं. वो जमना पार के हैं. मैं जमना पार के इस साइड का रहने वाला हूं.



## मां के पैर धोकर पानी पीने वाला सुपरस्टार, पैदा हुआ तो पिता ने गोद में लेने से कर दिया इनकार



बॉलीवुड में इस अभिनेता ने सुपरस्टार का दर्जा हासिल किया है. उनके पिता भी अपने जमाने के जाने-माने अभिनेता रहे और मां शास्त्रीय संगीत की जानकार थीं. एक्टर मां को काफी मानते थे और उनके और धोकर पानी पीते थे. लेकिन दूसरी ओर जब उनका जन्म हुआ तो पिता ने गोद लेने तक से इनकार कर दिया था. उन्होंने एक्टिंग, डांस और कॉमेडी तीनों से फैंस का दिल जीता है.

अब आप समझ गए होंगे कि यहां बात हो रही है सुपरस्टार गोविंदा की. गोविंदा आज किसी पहचान के मोहताज नहीं है. एक समय बॉलीवुड में उनकी तूती बोला करती थी. फिल्में उनके नाम से ही हिट हो जाती थीं. हर किसी के दिल पर उन्होंने राज किया. आज हम आपको गोविंदा से जुड़ा एक किस्सा बता रहे हैं जो हमेशा से ही काफी सुर्खियों में रहता है.

**गोद में लेने से किया था इनकार**

गोविंदा के पिता अरुण कुमार आहूजा ने निर्मला देवी से शादी की थी जो कि पहले मुस्लिम थीं. शादी के बाद उन्होंने अपना नाम और धर्म बदल लिया था. शादी के बाद निर्मला देवी अरुण कुमार के 6 बच्चे हुए. गोविंदा सभी भाई-बहनों में सबसे छोटे हैं. निर्मला और अरुण के घर 21 दिसंबर 1963 को गोविंदा ने जन्म लिया. गोविंदा की पैदाइश विरार की है.

बताया जाता है कि गोविंदा के जन्म से पहले ही प्रेग्नेंसी में गोविंदा की मां निर्मला देवी साध्वी बन गई थीं. हालांकि, उन्होंने गोविंदा के पिता को नहीं छोड़ा था. गोविंदा के माता-पिता साथ में ही रहते थे, लेकिन निर्मला ने अरुण से दूरी बना ली थी. ये बात अरुण को बिल्कुल पसंद नहीं आई. फिर जब गोविंदा का जन्म हुआ तो अरुण ने बेटे को गोद में लेने तक से मना कर दिया था. क्योंकि उन्हें लग रहा था कि गोविंदा के जन्म कारण ही निर्मला साध्वी बन गई. हालांकि बाद में जब उन्हें परिवार के लोगों ने अच्छे से समझाया तो वो मान गए थे.

**मां के पैर धोकर पानी पीते थी गोविंदा**

गोविंदा की मां ने एक साध्वी की तरह जीवन जीया तो उनके बेटे ने भी उन्हें उसी तरह का दर्जा और सम्मान दिया था. अभिनेता अपनी मां के पैर धोकर उस पानी को पीया करते थे. ये खुलासा गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा कई इंटरव्यू के दौरान कर चुकी हैं. मां के प्रति समर्पण और प्यार को देखते हुए सुनीता ये भी कह चुकी हैं कि उन्हें अगले जन्म में बेटा मिले तो गोविंदा जैसा मिले.

